


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 10 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 201, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित






ईवीएम के क्रमांक 3 पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं

PHIR EK BAAR MODI SARKAR अबकी बार 400 पार


# पलामू संसदीय क्षेत्र प्रगति के पथ पर अग्रसर

- पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना।
- पलामू में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना।
- पलामू में केन्द्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय की स्थापना।
- हुसैनाबाद में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति। निर्माण कार्य पूर्ण।
- भंडरिया में एकलव्य विद्यालय का निर्माण।
- पलामू में पासपोर्ट ऑफिस की स्थापना।
- उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) का जीर्णोद्धार कार्य, जिससे पलामू एवं गढ़वा जिले के 15000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मुहम्मदगंज तथा गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के किसानों की भूमि सिंचित होगा। मंडल भाग 2 का कार्य सम्पादन अंतिम चरण में है, जो पलामू संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। मुख्य मंडल डैम पर कार्य मुआवजे की राशि वितरित होने के बाद प्रारम्भ होगा। **कुल लागत 3458 करोड़**
- सोन एंव कनहर नदी से पानी लिफ्ट कर गढ़वा जिलें के किसानों के खेतो में पाईप के माध्यम से सिचांई एवं पेयजल की सुविधा प्रदान करने की योजना की स्वीकृति। **1272.52.62 (बारह सौ बहत्तर करोड़ बावन लाख बासठ हजार)** की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है।
- सोन, कोयल एवं औरंगा नदी से पानी लिफ्टकर के पलामू जिला के विभिन्न जलाशयों को भरने की योजना की स्वीकृति **456.40 (चार सौ छप्पन करोड़ चालिस लाख)** की लागत से बनेगी यह योजना।
- सोन नदी पर श्रीनगर-पंडुका के बीच पुल निर्माण की स्वीकृति। **204.94 (दो सौ चार करोड़ चैरानब्बे लाख)** की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारम्भ।
- NH-75 को 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति एवं गढ़वा बाईपास निर्माणाधीन। गढ़वा को मिलाकर NH-75 पर कुल 6 बाईपास के निर्माण सतबरवा, पोलपोल, स्थापना से झारखंड राज्य के बुनियादी ढांचें में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। राज्य सरकार को प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करने की आवश्यकता है।
- जपला छतरपुर सड़क निर्माण। **लागत 18 करोड़ 21 लाख 08 हजार।**
- शाहपुर-गढ़वा सड़क निर्माण।
- जपला-हैदरनगर-मुहम्मदगंज तक सड़क निर्माण। **लागत 109 करोड़ 95 लाख 24 हजार।**
- जपला-छतरपुर इमलीतर से सबानो बिहार बार्डर तक सड़क निर्माण। **लागत 138 करोड़ 44 लाख 96 हजार।**
- नई ट्रेन राँची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन प्रारम्भ।
- राँची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज, हैदरनगर एवं उंटारी रोड, स्टेशन पर करवाया।
- शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव रमना स्टेशन एवं भोपाल हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव गढ़वा टाउन स्टेशन पर करवाया।
- झारखंड स्वर्णजयंती एक्सप्रेस का परिचालन पुनः प्रारम्भ करवाया।
- मुहम्मदगंज बराज से Right Main Canal, Left Main Canal का निर्माण कार्य प्रगति पर। **लागत 96 करोड़**
- उपरी कररबार नहर सिंचाई योजना का निर्माण पूर्ण।
- जपला ROB का निर्माण। **लागत 48.25 करोड़**
- मुहम्मदगंज से सुण्डीपुर तक कोयल नदी कटाव रोकने हेतु गार्डवाल का निर्माण।
- मुहम्मदगंज स्थित कोयल नदी पर ब्रीज का निर्माण। **लागत 103 करोड़ 4 लाख 67 हजार**
- CRIF के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित चार महत्वपूर्ण पथों की स्वीकृति। (1) नगरउंटारी से धुरकी अम्बाखोरिया 24.90 किलोमीटर। **लागत 94 करोड 62 लाख** (2) मेराल-बाना-अम्बाखोरिया 36.725 किलोमीटर। **लागत 139.90 करोड़** (3) भजनिया से मुहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मुहम्मदगंज से दंगवार पथ) डालटेनगंज, रमना तथा श्री वंशीधर नगर की स्वीकृति। कार्य प्रारम्भ। **कुल लागत 4948 करोड़।**
- NH-98 पंडवामोड़ से हरिहरगंज तक 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति। **कुल लागत 1016 करोड़**
- पलामू जिला अन्तर्गत विश्रामपुर एवं रेहला वासियों को शुद्ध पेयजल हेतु विश्व बैंक की मदद से **लगभग 100 करोड़ रूपए** की लागत से विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजना की स्वीकृति प्रदान।
- चैनपुर प्रखंड के टेमराई एवं रानीताल जलाशय योजना की स्वीकृति एवं कार्य सम्पन्न।
- रजहारा कोलियरी को पुनः चालू करवाने की स्वीकृति प्रदान।
- पलामू जिला के ग्राम बारी एवं गढवा के ग्राम पुरेगड़ा में **20-20 मेगावाट** के सौरपार्क स्थापित करने की स्वीकृति।
- गढ़वा जिला अंतर्गत NH-343 अन्नराज घाटी की सड़क को सीधी एवं चैड़ी करने की लंबे समय से चली आ रही मांग की स्वीकृति। **लागत 16 करोड़।**
- एन.एच. के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में **1173.26 कि.मी.** सड़क का निर्माण हो चुका है और अनेकों सड़के निर्माणाधीन हैं।
- पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के फलस्वरूप गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDC) के तहत (Amritsar-Kolkata Industrial) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) स्थापित कराने की पहल की गई है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) की वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अघौरी एवं रानीदेवा तक 17.372 किलोमीटर। **लागत 62 करोड़** (4) कुटी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेडक्वार्टर तक 24.103 किलोमीटर। **लागत 81 करोड़** (5) सदर प्रखंड मेदिनीनगर में सिंगरा-चेड़ाबार के बीच रेलवे लाईन पर ROB की स्वीकृति। **लागत 84 करोड़**
- चैनपुर-सेमरा-लोहरसिमी से सलतुआ होते हुए मतौली मोड़ तक 21 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति। कार्य प्रारम्भ।

चौकड़ी, बैरांव, हुसैनाबाद ब्लॉक, मोहम्मदगंज में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण।

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शुद्ध पेय जल आपूर्ति हेतु **161 करोड़ रूपये** की योजना स्वीकृत। जुडको द्वारा शीघ्र कार्य प्रारम्भ किए जाने की आशा।

- दूरसंचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः पलामू में 34 एवं गढ़वा में 32 स्थानों पर बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) बी.एस.एन.एल. टावर लगाने की स्वीकृति।
- श्री बंशीधर नगर में अतिथिशाला का निर्माण।
- पलामू जिला के सदर प्रखंड स्थित ग्राम लहलहे में पावर ग्रीड की स्थापना।
- गढ़वा जिला के भागोडीह में पावर ग्रीड की स्थापना।
- श्री वंशीघर महोत्सव का आयोजन।
- NH-75 से चितविश्राम होते हुए धुरकी के गरदा सिवाना तक 22 किलोमीटर पथ निर्माण।
- गढ़वा रोड- चोपन रेल खण्ड पर गढ़वा रोड से महुअरिया (यू.पी.) तक नवनिर्मित दोहरे रेलवे लाइन **866 (आठ सौ छयासठ करोड़)** रूपये की लागत से कुल लम्बाई 66 कि.मी. का आदरणीय प्रधानमंत्री के द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया गया।
- गढ़वा जिला अंतर्गत श्री बंशीधर नगर में चयनित सांसद आदर्श ग्राम पंचायत गरबांध में NH-75 पर गरबांध-रोहनीय (MDR-138) पथ (कुल लंबाई **15.740 किलोमीटर)** कुल लागत (भू अर्जन सहित) हेतु **61,52,41,700 (एकसठ करोड़ बावन लाख एकतालीस हजार सात सौ)** रूपय की योजना को स्वीकृति मिली।



# विष्णु दयाल राम

## भाजपा प्रत्याशी 13-पलामू (अजा) संसदीय क्षेत्र, पलामू

## निवेदक- भारतीय जनता पार्टी, पलामू

## एक नजर

### थाना प्रभारी ने जागरूकता फ्लैग मार्च निकाला

**पाटन।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को मध्य नजर देखते हुए पाटन थाना प्रभारी लालजी कुमार व किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता के साथ-साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी ग्रामीण क्षेत्र के गांव में घूम लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। साथ में मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करने का प्रयास करेगा। तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई के साथ दर्जनों जवान शामिल थे।

### विधायक ने नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी मे विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निर्देशानुसार विधायक प्रतिनिधि रंजय ठाकुर ने नया ट्रांसफार्मर दिलवाया। बताते चलें कि लोहरसी के ग्रामीणों के द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को दी गई थी । विधायक ने इस बात को संज्ञान मे लेते हुए त्वरित कारवाई करते हुए प्रतिनिधि रंजय ठाकुर के माध्यम से ट्रासफार्मर उपलब्ध करवाया गया। ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के वजह से भीषण गर्मी मे लोहरसी के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, साथ ही विधार्थियों को पढ़ाई मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांसफार्मर नया लग जाने से ग्रामीणों के बिच में काफी खुशी का माहौल है।

### मो. इस्लाम हज के लिए मदीना शरीफ रवाना

**छतरपुर।** शहर मन्देया निवासी मो. इस्लाम अंसारी ने आज बैतूल मुकद्दस यानी हज करने के लिए मदीना शरीफ के रवाना हुए। बताया गया कि कोलकता से 12 मई को एयरपोर्ट से मदीना शरीफ के लिए रवाना होंगे। जियारत कर मक्का आएंगे , उसके बाद 27 जुलाई को वापस अपने मुल्क लौटेंगे। मो. इस्लाम अंसारी को फूल -माला देकर सरैडीह मोड़ से छतरपुर के लोग ने रवाना किया और अपने क्षेत्र के साथ-साथ मुल्क में भाईचारगी, अमन चैन और तरक्की के लिये दुआ करने की दरख्वास्त लगायी।

# ग्रामीणों ने 6 पशु तस्करों को किया पुलिस के हवाले

### 55 पशुओं को जिम्मेनामे पर पुलिस ने ग्रामीणों को सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार पंचायत व हुरलौंग पंचायत के ग्रामीणों ने 6 पशु तस्कर के साथ 55 मवेशियों को मुक्त कराया है। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा पांकी थाना को सूचना दी गई। मौके पर पांकी पुलिस पहुंचकर सभी मवेशी ले जाने के इच्छुक किसानों के बीच आधार कार्ड लेकर देख- रेख के लिए सौंप दिया है। जरूरत पड़ने पर किसानों से उक्त पशुओं को वापस करा लिया जाएगा। बता दें कि पांकी थाना पुलिस के हत्थे कई बार पशु तस्कर चढ़ चुके हैं, लेकिन पशु तस्कर पशुओं को तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे है। पशुओं को खदेड़ कर ले जा रहे रमुज मियां, इदरीस मियां के साथ चार अन्य तस्करों को ग्रामीणों ने पांकी पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं पांकी पुलिस ने सभी तस्करों को अपने साथ पांकी थाना ले गई है। वहीं रमुज मियां और इदरीस से पूछे जाने पर उन लोगों ने बताया कि कुल 55 मवेशी है, जिसमें 36 बैल और 19 भैंसे हैं। इनक कागजात मेरे पास नहीं है। पहले का बिना डेट लिखा हुआ रसीद है। जिसमें 4 मवेशी का ही जिक्र था। इसके आधार पर हमलोग खदेड़ कर मवेशियों को ले जाते है है। तस्करों ने बताया कि दो हफ्ते से बिना कागज के मवेशी ले जा रहे हैं। सभी ने बताया कि हम सभी आरिफ और महमुज के लिए काम करते है। इनलोग बिहार के रहने वाले हैं। हम सभी को एक मवेशी पर दो सौ रुपए मिलता है। वहीं पांकी थाना पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर स्थल पर पहुंच कर 55 मवेशियों के साथ 6 लोगों को पकड़ा गया हैं। सभी मवेशियों को इच्छुक किसान को जिम्मा दे दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि एक माह पूर्व पांकी पुलिस ने दर्जनों पशुओं को साथ कई तस्करों को पकड़ जेल भेजा था। इसके बावजूद पशु तस्कर अपने आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

# श्री परशुराम जन्मोत्सव मनाने के लिये रबदी गांव में बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** परशुराम सेना युवा वाहिनी पलामू परिवार के सौजन्य से रबदी गांव के देवी मंडप परिसर में परशुराम सेवा वाहिनी की बैठक हुई। बैठक में परशुराम सेना वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष सुशील तिवारी, सचिव आशुतोष पांडेय, कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय, मुकेश तिवारी, अमित पांडेय, विक्रांत त्रिपाठी, चन्दन तिवारी परशुराम परिवार ने जन्मोत्सव मनाने के लिये लोगो को आमंत्रित किया। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि शुक्रवार को रेड़मा में परशुराम मन्दिर में भव्य जन्मोत्सव मनाने के लिये परशुराम परिवार लाखों की संख्या में उपस्थित हो। परशुराम युवा वाहिनी गांव-गांव आमंत्रित कर रहा है। रबदी, चेतमा , अकरहा, मनिका आदि गांवों के सैकड़ों परशुराम युवा वाहिनी परिवार के लोगों बैठक में युवा वाहिनी के पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया ।बैठक में ब्राह्मण समाज के विनोद उपाध्याय, धीरेंद्र उपाध्याय, सवीन्द्र उपाध्याय, हरेन्द्र उपाध्याय, गणेश उपाध्याय, बच्चन उपाध्याय, बलराम दुबे, संजय उपाध्याय आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एनसीपी कार्यकर्ताओं ने वीडी राम को जीताने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनडीए के घटक दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत गुट के कार्यकर्ताओं की गुरुवार को तेंदुआ कला गांव समीप एनएच 98 किनारे स्थित मां शांति रेस्टोरेंट में बैठक हुई। वहीं प्रतिनियुक्त पलामू लोस चुनाव प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि इस बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह चुनावी कार्यों व्यस्तता से नहीं भाग ले सके हैं। विधायक ने कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन संबोधन में आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगने का दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि देश व लोकतंत्र की मजबूती के लिये नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना अत्यंत जरुरी है। इसके लिये उन्हें अपना बूथ मजबूत कर जीताना होगा। चुनाव प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सभी घरों में जाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धियां बताकर उनका वोट मांगने का काम करेंगे। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह व संचालन जनेश्वर भुइयां ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू सिंह, मनीष सिंह, अखिलेश मेहता, सरोज प्रसाद कुशवाहा, अजय सिंह, उदय सिंह, बबलू सिंह, रविंद्र सिंह, सुनील सिंह, रामू यादव, शिक्षक सुरेश सिंह, पिंटू सिंह, कान्हा सिंह, विनय पासवान, भगवती सिंह, युगेश सिंह, भोला सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, संतोष शर्मा, मनोज सिंह, चंचल सिंह, मुरारी यादव, लाखन सिंह, मुकेश, शम्भू, वसंत, सुनील सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### वीडी राम ने सराहनीय कार्य किया है : अमरनाथ

**मेदिनीनगर।** लोजपा के महासचिव अमरनाथ जायसवाल ने कहा है कि पलामू में आए दिन नक्सलियों के द्वारा अपहरण-फिरौती,लेवी विकास कार्य को अवरूद्ध करना नक्सली बंदी होना इस सबों पर लगाम अपने सर्विस के दौरान डीजीपी वीडी राम ने लगाया था। यह उनका सराहनीय योगदान है। उक्त बातें शाम पांच बजे के बाद रांची जाने के लिए लोग तरस जाते थे। साल में कितने लोग अच्छा इलाज नहीं होने पर पलामू में ही दम तोड़ देते थे। लोग बहुत जल्द भुल जाते हैं कि वीडी राम सांसद की लायी हुई पलामू प्रमंडल में पचास हजार करोड़ की योजना चलायी जा रही है। पीएम मोदी ने पलामू प्रमंडल में अत्याधिक कल्याण पिछड़ा जिला का दाग हटाने का भरपूर हटाने का प्रयास किया है। लोजपा, आजसू जदयू के लोग गठबंधन धर्म का पालन बखुबी निभा रहे हैं। लोजपा के लोग लगातार अपने लोगों के पास जा रही है ताकि वीडी राम को बहुमत से तीसरी बार सांसद बनायेंगे।

#### विधायक ने वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा

# पहले मतदान फिर जलपान करें मतदाता



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** लोकसभा चुनाव को लेकर पांकी प्रखंड के लोहरसी मंडल में गुरुवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता के द्वारा भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात फीता काट कर किया गया। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष बैठक भी की। उन्होंने सभी भाजपाइयों को निर्देश दिया कि वे सभी अपने गांव, मोहल्ले में हर घर जाकर मोदी सरकार भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां को बताते हुए मतदान करने की अपील करें। उन्होंने कहा कि इस बार घर-घर मोदी अभियान को सफल बनाते हुए 400 का आंकड़ा पार करना है। लोगों से पहले मतदान उसके बाद जलपान करने की अपील करें ताकि इस बार मतदान प्रतिशत में और अधिक वृद्धि हो। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, सतीश कुमार, विनोद प्रजापति, कमेश यादव, विजय ठाकुर, साधू मांझी, धर्मदेव, रौशन सिंह, शंकर प्रसाद ,कार्तिक सिंह, रामस्वरूप सिंह, आलोक कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी शाखा ने दो जगहों पर खोला पनशाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह द्वारा गुरुवार को दो जगहों पर पनशाला का पनशला खोला गया। जिसमे एक गूरी सरकारी स्कूल के पास चौक पर जबकि दूसरा पिपरा बस स्टैंड के पास खोला गया। दोनो जगहों पर पनशाला का उद्घाटन पंसस ओमप्रकाश पांडे ने परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम जी और परम पुज्य गुरुपद संभव राम बाबा जी के चित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़ कर किया गया। समूह के वरिष्ठ सदस्य राम लखन पांडेय ने कहा कि जरूरतमंद लोगों का सेवा कार्य ही सर्वेश्वरी समूह का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर हलकानी राम, राम लखन पांडेय, चंद्रदेव साव, जवाहिर साव, हीरा लाल साव, संजीत कुमार मिश्रा, साहेब राम,विनोद पांडेय, वार्ड सदस्य विजय यादव, राजेंद्र सिंह, डा.खुर्शीद आलम, दिनेश चौधरी, रामनाथ चौधरी, नारायण विश्वकर्मा, राधा यादव, सतन चौधरी, योगेंद्र गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के पक्ष में है लहर : धनंजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने कहा है कि पलामू लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां की पक्ष में लहर चल रही है। क्षेत्र की जनता बदलाव की मन बना चुकी है। कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने शहर के जपला छठपोखरा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा पीछले दस सालों के अंदर उनके पास झूठ बोलने की शिवा कुछ नहीं है। वह देश में तानाशाही रवैया अपना रहें हैं, संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। अच्छे दिन की बात करने वाले इस सरकार को जनता जान चुकी है। जनता भी गोलबंद हो चुकी है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत व ईमानदारी के साथ



अपने-अपने क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में पूरी निष्ठा के साथ लोगों से मिलकर वोट देने की लोगों से अपील कर रहें है। लोगों को समर्थन भी मिल रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर तिवारी, सैयद मशरूर अहमद, रघूराई यादव, अवध बिहारी सिंह, शैलेश कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, गुप्तेशर पांडेय, अंबिका सिंह, अखिलेश समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भौराहा पहाड़ से युवती का नर कंकाल बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के पिडराही पंचायत के टुई सूर्य मंदिर के समीप भौराहा पहाड़ पर एक लड़की की नर कंकाल छतरपुर पुलिस ने बरामद किया। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि गांव वाले सूचना दिया कि भौराहा पहाड़ पर चिलबिल के पेड़ में नर कंकाल लटका हुआ है। थाना प्रभारी राजेश रंजन, एसआई इंद्रजीत राणा, एसआई रेवा शंकर राणा ने घटनास्थल पर पहुंच देखा कि गर्दन में दुपट्टा लगा हुआ है और सिर में लंबे बाल हैं। गला में ताबीज, कानबाली बाकी शरीर का सभी हिस्सा कंकाल में तब्दील हो गया है। घटना स्थल पर एसआई इंद्रजीत राणा, और रेवा शंकर राणा पेड़ से नर कंकाल को उतरवाकर कब्जे में ले लिया। इधर, गांव वालों ने बताया कि खेन्द्र खुर्द के बेलवा ठंड बिरजू भुईया के पुत्री विगत एक माह से लापता है। समाचार लिखे जाने तक उक्त कंकाल का पहचान नहीं हो सकी है। छतरपुर पुलिस मामले की छान-बीन में जुट गयी है।

# विधायक पुष्पा देवी ने वीडी राम के पक्ष में किया जनसंपर्क अभियान तेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पलामू लोकसभा का चुनाव का मतदान की तारीख 13 मई को मतदान होने वाला है। प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर दम खम दिखा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में पाटन छतरपुर विधानसभा विधायक पुष्पा देवी ने पाटन के विभिन्न गांव में दौरा कर कमल छाप में वोट देने की अपील की। विधायक के द्वारा सुदूरवर्ती महूलिया पंचायत के बगैया, बासाबार, पोखरी, नावाखास गांव में जनसंपर्क अभियान में भाग लिया। जनसंपर्क अभियान में विधायक पुष्पा देवी ने लोगों को नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। विधायक ने कहीं की इस बार भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से विजयी बनाना है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह, अशोक तिवारी, आनंद सिंह, जिलेन्द्र यादव, सुजाता सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद रहे।

#### सड़क के मुद्दे पर चुनाव का किया था बहिष्कार, अब मतदान करने का लिया संकल्प

# जमारी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय बदला

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का अपना निर्णय बदल दिया है। ग्रामीणों का यह बदलाव बैठक करने के बाद लिया है। यहां बताते चलें कि जमारी गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से सड़क मार्ग द्वारा नहीं जुड़ा हुआ है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ प्रदर्शन करते हुए इस बार लोक सभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का फैसला लिया था। जिसका खबर राष्ट्रीय नवीन मेल सहित अन्य दैनिक



अखबारों ने छः मई के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित भी किया था। इसके बाद ग्रामीणों को बुद्धिजीविओं ने वोट की महत्व को समझाया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना निर्णय बदल लिया। भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने भी ग्रामीणों को समझाया। वहीं गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का आश्वासन भी दिया। कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम के तीसरी बार जीतते ही गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने का पहल और प्रक्रिया शुरू हो जायेगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का फैसला बदल दिया। इतना ही नहीं यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मतदान करने का संकल्प भी लिया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# घर- घर जाकर वीडी राम के पक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांगा वोट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में घर घर तक पर्चा वितरण कर आगामी 13 मई को खुलकर मतदान करने को प्रेरित करने में जुटे हैं। इसमें शामिल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, विनोद पांडेय, आलोक सिंह, आनंदी पासवान, दिनेश पाल, सुरेश पासवान आदि ने मतदताओं से संपर्क कर मतदान के दौरान आने वाली परेशनी को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्ष के लिये लोकहित व राष्ट्रहित में उनका एक एक मत देश की मजबूती में काम आयेगा। गांव के कोई मतदाता मताधिकार करने से नहीं चूके, इसका पंचायत प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध लोगों को भी सजगता से मतदान कराने की जरुरत है। इस क्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोहम्मदगंज के इमलियाटीकर, पांती, भीतरपांती व हैदरनगर के सिंघना, कोसीआरा, तारा व रमजीता आदि गांवों में ग्रामीणों से मिलकर मतदान के प्रति प्रेरित किया।




ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 10 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 201, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 72,404.17 ▲ -1,062.22
डॉलर 83.453 ▼ -0.013

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 71,790
चांदी (1 किलो) 84,420

## एक नजर

### बड़ी बहन अंजलि के नामांकन में कल्पना सोरेन हुई शामिल

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की बड़ी बहन अंजलि सोरेन के नामांकन कार्यक्रम में कल्पना सोरेन शामिल हुई। उनके साथ सीएम चंपई सोरेन भी मौजूद रहे। अंजलि सोरेन ओड़िशा के मयूरभंज लोकसभा सीट से झामुमो के चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं। 2019 में भी अंजलि सोरेन लोकसभा चुनाव लड़ी थी और करीब 1लाख 35 हजार से अधिक मत लाकर तीसरे स्थान पर रही थी। उनका मुकाबला भाजपा के नवा चरण मांझी और बीजद के सुदाम मरांडी से होगा।

### हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 को सुनवाई

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में हेमंत सोरेन की याचिका 3 मई को खारिज कर दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि उपलब्ध दस्तावेजों के मुताबिक यह मानना संभव नहीं है कि ईडी ने याचिकाकर्ता के खिलाफ बिना किसी कारण के कार्रवाई की है। सोरेन ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बीते सोमवार को सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। सिब्बल ने मांग की कि राज्य में 13 मई को होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए जेएमएम के नेता को रिहा किया जाए।

### आज के मैच

GUJARAT TITANS VS CHENNAI SUPER KINGS

**समय : 10 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : धर्मशाला**




---

हैदरनगर-पंसा सड़क की जर्जर हालत से क्षुब्ध ग्रामीणों ने 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे लगाए

# आक्रोशित लोगों ने वोट बहिष्कार करने की दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज/हुसैनाबाद।** झारखंड के दूसरे सबसे लंबे पुल को जोड़ने वाली हैदरनगर-पंसा की सड़क की जर्जर हालत और बदहाल स्थिति से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण पंसा स्थित मध्य विद्यालय के परिसर में इकट्ठे होकर 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाते हुए वोट बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। मालूम हो कि प्रखंड के रामबांध और पंसा पंचायत के ग्रामीणों ने सड़क की बदहाल स्थिति से कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया, किन्तु इसके बावजूद जब जिला प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो प्रभावित आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने आंदोलन किया था। ग्रामीणों ने इस संबंध में बताया कि यह सड़क दो जिला के अलावे दो राज्यों को भी जोड़ने वाली सड़क है। फिर भी 12 किलोमीटर सड़क पर आने



जाने के लिए घंटों मशक्कत कर गांव के लोग अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सबसे अधिक परेशानी बच्चों को विद्यालय जाने व मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी होती है। इस क्षेत्र में मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। लोगों का कहना है कि आखिर इस क्षेत्र की जनता का क्या कसूर है कि सड़क निर्माण के लिए अब तक किसी जनप्रतिनिधि या प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब बार-बार वोट देने के बाद भी समस्याओं के मकड़जाल में ही रहना है तो फिर वोट देने से क्या फायदा? पंसा गांव के वोट बहिष्कार से रामबांध पंचायत के ग्रामीण प्रभावित न हो जायें। इसको लेकर कई दल सशंकित हैं।

### ग्रामीणों से मिलकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करेंगे : विनोद



**मोहम्मदगंज।** पलामू जिला के मोहम्मदगंज प्रखण्ड के पंसा गांव के ग्रामीणों के 'रोड नहीं तो वोट नहीं' की आवाज बुलंद होने के बाद राजनीतिक दलों में बेचैनी हो गई है। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मोहम्मदगंज प्रखंड के पंसा गांव के ग्रामीण काफी जागरूक है, वे वहां के ग्रामीणों से मिलकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील करेंगे। सिंह ने कहा कि पलामू सांसद के प्रयास से सेंट्रल रोड फंड से हैदरनगर पंसा पथ के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। केंद्र में पुनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद तुरंत सड़क निर्माण की प्रक्रिया होगी और कार्य प्रारंभ होगा। सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गांव के ग्रामीणों से मताधिकार करने के लिए सकारात्मक बात हो रही है। राकांपा के प्रखण्ड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण के द्वारा हैदरनगर पंसा मुख्य पथ के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए दिसम्बर 2023 में ही निविदा हो गई है। लोकसभा चुनाव के बाद तुरंत कार्य प्रारंभ होगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह सहित सभी लोगो ने पंसा गांव के ग्रामीणों से मताधिकार की अपील की है।

---

डिग्री कॉलेज तरहसी में हुई नैक कार्यशाला

# छात्रों को क्लास के लिए प्रेरित करें : प्रो. अमित

**नवीन मेल संवाददाता**
**तरहसी।** सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज तरहसी मे गुरुवार को वाणिज्य विभाग तथा



समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय नैक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो. धर्मेन्द्र कुमार द्वारा की गई। इस कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य प्रवक्ता प्रो .अमित कुमार सिंह विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग एवं प्रो. अखिलेश कुमार सिंह विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा छतरपुर प्रो. धर्मेन्द्र कुमार एवं प्रो.राजकुमार, प्रो.अंजनी नंदन पाठक , प्रो. अर्चना कुमारी द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित की गई। कार्यशाला के दौरान मुख्य प्रवक्ता प्रो. अमित कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय को एनएएसी कराने के लिए हमे विभिन्न बिंदुओं पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। छात्र एवं शिक्षकों के बीच नजदीकियां बनाते हुए बच्चों को क्लास करने के लिए प्रेरित करें, जिससे छात्र लोग को अपने विषय एवं सिलेबस के बारे में पूरी जानकारी हो सके। शिक्षक अपने विषय से संबंधित सभी तरह के दस्तावेज पूर्ण करें। ताकि उनका प्रजेटेशन कार्य को पूर्ण किया जा सके। प्रवक्ता प्रो.अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय को एनएएसी कराने के लिए सभी कार्मिकों को आपस में मिलजुल कर आपसी ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

---

चपकली गांव से लौट रहे थे, धानी सोरया में हादसे का हुए शिकार

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पिता-पुत्र को रौंदा, घटनास्थल पर मौत

### बच्ची की जान बची, शादी का माहौल मातम में तब्दील

**नवीन मेल संवाददाता**
**चिनिया।** थाना क्षेत्र के चपकली गांव के धानी सोरया में गुरुवार को लगभग एक बजे ट्रैक्टर दुर्घटना में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि उक्त घटना में 5 वर्षीय बच्ची बाल -बाल बच गई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में घटना स्थल पर काफी संख्या में लोग पहुंच गए। वहीं चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शव को एंबुलेंस से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। घटनास्थल पर मौजूद परिजनों ने बताया कि मृतक 55 वर्षीय सोभनाथ राम व उनका पुत्र



30 वर्षीय महेंद्र राम हरदाग रमना गांव के निवासी थे। सोभनाथ व पुत्र महेंद्र अपने ससुराल चपकली गांव अपने रिश्तेदार राजेश राम के लड़के के शादी में समारोह में भाग लेने आए हुए थे। वे समारोह समाप्त होने के बाद वापस अपने घर बाइक से हरादाग जा रहे थे। वे घर से कुछ दूर ही चले थे कि धानी सोरया नामक स्थल पर कनहर नदी से अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर उनको रौंदते हुए भाग गया। इस घटना में पिता-पुत्र दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मृतको के साथ जा रही 5 वर्षीय बच्ची बाल-बाल बच गई। वहीं ट्रैक्टर कुछ ही दूरी पर ले जाकर बालू को जंगल में अनलोड कर घटना स्थल से चालक ट्रैक्टर को लेकर ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

### एक वर्ष में दुर्घटना में आधे दर्जन लोगों ने गवांयी हैं अपनी जान

बताते चलें कि अब अभी तक क्षेत्र में 1 साल के अंदर लगभग आधे दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। ट्रैक्टर से अवैध बालू धुलाई करने वाले ट्रैक्टरों की रफ्तार काफी तेज गति होती है तथा पकड़ने के डर से जल्दी-जल्दी में चालक द्वारा गाड़ी को भगाया जाता है। जिससे हमेशा दुर्घटना होते रहती है। गुरुवार को ट्रैक्टर दुर्घटना में दो लोगों की मौत से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर की पहचान की जा रही है।

---

# हर सिग्नेचर पर होगी वसूली तो कैसे आएगा निवेश : सीतारमण

- झारखंड में जंगल राज शुरू, दीवार से पाताल तक मिल रहे कैश
- रंगदारी की रकम नहीं देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को राजधानी के एक होटल में पूर्वी भारत : विकसित भारत के लिए उन्नति का इंजन विषयक संवाद में प्रबुद्ध लोगों से मुखातिब थीं। ठीक इसी समय राजधानी में झमाझम बारिश हो रही थी। इसी तर्ज पर संवाद की शुरूआत करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि आज झारखंड में भ्रष्टाचार का गहरा असर है, यहां हर तरफ नोटों की बारिश हो रही है। बात आगे बढ़ाते हुए वित्त मंत्री ने राज्य की लचर शासन व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल उठाए। भ्रष्टाचार में लगातार बड़े अधिकारियों की संलिप्तता के खुलासे और उन्हें प्राप्त मंत्रियों के संरक्षण की ओर इशारा करते हुए कहा कि यहां हर सिग्नेचर के लिए पैसे की वसूली होती है, ऐसे में निवेश कैसे आएगा। यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि रंगदारी की रकम न देने पर व्यवसायियों की ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर



### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ये भी कहा

**मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता :** उन्होंने कहा कि देश के 40 फीसदी खनिज भंडार वाले झारखंड में बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता है, लेकिन जब यहां हर सिग्नेचर पर पैसे की वसूली होगी तो निवेशक कैसे आएंगे? कानून-व्यवस्था खराब होगी तो यह कैसे संभव है?

**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप 5 पर था झारखंड :** पहले झारखंड ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में टॉप 5 पर था। लोग हैरान थे कि दिल्ली मुंबई जैसे शहरों के बीच कैसे अपना स्थान बना लिया, लेकिन आज झारखंड इस मामले में कहां है किसी को नहीं पता।

**मिनरल्स पर पूरी तरह से निर्भर होना बंद करना पड़ेगा :** हमें केवल मिनरल्स पर भी पूरी तरह निर्भर होना बंद करना पड़ेगा। हमें अन्य संसाधनों को भी विकसित करना होगा। बेसिक ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

---

# मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव की पत्नी रीता पहुंची ईडी कार्यालय, पूछताछ शुरू

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन मिलने के बाद मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की पत्नी रीता लाल गुरुवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची है। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। ईडी रीता से पति संजीव के बारे में जानकारी लेगी और यह भी जानने की कोशिश करेगी कि उनके घर पर किसका-किसका आना था। रुपये कहां से आते थे, कौन लाता था, रुपयों के बारे में संजीव लाल ने अपनी पत्नी को क्या-क्या जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि पति संजीव कुमार लाल के सामने बिठाकर ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35. 23 करोड़ रूपया बरामद किया था। मामले में ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था। ईडी दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। आठ मई को संजीव लाल को लेकर ईडी की टीम झारखंड मंत्रालय प्रोजेक्ट भवन पहुंची थी। दूसरे तल्ले पर स्थित मंत्री कोषांग में संजीव के चेंबर को खंगाला था। वहां ड्रोवर से 1.75 लाख रुपए कैश मिले थे।

---

# 4 जून के बाद केंद्र में बनेगी इंडी गठबंधन की सरकार : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**
**चाईबासा।** झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने दावा किया है कि 4 जून के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही केंद्र के पास झारखंड के हिस्से का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की रकम मिल जाएगी। इससे झारखंड की विकास योजनाओं को और गति मिलेगी। सोरेन गुरुवार को सिंहभूम लोकसभा सीट पर झामुमो की प्रत्याशी जोबा मांझी के



समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोल्हान प्रमंडल की धरती पर हो रहे इन कार्यक्रमों में जो जन-समर्थन इंडिया गठबंधन को मिल रहा है, वह ना सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने भाजपा पर राज्य की खनिज संपदा की लूट में सहभागी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई दशकों के आंदोलन के बाद जब झारखंड राज्य बना तो यहां के आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों की उम्मीदें जगी। लेकिन, अफसोस, यहां अधिकतम समय तक राज करने वाली भाजपा ने सिर्फ राज्य ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

---

# प्रधानमंत्री कल, अमित शाह और राजनाथ सिंह आज आयेंगे झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** लोकसभा चुनावों में भाजपा स्टार प्रचारकों के माध्यम से ताकत दिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। झारखंड की धरती पर प्रधानमंत्री मोदी 11 मई को चतरा में पार्टी उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी पलामू में भाजपा उम्मीदवार वीडी राम के पक्ष में जनसभा कर जनता और कार्यकताओं में जोश भर चुके हैं। प्रधानमंत्री पहले 15 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे। वे गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के पेसम अरवाड़ मैदान में एनडीए के घटक दल आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 मई को झारखंड दौरे पर रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री 10 मई को खूंटी में भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की चुनावी सभा में शामिल होंगे। इसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राज्य में कई कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे बोकारो में आयोजित चुनावी सभा को ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

---

## इंडिया

# घास की रोटी खाने वाले महाराणा को महान जनता मानती है, सत्ता नहीं



सुनील बादल

**वीर** भूमि भारत का इतिहास देश पर मर मिटने वालों रहा है और महाराणा प्रताप भी वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक थे जिन्हें राजस्थान के लोकगीतों से लेकर वहां के धरोहरों में संजों कर रखा गया है। जयपुर के चोखी ढाणी में जब विश्व भर के पर्यटक वहां की कला संस्कृति के साथ राजस्थानी व्यंजनों के अलावा महाराणा प्रताप से जुड़े प्रसंगों को देखते हैं तब उन्हें इतिहास के अनेक अनछुए प्रसंगों का पता चलता है जिन्हें सत्ताधारियों ने दबा कर देश के शेष हिस्से को अनजान रखा था।वहां प्रदर्शित किया गया है कि राजस्थान के जनजातीय समुदाय के सक्रिय सहयोग के बिना उन्हें सफलता नहीं मिलती ।जंगल और हल्दीघाटी के युद्ध में उनकी भूमिका थी जिस कारण उनके झंडे में आधा हिस्सा उनका था तो दिल खोलकर धन उपलब्ध कराने में भामाशाह की उदारता मशहूर है। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे-बड़े अनेक राज्य रहे जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना एक विशिष्ट स्थान है जिसमें इतिहास के गौरव बप्पा रावल, खुमाण प्रथम महाराणा हम्मीर, महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा, उदयसिंह और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने जन्म लिया है।सवाल यह उठता है कि महानता की परिभाषा क्या है। अकबर हजारों लोगों की हत्या करके महान कहलाता है और महाराणा प्रताप हजारों लोगों की जान बचाकर भी महान नहीं कहलाते हैं।

मेवाड़ के महान राजपूत नरेश महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसा राजपूत सम्राट जिसने जंगलों में रहना पसंद किया लेकिन कभी विदेशी मुगलों की दासता स्वीकार नहीं की। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया।

महाराणा प्रताप जिस घोड़े पर बैठते थे वह घोड़ा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। महाराणा प्रताप तब 72 किलो का कवच पहनकर 81 किलो का भाला अपने हाथ में रखते थे।भाला और कवच सहित ढाल-तलवार का वजन मिलाकर कुल 208 किलो का उठाकर वे युद्ध लड़ते थे। मेवाड़ को जीतने के लिए अकबर ने कई प्रयास किए। अकबर चाहता था कि महाराणा प्रताप अन्य राजाओं की तरह उसके कदमों में झुक जाए। महाराणा प्रताप ने भी अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया था। अजमेर को अपना केंद्र बनाकर अकबर ने प्रताप के विरुद्ध सैनिक अभियान शुरू कर दिया। महाराणा प्रताप ने कई वर्षों तक मुगलों के सम्राट अकबर की सेना के साथ संघर्ष किया। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए महाराणा प्रताप ने वीरता और शौर्य का परिचय दिया।



प्रताप की वीरता ऐसी थी कि उनके दुश्मन भी उनके युद्ध-कौशल के कायल थे। उदारता ऐसी कि दूसरों की पकड़ी गई मुगल बेगमों को सम्मानपूर्वक उनके पास वापस भेज दिया था। इस योद्धा ने साधन सीमित होने पर भी दुश्मन के सामने सिर नहीं झुकाया और जंगल के कंद-मूल खाकर लड़ते रहे। माना जाता है कि इस योद्धा की मृत्यु पर अकबर की आंखें भी नम हो गई थीं। अकबर ने भी कहा था कि देशभक्त हो तो ऐसा हो। अकबर ने कहा था, 'इस संसार में सभी नाशवान हैं। राज्य और धन किसी भी समय नष्ट हो सकता है, परंतु महान व्यक्तियों की ख्याति कभी नष्ट नहीं हो सकती। पुत्रों ने धन और भूमि को छोड़ दिया, परंतु उसने कभी अपना सिर नहीं झुकाया। हिन्द के राजाओं में वही एकमात्र ऐसा राजा है जिसने अपनी जाति के गौरव को बनाए रखा है।' अपनी विशाल मुगलिया सेना, बेमिसाल बारूदखाने, युद्ध की नवीन पद्धतियों के जानकारों से युक्त सलाहकारों, गुप्तचरों की लंबी फेरहिस्त, कूटनीति के उपरांत भी जब तुर्क बादशाह अकबर समस्त प्रयासों के बाद भी महाराणा प्रताप को झुकाने में असफल रहा तो उसने आमेर के महाराजा भगवानदास के भतीजे कुंवर मानसिंह को विशाल सेना के साथ डूंगरपुर और उदयपुर के शासकों को अधीनता स्वीकार करने हेतु विवश करने के लक्ष्य के साथ भेजा। मानसिंह की सेना के समक्ष डूंगरपुर राज्य अधिक प्रतिरोध नहीं कर सका।

इसके बाद कुंवर मानसिंह महाराणा प्रताप को समझाने हेतु उदयपुर पहुंचे। मानसिंह ने उन्हें अकबर की अधीनता स्वीकार करने की सलाह दी, लेकिन प्रताप ने दृढ़तापूर्वक अपनी स्वाधीनता बनाए रखने की घोषणा की और युद्ध में सामना करने की घोषणा भी कर दी। मानसिंह के उदयपुर से खाली हाथ आ जाने को बादशाह ने करारी हार के रूप में लिया तथा अपनी विशाल मुगलिया सेना को मानसिंह और आसफ खां के नेतृत्व में मेवाड़ पर आक्रमण करने के लिए भेज दिया। आखिरकार 30 मई ई.सं. 1576, बुधवार के दिन प्रातःकाल में हल्दी घाटी के मैदान में विशाल मुगलिया सेना और रणबांकुरी मेवाड़ी सेना के मध्य भयंकर युद्ध छिड़ गया। मेवाड़ के वीर यशस्वी महाराणा प्रताप ने कभी मुगलों के इस छद्म चेहरे की अधीनता स्वीकार नहीं की। अकबर ने उन्हें समझाने के लिए चार बार शांति दूतों को अपना संदेशा लेकर भेजा था लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर के हर प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया था। महाराणा प्रताप के लिए गाड़िया लोहारों ने छोड़ दिया था घर, दीया न जलाने, खाट पर न सोने की खाई थी कसम।गाड़िया लोहार 16वीं शताब्दी के आसपास चित्तौड़गढ़ के राजा महाराणा प्रताप की सेना में लोहार का काम करते थे। लोहा से हथियार बनाने में माहीर गाड़िया लोहार शानदार कारीगर माने जाते थे। वे राजा की सेना के लिए ढाल, तलवार और अन्य हथियार बनाया करते थे।उन्होंने इस महान वीर को जन्मदिवस पर न सिर्फ समरोहपूर्वक श्रद्धांजलि दी बल्कि अपने बच्चों को भी प्रेरित किया। ऐसा सम्मान दुर्लभ है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में यह संकल्प लें कि आगामी 13 मई को अपने नजदीकी मतदान केन्द्रों पर जाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोटिंग जरूर करेंगे।

**लालजी कुमार, थाना प्रभारी, पाटन।**

## चोरी की घटना के बाद शहर थाना की पुलिस अलर्ट

मेदिनीनगर। शहर के बाजार क्षेत्र में लगातार दो बार हुई चोरी की घटना को लेकर शहर थाना की पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। बुधवार की रात 12 बजे शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार खुद बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बाजार में तैनात पुलिस के जवानों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति बाजार क्षेत्र में घूमता हुआ मिले तो उससे जरूर पूछताछ करें। थाना प्रभारी ने चोरी की घटना के बाद बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों से आग्रह किया है कि सभी अपनी-अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाए और उसे सुचारू रूप से चालू रखें। ताकि चोरी की घटना होने पर चोर आसानी से पकड़े जाए। वही लगातार चोरी की घटना के बाद से पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए हर तरह से प्रयास कर रही है। वही मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी ने कहा कि चोर को पकड़ने के लिए बाजार में कुछ पुलिस के जवानों को भी लगाया गया है।

## मानसिक तनाव में आकर छात्र ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा में बुधवार की शाम एक 21 वर्षीय युवक विनय कुमार भोक्ता ने मेदिनीनगर बारालोटा निवासी राधाकृष्ण दुबे के किराए के मकान में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर आस पास के लोगो से घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जहां परिजनों का रो-रो कर बेहाल हाल था।

# चुनाव ड्यूटी में चियांकी जा रहे थे सड़क दुर्घटना में होमगार्ड जवान की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के तोलरा गांव निवासी होमगार्ड के जवान विधान चंद्र तिवारी उम्र 58 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम विधान चंद्र तिवारी चुनाव ड्यूटी में चियांकी जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में शहर थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक स्थित बड़ा तालाब के पास वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। धक्का लगने के बाद गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसके बाद अस्पताल के स्टाफ द्वारा इस घटना की जानकारी घायल परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपनी देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे थे। इसी बीच इलाज के क्रम में बीती रात विधान चंद्र तिवारी की मौत हो मौत हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार की सुबह शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से पुलिस अज्ञात वाहन की खोजबीन में जुट गई है।



## थाना प्रभारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लोगों को किया जागरूक



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने गुरुवार को मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगो से शांति पूर्ण मतदान के लिए आग्रह किया। चुनाव संबंधी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि चुनाव में यदि कोई गड़बड़ी करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस जवानों को सभी मतदान केन्द्रों पर प्रवेश व निकास के रास्ते का उचित प्रबन्ध व आने-जाने के रास्तों को जांच करते हुये मतदाताओं की सुविधा के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी मतदान केन्द्रों पर चुनाव आयोग से प्राप्त आदेशों-निदेशों का भली-भांति पालन करने व माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर निरोधात्मक कार्यवाही करने के लिए दिशा-निर्देश दिया। मौके पर आईआरबी के जवान, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह,रोहित कुमार,रामजी दास,विनोद यादव, सहायक पुलिस के जवान प्रफुल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात थे।

## एक नजर

### इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां की है लहर : धनंजय

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने कहा है कि पलामू लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां की पक्ष में लहर है। उन्होंने शहर के जपला छठपोखरा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा के पास पिछले दस सालों से झूठ बोलने की सिवा कुछ बचा नहीं है। साथ ही देश में तानाशाही रवैया अपनाने व संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। अच्छे दिन की बात करने वाले इस सरकार को जनता जान चुकी है। कांग्रेस कार्यकताओं ने पूरी ताकत व ईमानदारी से अपने क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में लोगों से मिलकर वोट देने की अपील कर रहे हैं।

# आईएससी की फेल छात्राओं ने डीईओ का किया घेराव

## इंटर विज्ञान की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्राओं में असंतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आईएससी की फेल छात्राओं ने गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा का उनके कार्यालय कक्ष में घेराव किया। छात्राएं दो शैक्षणिक संस्थाओं ने सबद्ध थी। जिनमें एक केजी गर्ल्स हाई स्कूल जो अब राज्यकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के नाम से जाना जाता है। यह विद्यालय मुख्यमंत्री के उत्कर्ष विद्यालयों में से एक है। इस विद्यालय में इस वर्ष झारखंड अधिविद्य परिषद के द्वारा ली गई आईएससी की परीक्षा में 45 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, लेकिन 45 छात्राओं में से 38 अनुत्तीर्ण हो गई। इनमें से बहुत सी लड़कियां एक विषय में अनुत्तीर्ण हुई है। अनुत्तीर्ण छात्राओं के योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज की भी अनुत्तीर्ण छात्राएं भी आई थी। योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ मोहिनी गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष झारखंड अधिविद्य परिषद की आईएससी की परीक्षा में उनके कॉलेज के 384 लड़कियों ने आईएससी की परीक्षा दी थी। इनमें से 171 अनुत्तीर्ण हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि अनुत्तीर्ण होने वाली छात्राओं में एक अच्छी खासी संख्या उन छात्राओं की है, जिन्होंने प्रैक्टिकल और आंतरिक परीक्षा दी ही नही, बल्कि सीधे थ्योरी पेपर में बैठ गई। ऐसी स्थिति में जब उन्होंने आंतरिक और प्रैक्टिकल की परीक्षा नहीं है तो पास होने का सवाल ही नहीं है।

### छात्राओं की समस्या को झारखंड अधिविद्य परिषद के सचिव को बता दी गई है : झा



इस संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी झा ने बताया कि ये बच्चे उनके चेंबर में अपने रिजल्ट के बारे में जानकारी चाह रही थी। झा ने बताया कि उन्होंने अनुत्तीर्ण छात्रों के विश्वास दिलाते हुए कहा कि उनकी बात को झारखंड अधिविद्य के सचिव को बता दी गई है। झा ने बताया कि झारखंड झारखंड अधिविद्य के सचिव ने उन्हें आश्वस्त किया है कि वे इस सिलसिले में झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष से बात करेंगे और जल्दी इन छात्रों के संबंध में कोई नियम संगत फैसला लिया जा सकता है। इस सिलसिले में मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुण शंकर ने भी झा के कार्यालय में पहुंचकर अनुत्तीर्ण छात्रोंओं की तरफ से सिफारिश की। झा ने बताया कि पूर्व ने अपनी पूरी सहानुभूति इन अनुत्तीर्ण छात्रों के प्रति दिखाते हुए शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि उनके रिजल्ट से संबंधित कार्रवाई को और तेज कर किसी नतीजे पर पहुंचने की कोशिश जल्द से जल्द की जाए ताकि जो छात्राएं अनुत्तीर्ण हो गई है और अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। उन्हें इस चिंता से उबारा जाये।

## पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**सतबरवा।** थाना अन्तर्गत सदर प्रखण्ड के दुबियाखाड़ के निकट गुरुवार को एक मवेशी से लदा पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पिकअप में 6 गाय और 2 बाछी लदे हुए थे। इस दुर्घटना में तीन पशुओं की मौके पर मौत हो गई। मृत पशुओं में एक गाय और 2 बाछी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही सतबरवा थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी सतबरवा डॉ. तौफीक अहमद, प्रखण्ड पशु पालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर डॉ. अनुप विलियम लकड़ा, सहयोगी राजा राम, सुरेश विश्वकर्मा मौके पर घायल पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा की गई। थाना प्रभारी के निर्देश पर घायल पशुओं को खामडीह मनोरमा गोपाल गौसेवा आश्रम में शिवेंदु वर्मा की देख रेख में सौंपा गया।

### डीएवी आईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव शुरू

# चार विद्यार्थियों का बहुराष्ट्रीय कंपनी में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार आठ मई को डीएवी आईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत आर.जे सोलर बहुराष्ट्रीय कंपनी के द्वारा कॉलेज के चार विद्यार्थियों का चयन किया गया। यह कंपनी सामान्यतः सोलर प्लेट,उपकरण और संबधित उत्पाद का निर्माण करती है। कॉलेज परिसर में आयोजित वर्चुअल कैंपस में कालेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्रों को शामिल किया गया। आर जे सोलर की एच आर मैनेजर नेहा मौर्या ने तीन चरणों में सभी छात्रों का इंटरव्यू लिया और क्वालिटी के आधार पर सिर्फ चार छात्रों का चयन किया। इन चार छात्रों में लव कुमार,मनीष कुमार और आकाश कुमार (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) और राकेश कुमार गुप्ता(मैकेनिकल इंजीनियरिंग) से चुने गए हैं। इस प्लेसमेंट ड्राइव के लगातार आयोजन से सभी छात्रों में खुशी की लहर है। प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्रों को शुभकामनाए दी और कहा कि कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इसी तरह जारी रहेगा, जब तक की कॉलेज में शत प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट न हो जाए। कॉलेज में प्लेसमेंट का सिलसिला जारी है और पिछले माह से लेकर अभी तक 60 छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया की कॉलेज में नए सत्र 2024_25 का निबंधन प्रारंभ हो चुका है। कॉलेज के आई क्यू ए सी डायरेक्टर प्रो आनंद प्रकाश और प्लेसमेंट इन चार्ज डॉ सुमित अग्रवाल ने छात्रों को कॉलेज में आने वाली अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बारे में बताया और तैयार रहने को कहा। इस अवसर पर कॉलेज के तीनों संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो यशवंत गुप्ता,अमर नाथ सिन्हा और सत्य प्रकाश चौबे ने सभी छात्रों को प्री प्लेसमेंट ट्रेनिंग दी।



## जिला स्कूल में बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने जिला स्कूल में सैकड़ों बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने सभी छात्र छात्राओं से अपने अपने अभिभावकों को जरूर वोट करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। साथ ही कहा कि वोटिंग के बाद अपने अभिभावकों की ऊंगली पर निशान के साथ फोटो सोशल मीडिया पर जरूर अपलोड करें ताकि और लोग भी प्रेरित होकर वोटिंग करने जाएं। मयूरेश द्विवेदी ने बच्चों को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा।

### बंगला पुस्तकालय में मनी रविंद्र जयंती

# टैगोर को समझने के लिए उनके जीवन दर्शन को जानना होगा: मोइत्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंगला पुस्तकालय में बुधवार की शाम को रविंद्र जयंती मनायी गयी। बंगाली समिति और बंगीय दुगार्बाड़ी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन दुगार्बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा व सचिव दिवेन्दु गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। रविन्द्र नाथ टैगोर की चित्र पर बंगाली समिति के वरीय सदस्य सुदीप राय चौधरी और शैबाल बोराल ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर देवेश मोइत्रा ने टैगोर की बहुचर्चित कविता निर्झर एर स्वप्नभंगो का स्वस्वर पाठ किया। उन्होंने बताया कि कविगुरु रविंद्रनाथ टैगोर सिर्फ एक ऐसे साहित्यकार ही नहीं थे जो अपनी रचना को लिखकर छोड़ देते थे। उन्होंने अपनी सभी रचनाओं को जिया भी। टैगोर ने अपनी लिखित कविता, नाटक और गीतों को खुद गाया, पढ़ा और अभिनय भी किया। इसीलिए टैगोर को समझने के लिए सिर्फ उनकी रचनाओं को पढ़ना ही काफी नहीं, बल्कि उनके जीवन दर्शन को भी जानना होगा। इस अवसर पर बंगाली समिति के उप सचिव गौतम घोष ने कई रविंद्र संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया। इस अवसर पर मुनमुन चक्रवर्ती, अमर कुमार भांजा, गौतम बोस, शौभिक दत्ता, प्रसेनजीत दासगुप्ता, दिलीप घोष, मासूम आर्ट ग्रुप का मोहम्मद तालिब, मोहम्मद नसीम, राज प्रतीक पाल, राहुल कुमार, कामरूप सिन्हा आदि मौजूद थे।



## परशुराम जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय, ब्राह्मण परिवारों को किया गया आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेवा युवा वाहिनी ने पूरे प्रमंडल सहित सभी ब्राह्मण को परशुराम जयंती महोत्सव का न्योता दिया है। सभी सनातनी विप्र परिवार के हर एक सदस्य से एकजुटता- एकरूपता का मिसाल



### सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक भगवान परशुराम के पूजन का कार्यक्रम

प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि 10 मई को जमदग्नि आश्रम प्रदेश कार्यालय रांची रोड रेड़मा में पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक भगवान परशुराम के पूजन का कार्यक्रम का आयोजन होगा। उसके उपरांत संध्या में 3:00 बजे से प्रसाद वितरण, मिलन कार्यक्रम एवं संध्या 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलते हुए हमें समाज को आगे बढ़ाना है उन्होंने कहा कि समाज के लोगों में इस समारोह में को लेकर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का निमंत्रण देने के लिए युवा वाहिनी का हर एक सदस्य प्रत्येक गांव, टोले,मोहल्ले और घर-घर जाकर आमंत्रण देने का कार्य किया है।

कायम रखते हुए अक्षय तृतीया के दिन चिरंजीवी भगवान परशुराम की जयंती के शुभ अवसर पर शुक्रवार को मेदिनीनगर के रांची रोड स्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में उपस्थित होकर भगवान परशुराम के प्रति अपने सेवा निष्ठा और समर्पण का परिचय देने का अवसर है। युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय का कहना है कि यदि किसी कारणवश किसी भी ब्राह्मण परिवार के बीच युवा वाहिनी का न्योता नहीं पहुंच पाया हो तो ऐसे में उन्हें स्वयं ही युवा वाहिनी का एक कार्यकर्ता बनकर स्वयं तो उपस्थित होना ही है, बल्कि पूरे गांव समाज से सभी विप्रों को इकट्ठा कर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का हिस्सा भी बनाना है।

## चलंत लोक अदालत में ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव निर्देश पर गुरुवार को पंडवा में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से ग्रामीणों के बीच कानूनी पुस्तक , पम्पलेट आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था पेंशन ,राशन कार्ड, चापाकल आदि का लाभ दिलाने हेतु आवेदन दिया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट पुष्कर राज ने कहा कि चलन्त लोक अदालत का आयोजन आज आपके प्रखंड में किया गया है। आप किसी भी तरह का समस्या या जानकारी ले सकते हैं। मोबाइल वैन के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। डालसा के माध्यम से लोगों को केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील मुहैया कराया जा रहा है।साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है । उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखा। ग्रामीण का आवेदन लिया गया। मौके पर करण थाप, ,सुमन्त मेहता समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### डालसा चला रही है कई स्कीम

डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत मुआवजा राशि प्रदान किया जा रहा है। साथ ही दोनों पक्ष को बुलाकर मामले में मध्यस्तता, कराकर मामले का निपटारा भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत ,विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन बराबर किया जाता है । इससे लोगों में काफी जागरुकता आयी है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है ,प्राकृतिक आपदा से ग्रसित है, दिव्यांग है, एसी,एस टी परिवार से आते हैं, महिला हैं, कारा में बंद है, बच्चे हैं ,या केस लड़ने में स्वयं के खर्च पर अक्षम है ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है । जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है।

## लोकसभा चुनाव

## जीएलए कॉलेज के मैदान में डिस्पैच सेंटर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# सेंटर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं: डीडीसी



### पलामू में1470 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों की टोली 11 मई को रवाना होगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज के मैदान में डिस्पैच सेंटर का कार्य पूरी प्रगति पर है। इसी डिस्पैच सेंटर से 1470 मतदान टोलियां 1470 मतदान केंद्रों के लिए रवाना की जाएगी। जीएलए कॉलेज वाले मैदान में दर्जनों मजदूर इस काम में दिन रात लगे हैं। यह डिस्पैच सेंटर 10 मई तक बिल्कुल तैयार हो जाएगा। इस डिस्पैच सेंटर में करीब 2000 बेंच डेस्क लगाए जाएंगे। यह बेंच डेस्क 1470 मतदान टोलियों के सदस्यों, सेक्टर मजिस्ट्रेट और माइक्रो आब्जर्वर इत्यादि के लिए होंगे। मतदान टोलियों का पहला जत्था 11 मई को ही रवाना होगा। पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद और नगर आयुक्त मुहमद जावेद हुसैन ने गुरुवार को डिस्पैच सेंटर की कार्य प्रगति का जायजा लिया। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि सभी डिस्पैच सेंटर के शामियाने को बहुत ही आरामदायक बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हर एक डिस्टेंस सेंटर पर पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। जिले के चार विधानसभा क्षेत्र पलामू लोकसभा के अंतर्गत आते हैं। जिसमें डाल्टनगंज विधानसभा की 426, विश्रामपुर की 367, छतरपुर की 335 और हुसैनाबाद की 342 मतदान केंद्र है। कुल मतदान केंद्रों की संख्याा 1470 है। इस 1470 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों की टोली 11 मई को रवाना होगी और बाकी बचे 12 मई को रवाना होगी। पलामू लोकसभा के लिए मतदान 13 मई को सुनिश्चित है।

### दोनों विधान सभा में गढ़वा जिले में कुल 957 मतदान केंद्र है : शेखर जमुआर



पलामू लोकसभा क्षेत्र में पूरा गढ़वा जिला भी आता है। गढ़वा जिले में दो विधान सभा क्षेत्र हैं। एक गढ़वा विधानसभा और दूसरा भवनाथपुर विधानसभा के उपायुक्त शेखर जमुआर ने प्रेस को बताया कि इन दोनों विधान सभा में गढ़वा जिले में कुल 957 मतदान केंद्र है। इन 957 मतदान केंद्रों के लिए मतदान की टोली गढ़वा शहर के डिस्पैच सेंटर से ही रवाना होगी और जब 13 मई को मतदान संपन्न हो जाएगा तो 957 मतदान टोली मतों से भरी ईवीएमऔर वीवी पैड तथा अन्य आवश्यक कागजात, लिफाफे, डॉक्यूमेंट इत्यादि जीएलए कॉलेज में बने काउंटिंग हाल में जमा करेंगे। 13 मई के मतदान समाप्ति के बाद डाल्टनगंज पहुंचना है। जहां जीएलए कॉलेज के काउंटिंग हाल में इसे विधिवत रूप से जमा करना है। वोटों की गिनती पूरे देश में 4 जून को तय है। पलामू लोकसभा में पड़े मतों की गिनती भी 4 जून को ही होगी और यह गिनती जीएलए कॉलेज काउंटिंग हाल में होगी। यह काउंटिंग हाल नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के बहुद्देशीय परीक्षा भवन के दोनों तलों में की जाएगी। पलामू के उप विकास आयुक्त ने बताया के पलामू लोकसभा के लिए डाले गए मतों के गिनती में पलामू जिले के 1470 मतदान केंद्र और गढ़वा जिले के 957 मतदान केंद्रों के मतों की गिनती होगी। यदि इन्हें जोड़ दिया जाए तो पलामू लोकसभा के लिए 2427 मतदान केंद्रों पर डाले गए मतों की गिनती 4 जून को होगी। डिस्पैच सेंटर और काउंटिंग हॉल की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि डिस्पैच सेंटर पर सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। कोई भी अनावश्यक या बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह वर्जित है। डिस्पैच सेंटर पर जिनके पास मतदान करने करवाने की सरकारी चिट्ठी उपलब्ध रहेगी। उसे ही डिस्पैच सेंटर पर आने जाने की अनुमति रहेगी।

## एक नजर

### मुखिया ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने ताली गांव निवासी मृतक बुधनी कुंवर के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मुखिया ने मृतक का श्राद्धकर्म के लिए 50 किलो आटा, रिफाइन और नगद राशि देकर सहयोग किया। मौके पर दिनेश कुमार गुप्ता, राजू गुप्ता, नगीना साह, विशाल गुप्ता, सुरेश साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक जुलूस निकाला

भंडरिया गढ़वा। भाजपा कार्यकताओं के द्वारा गुरुवार को सैकड़ो मोटरसाइकिल के साथ मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। मोटरसाइकिल जुलूस का नेतृत्व भंडरिया मुखिया विनय सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर मदन केशरी, मंटू केशरी, रूपेश बैठा, ईश्वरी सिंह,ललन बैठा, मोती बैठा सत्यनारायण गुप्ता, प्रेमनाथ ठाकुर, सुमित गोस्वामी, सुरेन्द्र सिंह, अखिलेश कुमार बैठा मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने तीन बाइक लुटरों को दबोचा

**मेराल।** मोटरसाइकिल सवार से लुटेरों ने पीछा कर उसका बाइक लूटकर भाग रहे थे । इस बीच ग्रामीणों ने मुक्त भोगी द्वारा हल्ला गुहार करने पर तीनों लुटेरों पकड़ लिया। लूट कांड की घटना को ग्रामीणों ने मेराल पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने लूट कांड की घटना स्थल पर पहुंच तीनों लुटेरों को ग्रामीणों के बीच से अपने हिरासत में लेते हुए थाना ले आई। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 13 पशुओं के साथ चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** थाना प्रभारी जनार्दन राउत की ओर से बुधवार रात्रि पशु तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है । इस दौरान उनके द्वारा क्षेत्र के तसरार गांव से चार तस्करों के साथ तेरह पशुओं को गिरफ्तार कर थाना ले लाया गया। वहीं गुरुवार सभी तस्करों को उनके द्वारा न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया । जेल भेजे गए तस्करों में रियाज अंसारी, तैयब अंसारी, राजकुमार भुइयां और सेलरिक भुइयां का नाम शामिल है । सभी तस्कर थाना क्षेत्र के तसरार गांव के हैं। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार रात्रि में पशु तस्करों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी । उसी के आलोक में रात्रि 1:30 बजे दलबल के साथ तसरार गांव पहुंचे तो गिरफ्तार सभी तस्कर मुख्य सड़क होते पशुओं को पैदल पाव लेकर गढ़वा की ओर जा रहे थे । वहीं से




सभी को गिरफ्तार कर थाना ले लाया गया । उसके बाद गुरुवार को थाना कांड संख्या 24/ 2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सभी तस्करों को जेल भेज दिया गया । थाना प्रभारी ने कहा कि जब्त सभी पशुओं को जमानतनामा पर स्थानीय ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिया जाएगा । साथ ही कहा कि हम लोगों को वहां पर आने से पहले इसके अलावा अन्य तस्कर भी बड़ी संख्या में पशुओं को लेकर गढ़वा की ओर निकल चुके थे । गिरफ्तार तस्करों से उक्त लोगों के बारे में काफी पूछताछ की गई, लेकिन उनमें किसी ने एक का भी नाम नहीं बताया । उन्होंने कहा कि तस्करों के पास से जप्त मोबाइल के माध्यम अन्य पशु तस्करों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध धंधा नहीं चलने दिया जाएगा। जानकारी मिलने पर उनके खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक से गिरकर दो घायल, सदर अस्पताल में इलाजरत

**गढ़वा :** रंका थाना क्षेत्र के सलेया गांव में मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों में भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी क निवासी मनोज भुइयां पिता रामसेवक भुइयां एवं पलामू जिले के मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक निवासी रंजीत साह, पिता राजेंद्र साह शामिल हैं। दोनों घायलों का गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रंजीत साह रंका के कंचनपुर में रोड निर्माण करा रहे संवेदक का सुपरवाइजर है। जबकि मनोज भुइयां वहीं पर बतौर मजदूर कार्य करता है। वे दोनों एक ही मोटरसाइकिल से कंचनपुर से मेदिनीनगर जा रहे थे। इस दौरान सलेया में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल भेजवाया गया।

## खरौंधी में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रखंड के सभी गांव टोले पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया रहा हैं। इसको लेकर गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न गाँव-टोले पर रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव में खरौंधी प्रखंड में कुल 48 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमे सभी मतदाताओं को मतदान के दिन अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए बीएलओ मतदाताओं को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित कर रहे हैं। वही स्वएंसेवक, साक्षरता कर्मियों, समूह के दीदियों ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रहें हैं। इसके साथ ही सभी मतदाताओं को 13 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ रविन्द्र कुमार ने बताया कि जागरूकता



कार्यक्रम में बीएलओ, सहिया, साक्षरता कर्मियों, डीलर, आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह, जेएसपीएल आदि द्वारा सभी खासकर महिला मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

## भारत का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा हो रहा है: साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव, में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड के ग्राम पथरिया, अधोरी , बनवा राजहरा, अटोला आदि गांवों में भाजपा मेराल प्रखंड में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भगत सिंह साहू मौजूद थे। साहू ने कहा किआज हमारा देश विकसित हो रहा है। आज भारत का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा हो रहा है। इस बात से भारत का हर नागरिकअपने आप को गौराान्वित महसूस करता है। विरोधी ताकतें नरेंद्र मोदी को फिर से सत्ता में आने के लिए रोकना चाहती है। मुरली श्याम सोनी ने कहा कि आज गरीब के बारे में विचार करने वाली पार्टी भाजपा ही है। आज हमारा देश विकसित हो रहा है। हम लोगों को चाहिए कि नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए विष्णु दयाल राम को अपना मत दें।

### ट्रांसफार्मर बनाने के दौरान बिजली मिस्त्री घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के उचरी में ट्रांसफार्मर बनाने के दौरान एक बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बिजली मिस्त्री का पहचान टेनवा गांव निवासी विपिन कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है। ऊंची से शिकायत मिली थी कि ट्रांसफार्मर खराब है सूचना के बाद बिजली विभाग के निर्देश पर वह ट्रांसफार्मर बनाने ऊंची गया हुआ था उसे दौरान बिजली काट दी गई थी लेकिन जैसे ही बिजली मिस्त्री ट्रांसफार्मर पर खड़ा होकर ट्रांसफार्मर बन रहा था तभी अचानक करंट आ गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत, कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी ।** अनियंत्रित ट्रैक्टर के घर में घुस जाने के दौरान इसकी चपेट में आकर एक महिला की मौत मामले को लेकर कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतका के पुत्र अभय कुमार राम ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामले के अनुसार कांडी थाना के राणाडीह गांव में 8 मई की सुबह 9 बजे खाली डाला के साथ एक ट्रैक्टर भंडरिया गांव की तरफ से आ रहा था। बिना नंबर की महिंद्रा डीआई 275 का इंजन नंबर आरएई 006137 चेचिस नंबर 006505439 - सीआई, डीएन



011 का चालक महेंद्र कोरवा उम्र 14 वर्ष पिता नन्हेश्वर कोरवा निवासी ग्राम सिरोई थाना रंका नशे में धुत्त होकर तेजी एवं लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए बिजली का पोल तोड़ते ट्रैक्टर सूचक के घर में घुस गया। जिससे मां चंद्रावती देवी उम्र करीब 54 वर्ष की मृत्यु हो गई। पूछताछ करने पर चालक ने बताया कि वह जीपीएस ईंट भट्ठा की गाड़ी पर चालक का काम करता है। वह भंडरिया गांव की ओर से जीपीएस ईंट भट्ठा पर लौट रहा था। पुलिस के गिरफ्त में आया ट्रैक्टर चालक ने बताया कि वह जीपीएस ईंट भट्ठा मालिक के अनुमति से चालक का काम करता हूँ। ऐसी स्थिति में सूचक ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के आधार पर कांडी थाना कांड संख्या 41/2024 के तहत भारतीय दंड विधान की धारा 279, 304ए व 427 का मामला दर्ज कर लिया गया। इधर मृतका चंद्रावती देवी का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जिसका गुरुवार दिन में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## प्रधानध्यापकों को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** बीआरसी खरौंधीमें गुरुवार को सभी प्रधानाध्यापक के साथ गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीआरपी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं संचालन बीपीएम नवीन प्रकाश ने किया। बैठक में सभी विद्यालय में जहां मतदान केंद्र बनाया गया है वहां सभी समुचित सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद यू डाइस एवं ई विद्या वाहिनी को अधतन करने के लिए सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया। विद्यालय में रीडिंग कॉर्नर को सुसज्जित एवं व्यवस्थित करने के लिए बोला गया। पोषक क्षेत्र के सभी । बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया वहीं सभी



प्रभारी नो कॉस्ट, लो कॉस्ट, हाई कॉस्ट का प्रतिवेदन, स्कूल एसेसमेंट फॉर्म का प्रतिवेदन,स्कूल ट्रांजैक्शन प्रतिवेदन एवं एसए वन एवं एएस टू ई विद्यावाहिनी में अद्यतन की जानकारी ली गई। बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सभी प्रधानध्यापकों को ससमय कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीआरपी पंकज कुमार एमडीएम प्रभारी सोनू कुमार, प्रधानाध्यापक मोतीचंद्र जायसवाल, अमरेश बैठा, कामेश्वर प्रसाद सिंह, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र दास, अरविंद प्रसाद,मो. जमालुद्दीन, गोविंद उरांव,अंजनी कुमार द्विवेदी, नारद राम, सुनील ठाकुर, सुभाष ठाकुर, अरविंद प्रसाद, राजेश श्रीवास्तव, मिथलेश पाल, भक्त विष्णुधर, अरविंद कुमार दुबे सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## पीएम के नेतृत्व में भारत विकास की लंबी लकीर खींच रहा है: सुनील सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा वार्ड नंबर तीन बिंद टोला वार्ड नं. और नौ दीपुवा मुहल्ला में पथ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चतरा सांसद सुनील सिंह उपस्थित थे। चतरा सांसद सुनील सिंह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की लंबी लकीर खींच रहा है। उन्होंने गरीबो के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलायी हैं, जिससे आज गरीबों को खाने के लिए इलाज के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। आज एनडीए गठबंधन में मोदी प्रधानमंत्री के उम्मीदवार हैं, लेकिन विपक्ष में पता ही नहीं चल रहा है प्रधानमंत्री कौन बनेगा? मैं आप सभी से आग्रह करने आया हूँ विष्णुदयाल राम के पक्ष में मतदान करें और राष्ट्र को मजबूत अपने जिला को समृद्ध बनायें। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि विष्णुदयाल राम जन-जन के नेता है। आने वाला 13 मई को उन्हें भारी मतों से विजयी बनायें। मौके पर जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, भाजपा नेता विनय चौबे, गौरी बिंद, चन्दन जायसवाल, टींकु गुप्ता, बंदु, राम कुमार उपाध्याय, बंधु राम ,जितेंद्र चन्द्रवंशी ,अजय राम आदि उपस्थित थे।

## मक्का मदीना के लिये जायरीनों का एक जत्था हुआ रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर।** नगर-मुस्लिम धमार्लंबियों का पवित्र धार्मिक यात्रा मक्का मदीना के लिये गुरुवार को जायरीनों का एक जत्था नगर उंटारी स्टेशन से रवाना हुआ। मक्का मदीना जाने वाले जायरिनों में नगर उंटारी प्रखंड के कधवन ग्राम निवासी डॉ मुस्ताक अहमद, नजीबन बीबी, भवनाथपुर प्रखंड के अरसली निवासी रउफ अंसारी का नाम शामिल है मक्का मदीना जाने वाले जायरीन गाजे बाजे के साथ नगर ऊटारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। मक्का मदीना जाने वाले जायरिनों ने बताया कि हम सभी लोग मक्का मदीना का मुकद्दर सफर के लिए जा रहे हैं इस वजह से हम सभी लोग काफी खुश है। पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने मक्का मदीना जाने वाले जायरीनों को माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र की खुशहाली,अमन चैन व आपसी भाईचारे के लिये दुआ करने की बात कही। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने सभी को माला पहनाकर इस्तकबाल किया.उन्होंने जायरिनों से मुल्क में अमन चैन भाईचारे व शांति के लिए दुआओं की गुजारिश की उन्होंने कहा कि जायरिन शक्तिपुंज एक्सप्रेस से कोलकाता पहुंचेंगे और उसके बाद वहां से शुक्रवार की दोपहर हवाई जहाज के माध्यम से मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा रोड चोपन रेलवे मार्ग पर गढ़वा टाउन स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत हो गई मृतक का पहचान कांडी थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव निवासी सुरेंद्र बैठा 26 वर्षीय पुत्र मुन्ना राम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है घटना की संबंध में बताया जाता है कि मुन्ना शक्तिपुंज एक्सप्रेस से खलारी से गढ़वा टाउन आ रहा था। जैसे ही शक्तिपुंज एक्सप्रेस गढ़वा टाउन स्टेशन प्लेटफार्म पर पहुंचने वाली थी। उस दौरान वह चलती ट्रेन से गिर गया। स्थान में रेलवे पुलिस के द्वारा उसे अस्पताल लाया गया। जहां की चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र का यह इकलौता बेटा था। सुरेंद्र अपने सभी परिवार के साथ खलारी में रहता था और गढ़वा में भी घर बनाए हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर युवा समाजसेवी विकास दुबे सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र के लिए काफी दुखद घटना है।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**द्वारा आयोजित**
**मोटर वाहन दुर्घटना दावा (MACT) से संबंधित विषेश लोक अदालत**

**"आम सूचना"**
**नि:षुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची के निर्देश पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,गढ़वा द्वारा दिनांक 03 जून, 2024 से 07 जून, 2024 तक व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी में मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित वादो के निश्पादन के लिए पक्षकारों के मध्य बातचीत हेतु प्री–लोक अदालत की बैठक आयोजित की जायेगी एवं इससे संबंधित वादों के निश्पादन हेतु एक "विशेष लोक अदालत" का आयोजन दिनांक 08.06.2024 सुबह 07:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी में किया जायेगा।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित अपने मामले को विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा परिसर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं अथवा मोबाईल सं0– 9955684686 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

श्री राजेश शरण सिंह
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

PR.NO.324592 Law(24-25):D



**चुनाव का पर्व DESH KA GARV**
LOK SABHA ELECTION 2024

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
**(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)**

**आम–सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। गढ़वा जिला का सम्पूर्ण भाग 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1950 दिनांक 08.04.2024 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉंची के अधिसूचना ज्ञापांक 2493 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को गढ़वा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत् सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। गढ़वा जिला अंतर्गत अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय/ सार्वजनिक प्रतिष्ठान दिनांक 13.05.2024 को बंद रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324603 Election(24-25).D



**चुनाव का पर्व DESH KA GARV**

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के अलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 (सोमवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। इस निमित्त दूसरे राज्यों से आने वाले केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल एवं झारखण्ड राज्य से आनेवाले पुलिस बल का आवासन हेतु गढ़वा जिला के विभिन्न भवनों को पुलिस अधीक्षक, गढ़वा द्वारा चिन्हित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा का पत्रांक 520 दिनांक 26.04.2024 से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार चिन्हित भवन का विवरण निम्न प्रकार है:–

| कम | थाना/ओ.पी. का नाम | आवासन स्थल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | Dandai | +2 High School Lawahi Kalan |

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए का उपरोक्त सारणी में अंकित भवन के कमरों को (इन कमरों/भवनों में उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 07.05.2024 से 15.05.2024 तक की अवधि के लिए निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324601 Election (24-25)_D



**अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय,**
**लोहरदगा**
**"आम-सूचना"**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लोहरदगा जिले में अवैध शराब के निर्माण/ बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत WhatsApp मोबाईल नम्बर 6203999139, 9430043882 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

अधीक्षक उत्पाद
लोहरदगा ।

PR.NO.324587 Lohardaga(24-25):D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,**
**लोहरदगा, (जिला निर्वाचन)**

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के आदेश संख्या No.3/4/ID/2024/SDR/VOL.1 दिनांक 19.03.2024 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल निर्वाचन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1421 दिनांक 24.03.2024 के आलोक में निर्वाचनों के लिए सभी निर्वाचकों जिन्हे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं वे मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखायेंगे, परन्तु वैसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते हैं–

01. आधार कार्ड,
02. मनरेगा जॉब कार्ड,
03. बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक,
04. श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
05. ड्राईविंग लाइसेन्स,
06. पैन कार्ड,
07. एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
08. भारतीय पासपोर्ट,
09. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
10. केन्द्र/राज्य सरकार/लोकउपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,
11. सांसदो/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और
12. यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 324622 Lohardaga(24-25)#D

## एक नजर

### बूथों पर वेबकास्टिंग हेतू प्रतिनियुक्त ऑपरेटर को प्रशिक्षण मिला

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 324 और 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के 104 बूथों पर वेबकास्टिंग के लिए नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय में सभी प्रतिनियुक्त 428 ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण में आये ऑपरेटर को वेब कास्टिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के साथ कैमरे के इंस्टॉलेशन, संचालन और नेट कनेक्टिविटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान लाइव स्ट्रीमिंग, वेबकास्टिंग कन्ट्रोल व निगरानी की जानकारी दी गयी। इन केंद्रों में मतदान शुरू होने से लेकर मतदान की समाप्ति तक की पल-पल की गतिविधियों पर आयोग की सीधी नजर रहेगी।

### मानवता के कार्य में तत्पर है मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य

**गुमला।** इतनी भीषण गर्मी के बावजूद खुद से ज्यादा दूसरों की सेवा का जीता जागता उदाहरण है। मारवाड़ी युवा मंच गुमला के तत्वधान में बहुत ही आपातकालीन स्थिति में एक डायलिसिस मरीज की सहायता के लिए मारवाडी युवा मंच गुमला के तत्वधान में नंद किशोर सिंह जी ने ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके मरीज की सहायता की रक्तदान किया है। और मारवाडी युवा मंच गुमला के तत्वाधान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा.क्योंकि वर्तमान समय में ब्लड बैंक गुमला में पर्याप्त ब्लड उपलब्ध नहीं है क्योंकि इतनी भीषण गर्मी की वजह से लोग रक्तदान करने में भी घबराते हैं इसलिए स्थिति को देखते हुए संस्था की ओर से रक्तदान शिविर आयोजन की जा रही है,उन्होंने ज्यादा से ज्यादा रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील की है. इस मौके पर लैब टेक्नीशियन अंजू किंडो पंकज साबू ,मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### अखिल भारत वर्षीय क्षत्रिय महासभा की हुई बैठक

# चंद्रवंशी समाज हमेशा समाज और देश का नेतृत्व किया है : रामचंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक अमृत पैलेस होटल मे राजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता मे हुआ। मौके पर महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बिहार /झारखण्ड रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व एम एल सी प्रवीण सिंह, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, बीजेपी लोहरदगा के महासचिव राजकुमार वर्मा आदि उपस्थित थे। मौके पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा की चंद्रवंशी महाराज जरासंघ प्रथम चक्रवर्ती सम्राट थे। भरत राजा चंद्रवंशी समाज के थे। आज भरत राजा के नाम पर ही भारत देश नामकरण हुआ है। इसलिए अपने चंद्रवंशी समाज पर गर्व कीजिए, शिक्षा बच्चों को दीजिए संस्कार दीजिए ताकि बड़े बुजुर्ग की इज्जत सम्मान कर सके यही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर धर्मशाला हेतु अपने मद से एक लाख रुपये देने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा की आपसी एकता बनाइये बीजेपी को समर्थन दीजिये। रविंद्र वर्मा ने कहा की सनातन की रक्षा चंद्रवंशी समाज करेगा, देश संकट मे है एकजुट रहे। राजकुमार वर्मा ने कहा की समाज बहुत तरक्की किया है। मौके पर विकास वर्मा, रिंकू वर्मा, अनूप वर्मा,प्रदीप नारायण सिंह, अमित वर्मा, उत्पल वर्मा, गुंजन वर्मा, संगीता वर्मा, ज्योति वर्मा, अनीता वर्मा,अवनि वर्मा, किशोर वर्मा, कुणाल वर्मा, रोहित वर्मा, ददन वर्मा, मुकुल वर्मा, पीयूष वर्मा,कमलेश वर्मा, रंजन वर्मा,बालकृष्णा वर्मा, जगन्नाथ राम समेत अन्य उपस्थित थे।

### हाथियों के आतंक से दहशत में हैं ग्रामीण

**गुमला।** जिला अंतर्गत भरनो थाना स्थित, विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथियों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों की जान आफत में है। वन विभाग एवं संबंधित विभागों के उच्च पदाधिकारी और कर्मचारी बने हुए हैं मूकदर्शक। जंगली हाथियों का झुंड भरनो राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलकाया गांव के स्कूल में विगत देर रात्रि के समय पहुंचकर और स्कूल का दरवाजा तोड़कर, मध्यमा भोजन का रखा खाद्य सामग्री को खाने के बाद पेट नहीं भरने पर हाथियों के झुंड ने अपना गुस्सा का इजहार स्कूल के खिड़की को तोड़फोड़ कर एवं कुछ खाद्य पदार्थो को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों के बचाव के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए , फलस्वरुप उक्त क्षेत्र के ग्रामीण में वन विभाग, संबंधित विभाग , एनजीओ और अपने जनप्रतिनिधियों से काफी आक्रोशित है।

# चमरा लिंडा की एंट्री ने बढ़ा दी है भाजपा और कांग्रेस की बेचैनी

- चमरा लिंडा तीन बार मैदान में उतरे, तीनों ही चुनाव में उन्हें अच्छे वोट मिले
- 2004 और 2014 के चुनाव में तीसरे तो 2009 के चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे थे चमरा लिंडा







**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सीट आरक्षित सीटों में से एक है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आदिवासी समुदाय की है। हर चुनाव में यही आबादी प्रात्यशियों के भाग्य का फैसला करती है। जिस ओर आदिवासी समुदाय का रुझान बढ़ेगा उसी ओर जीत होगी। मतलब साफ है कि आदिवासी समुदाय के लोग जिस नेता को पसंद करेंगे वही नेता लोकसभा अथवा विधानसभा में जायेंगें। इसके बाद अनुसूचित जाति की आबादी आती है। साथ ही अन्य पिछड़ी जाति और सामान्य जाति की भी आबादी आती है। यही कारण है कि आदिवासी वोट पर सब नेताओ की नजर रहती है। सभी आदिवासी वोटरों को साधने की कोशिश करते रहते हैं चाहे वो भाजपा हो या कांग्रेस, निर्दलीय भी। सभी की एक ही समुदाय के वोट पर नजर है। लोहरदगा लोकसभा चुनाव में हमेशा भाजपा और कांग्रेस में टक्कर होते आई है लेकिन जब से चमरा लिंडा की एंट्री हुई है इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष हुआ है। चमरा लिंडा की एंट्री से भाजपा और कांग्रेस दोनो ही राष्ट्रीय पार्टियों की नींद उड़ गई है। दोनों के प्रात्यशियो की दिल की धड़कनें तेज हो गई है। दोनो राष्ट्रीय पार्टियों के बेचैन होने के पीछे एक ठोस कारण है कि जब जब चमरा लिंडा की चुनाव में एंट्री होती है तब तब संघर्ष त्रिकोणीय हो जाता है। कभी चमरा लिंडा दूसरे तो कभी तीसरे स्थान पर रहकर कड़ी टक्कर देते आये है। बहुत ही कम आंकड़ो से वो जीत हासिल करते चूक जाते है। जब इनकी एंट्री होती है तो चुनाव दिलचस्प मोड़ ले लेता है। इस बात का अनुमान 2004, 2009 या 2014 के चुनाव परिणाम को देखने पर मिलता है। तीनो लोकसभा चुनाव में हर बार चमरा लिंडा अच्छी स्थिति में रहे हैं चाहे वो हर बार हार ही क्यों न गए हो। लेकिन कांटे की टक्कर दिए हैं और राष्ट्रीय पार्टियों को अपनी धमक का एहसास कराया है। लोहरदगा लोकसभा सीट पर जब पहली बार साल 2004 में चमरा लिंडा ने एंट्री किया था, तब वह तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 58947 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस पार्टी के डॉक्टर रामेश्वर उंराव 223920 वोट लाकर जीत हासिल किए थे। जबकि दूसरे स्थान पर भाजपा के दुखा भगत को 133665 वोट मिले थे। साल 2009 के चुनाव में फिर से चमरा लिंडा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरे थे। जिसमे उनकी हार हुई थी लेकिन वो दूसरे स्थान पर रहे थे। पहले स्थान पर भाजपा के सुदर्शन भगत तो वही तीसरे स्थान पर कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव रहे थे। सुदर्शन भगत को 144628, चमरा लिंडा को 136345, डॉ. रामेश्वर उरांव को 129622 वोट मिले थे। अगर हम 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर नजर डाले तो 2014 के चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत को 226666 मत मिले थे। वही डॉ. रामेश्वर उरांव को 220177 मत मिले थे। जबकि चमरा लिंडा को 118355 वोट मिले थे। तीनो लोकसभा चुनाव के आंकड़ों से स्पष्ट है कि चमरा लिंडा की एंट्री से भाजपा और कांग्रेस दोनो सकते में है। पिछले दिनों भंडरा में निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के चुनावी सभा मे उमड़ी भीड़ कांग्रेस और भाजपा को सोचने पर मजबूर कर दिया है। मतदाताओं के रुझान और राजनीतिक चहलकदमी को देखकर यह कहना गलत नहीं है कि इस बार वोट का बिखराव होगा. साथ ही यह भी तय है कि किसी एक दल या एक प्रत्याशी को समुदाय विशेष का वोट नहीं मिलेगा। अब चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल के बीच इस बात की भी चर्चा हो रही है कि लोहरदगा लोकसभा सीट में किस प्रकार का मुकाबला देखने को मिलेगा। पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला माना जा रहा था, परंतु निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के नामांकन ने इस सीट पर मुकाबला को गंभीर कर दिया है। गौरतलब है कि पिछले तीन लोकसभा चुनाव से लोहरदगा लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार है। हालांकि कांग्रेस के साथ भाजपा का करीबी मुकाबला रहा है। इस बार के चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे समीर उरांव जीत हासिल करेंगे या कांग्रेस के उम्मीदवार सुखदेव भगत पहली बार किला फतह करेंगे या फिर निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा की विजय होगी, ये तो वक्त ही बताएगा।

### समीर उरांव ने जनता से जीत के लिए मांगा आशीर्वाद, कहा

# राष्ट्र की मजबूती के लिए मोदी जी के हाथों को करें मजबूत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव गुरुवार को नगर भ्रमण कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने जनता से जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। नगर भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत राणा चौक (अग्रसेन भवन) के समीप से हुई जो शहर के मुख्य चौक चौराहों से गुजरते हुए राणा चौक पहुची। इस दौरान समीर उरांव को आम जनता ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। हर तरफ भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा का नारा है, इस बार 400 पार आदि के नारे लगाए जा रहे थे। समीर उरांव ने लोगो का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया और उन्हें कमल फूल पर वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। कहा कि आपका एक एक वोट देश के विकास के लिए जरूरी है। राष्ट्रवाद के लिए सभी को एकजुट होकर मतदान करने की जरूरत है। समीर उरांव ने कहा कि मोदी जी देश के समग्र विकास के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। हमें उनके इस प्रयास में मदद करे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, चंद्रशेखर अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, संगीता देवी, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, पशुपतिनाथ पारस, अजातशत्रु, सामेला भगत, कलावती देवी, मीना बाखला, मदनमोहन पाठक, विकास कांस्यकर, श्रीचंद प्रजापति, सरोज प्रजापति, अभय कुमार महतो समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# शहीद आईआरबी जवान के परिवार से मिले मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** गत दिनों गिरिडीह में आईआरबी जवानों से भरी बस पलटने का हादसा में लोहरदगा के किस्को प्रखंड के कोचा बरनाग गांव निवासी आईआरबी जवान विकास भगत शहीद हो गए थे। सूचना पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव गुरुवार को शहीद जवान के आवास पहुंच परिजनों से मिले और गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। परिवारजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर कहा, जवान देश की लड़ाई में अगुआ होते हैं। बलिदान को पूरा देश सलाम करता है। घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुखद है। शहीद जवान कर्तव्यनिष्ठ व राष्ट्र भक्त थे। अपने दायित्व निर्वहन के लिए वे इलेक्शन ड्यूटी के लिए गढ़वा जा रहे थे। इस क्रम में ऐसी दुखद घटना हो गई ।इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बीससुत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी,विशाल डुंगडुंग, रौनक इकबाल,असलम अंसारी,तबरेज आलम, प्रेमचंद भगत,फुलमनी भगत, सुभाष उरांव, प्रकाश भगत , मनीष भगत, ऊषा देवी, रेखा कुमारी, प्रकाश तूरी आदि उपस्थित थे।

# वृद्ध व्यक्ति की कुआं में डुबने से मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला अंतर्गत घाघरा थाना स्थित बेती पतराटोली गांव के एक कुंआ में एक शव तैराता देख बच्चों ने अपने परिजनों को बताया। उक्त घटना की खबर पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में आग की तरह फैल गयी। वहीं घटना की सूचना ग्रामीणों ने घाघरा थाना पुलिस को दी। उक्त सूचना मिलते ही घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार स्वयं अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं कुंआ से शव को बाहर निकलवाया गया। जहां शव की पहचान ग्रामीणों और मृतक की बहु ने स्वयं अपने ससुर तिजवा उरांव के नाम से हुई। मृतक के बहु ने बताया कि मेरे ससुर सोमवार के संध्या में अपने गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित जुगनू टोली अपने रिश्तेदार के यहां मेहमानी गए हुए थे। कुंआ में डुबने से मेरे ससुर जितवा उरांव की मौत हुई है। बाद में घाघरा थाना पुलिस ने उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। उक्त शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है, घाघरा थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लातेहार

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उदेश्य से लातेहार जिला में कार्यरत सभी उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत एवं किसी प्रकार का उत्पाद विषयक शिकायत वाट्सएप मोबाईल संख्या 7903500768 एवं 843461 9609 पर दर्ज कराई जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत होगा।

सूचना देनेवाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

ह०/–
अधीक्षक उत्पाद, लातेहार।

PR.NO.324630 Excise(24-25):D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 2965 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा 13–पलामू (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत गढ़वा जिला के प्रशासनिक क्षेत्र में अवस्थित 76–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड) के 04 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी इस कार्यालय के पत्रांक 1125 दिनांक 03.05.2024 द्वारा प्रेशित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा सहमति प्रदान किये जाने की सूचना संसूचित की गई है।

अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत् है:–

| क0 | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र का नाम जहॉ Relocate किया गया है |
|---|---|---|---|
| 1 | 076–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड | 372. उत्कमित मध्य विद्यालय, हरता | उत्कमित मध्य विद्यालय, बिजका |
| 2 | | 421. रा0 प्रा0 वि0 तुरेर | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 3 | | 425. उत्कमित प्रा0 वि0, कुटकू | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 4 | | 426. उत्कमित प्रा0 वि0 खटाई टोला, सनेया | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |

एतद् द्वारा उक्त क्षेत्र के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि मतदान दिवस दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के बीच Relocated मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

"सभी मतदाता बनें : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक"

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324623 Election(24-25).D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। गढ़वा जिला का सम्पूर्ण भाग 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1950 दिनांक 08.04.20219 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाशा विभाग, झारखण्ड, रॉची के अधिसूचना संख्या 2492 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को गढ़वा जिला अंतर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपकम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति, जो लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने का अधिकार है, को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के तहत् मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। उक्त अधिनियम अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जाएगी।

यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं का उल्लंघन करेगा, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत् दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR 324604 Election(24-25)D

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत वर्ष 2024–25 में निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर नामांकन हेतु आम सूचना।**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) (ग) के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमांक 01 किमी. 03 किमी0 अंततः 6 किमी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशुल्क बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतो से वार्शिक आय रूपये 72000/– से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे। (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र निःशुल्क बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। (ग) नर्सरी/एल.के.जी. में नामांकन हेतु उम्र सीमा 03 वर्ष 06 माह से 04 वर्ष 06 माह के बीच एवं प्रवेश कक्षा 01 में नामांकन हेतु 05 वर्ष से 06 माह से 07 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना की Cut off तिथि 31 मार्च 2024 होगी। (घ) आवेदन कार्यालय के Website, WWW.rtepalamu.in पर ऑनलाईन दिनांक 31.03.2024 तक भरा जाएगा।

अतः उक्त के आलोक में आर0टी0ई0 के तहत् मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25% नामांकन के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन कम प्राप्त होने पर विचार करने हेतु एवं ऑनलाईन नामांकन एवं अनुश्रवण करने हेतु पोर्टल का तिथि दिनांक 09.05.2024 से 15.05.2024 तक विस्तार की जाती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 324616 District(24-25)#D

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(ई0डी0सी0/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**संशोधित आदेश**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के आदेश ज्ञापांक–94/पो0बै0, लो0 दिनांक 06.05.2024 के आलोक में Facilitation Centre– 4 एवं Facilitation Centre– 5 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा (Dispatch Centre) में निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी/कर्मियों को मतदान कराने हेतु निर्धारित तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए करते हुए सुविधाकेन्द्र में निम्न प्रकार संशोधित समय सारणी निम्नवत है :–

1. सुविधा केन्द्र हेतु प्रतिनियुक्ति (संशोधित)

समयः– 9.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक।

| पार्टी सं0 | सुविधा केन्द्र का स्थान/तिथि | विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या एवं नाम | प्रारूप 13क सत्यापन हेतु राजपत्रित पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम (as incharge of FC) | नामित मतदान पदाधिकारी | सुविधा केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी का नाम/पदनाम/कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Facilitation Centre – 4 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। (Dispatch Centre) 10.05.2024 से 12.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र | अनुरंजन झा, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा 9430753543, 6207212250 | Polling Officer 1 | कृष्णा यादव, सहायक शिक्षक, मो0 9334232319 |
| | | | | Polling Officer 2 | भिखराम भगत, सहायक शिक्षक, मो0 9123289262 |
| | | | | Polling Officer 3 | विजय बैठा, सहायक शिक्षक, मो0 9386609699 |
| 5 | Facilitation Centre – 5 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। (Dispatch Centre) 10.05.2024 से 12.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र | विजय रंजन तिर्की, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा, 9931570766 | Polling Officer 1 | मो0 मेराजूल हक, सहायक शिक्षक, मो0 9693815411 |
| | | | | Polling Officer 2 | अजीत कुमार भारती, सहायक शिक्षक, मो0 8210768108 |
| | | | | Polling Officer 3 | शिव कुमार प्रजापति, सहायक शिक्षक, मो0 7277988092 |

शेष कंडिका यथावत रहेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 324620 Lohardaga (24-25)_D

## न्यूज बॉक्स

### मनिका विधानसभा प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने महुआडांड़ का किया दौरा



**महुआडांड़।** मनिका विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने महुआडांड़ का दौरा किया, गुरुवार को जिला परिषद भवन परिसर में मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करके लोकसभा चुनाव पर चर्चा कि, साथ ही 11 मई को होने वाले चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया में होने वाले मोदी जी के सभा में जाने पर चर्चा कि गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष भानू प्रसाद, मनिका विधानसभा कोर कमिटी सदस्य संजय जयसवाल, महामंत्री जमूना प्रसाद, महामंत्री सुनील जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष मोहन यादव, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय राय, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शकील अहमद अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अमवाटोली की पथ सभा में भाजपा के सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मांगा वोट



**महुआडांड़।** भाजपा महुआडांड़ मंडल के द्वारा पथसभा कार्यक्रम का आयोजन अंमवाटोली पंचायत के रीगरीटाड़ में किया गया. जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने की. संबोधित करते हुए, वक्ताओं ने कहा 20 मई को आप मतदाता घर से निकलकर अपने अपने बुथों में सुबह ही जाकर वोट देना है, ताकि प्रत्याशी काली चरण सिंह भारी बहुमत से विजयी हो सके। मौके पर जिला उपाध्यक्ष भानू प्रसाद, आंनद नाथ शाह, राम जयसवाल, राजू सिंह, कृष्णा प्रसाद, तौहीद अहमद, श्वाती देवी, संतोष प्रसाद, सिबू प्रसाद, प्रकाश नगेसिया एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बसपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को सातवें दिन मिली जमानत, किया रोड शो



**चतरा।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के चतरा लोकसभा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को न्यायालय से गिरफ्तारी के सातवें दिन राहत मिली। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने उन्हें गुरुवार को जमानत दिया। ज्ञात हो कि नामांकन के अंतिम दिन तीन मई को नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। नागमणि पर 2014 के आम चुनाव में आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज हैं। उस वक्त आजसू प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थे। वहीं दूसरी ओर नागमणि को जमानत मिलने से बसपा कार्यकताओं व नागमणि के समर्थको में खुशी का माहोल है। जेल से निकलते ही दोपहर बाद नागमणि ने रोड़ शो कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयाश किया। रोड शो शहर में निकाला गया। लोकसभा प्रभारी चंद्रशेखर दास ने बताया कि नागमणि को राजनीतिक षडयंत्र के तहत जेल भेजा गया था।

### दर्शन गंझू ने चंदवा के कई गांवों का दौरा किया



**चंदवा।** झारखंड पार्टी के चतरा लोकसभा के प्रत्याशी दर्शन गंझू ने चंदवा प्रखंड के दर्जनों गांव का दौरा किया। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लुकुईया,चिरो,बोदा, बुलहु,सिकनी,परसाटॉड,लटदाग, नवाडीह,बारी गांव का दौरा किया। गांव पंहुचने पर उनका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। दर्शन गंझु ने गांव में दौरा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की।उन्होंने कहा सभी ग्रामीण क्षेत्रों में दलित आदिवासी शोषित वंचित समाज का उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हे उम्मीद है कि भारी समर्थन मिलेगा। मौके पर विश्वनाथ गंझू,रामवचन देव गंझू अमृत गंझू प्रकाश गंझू सत्य बनारसी गंझू, रामा गंझू आदि लोग मौजद थे।

# चतरा लोकसभा सीट के लिए 22 प्रत्याशी मैदान में

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 04 चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार में पांचवे चरण के तहत दिनांक-20.05.2024 को मतदान किया जाना है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक-26.04.2024 को अधिसूचना जारी के होने के पश्चात दिनांक-26.04.2024 से 03.05.2024 तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था। स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद शेष 22 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।




### मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी

काली चरण सिंह भारतीय जनता पार्टी, कृष्णानन्द त्रिपाठी इंडियन नेशनल काँग्रेस, नागमणि बहुजन समाज पार्टी से उम्मीदवार है। पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों अतिरिक्त) अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), कामदेव डिहो राण राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, दर्शन गंझु झारखण्ड पार्टी, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी, विमल लकड़ा आंबेडरकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बांडो बहुजन मुक्ति पार्टी, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी, सुमित कुमार यादव समता पार्टी से।

### अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय

अर्जुन प्रजापती, मो0 अबुजर खाँ, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, चंदन कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, विक्रांत कुमार सिंह, श्रीराम सिंह निर्दलीय से।इस दौरान प्रेस वार्ता में आईटीडीए निदेशक श्री प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त श्री सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता श्री रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मेरी मड़की, जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्य पदाधिकारी , विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विषैले जंतु के काटने से महिला की हुई मौत

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम अंतर्गत टोंगरी टोला में विषैले जंतु के काटने से एक महिला की मौत हो गई ' जिसकी पहचान टोंगरी टोला निवासी रवि गंझु की पत्नी कैलाशपति देवी के रूप में हुई है 'मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला आज गुरुवार को केंदु पत्ता तोड़ने के लिए पास के दूध मटिया जंगल गई थी जहां से अहले संध्या अपने घर लौटी । जिसे घर के लोगों ने देखा और आनन फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, लेकिन ले जाने के दौरान ही उसकी रास्ते में मौत हो गई थी ' हालांकि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अमरनाथ प्रसाद ने महिला के मृत्यु हो जाने की पुष्टि की ' जिसमें चिकित्सक ने भी महिला की मौत की आशंका विषैला जंतु के काटने बताया है ' मृतक महिला की 6 पुत्रीया हैं जिसमें दो का विवाह हो चुका है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित समाहरणालय सभा कक्ष में सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक की उपस्थिति में समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान में जिले में कुल मतदाता, वाहन मैनेजमेंट, मैन पावर मैनेजमेंट, पीठासीन पदाधिकारी का प्रशिक्षण, माईक्रो ऑब्जर्वर, मतगणना की तैयारी, पोलिंग पार्टी डिस्पैज एवं प्राप्ति, वल्नरेबल बूथ, वल्नरेबल व्यक्ति समेत अन्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बताया गया कि चतरा जिले के 26 सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 193181, महिला 182072 व कुल 375253 मतदाता हैं। जिसमें दिव्यांग मतदाता 5529, 18-19 वर्ष के 17119, सर्विस इलेक्टर्स 619, 85 प्लस उम्र के वृद्ध मतदाता 1753 हैं। 27 चतरा विधानसभा में महिला 207996 व पुरूष 217471 कुल मतदाता 425467 मतदाता हैं। जिसमें दिव्यां 7198, 18-19 वर्ष के 21459, सर्विस इलेक्टर्स 625, 85 प्लस के वृद्ध मतदाता 1793 हैं। 73 मनिका विधानसभा में पुरूष 130193, महिला मतदाता 129198 कुल 259391 हैं। जिसमें दिव्यांग 3930, 18-19 वर्ष के 10889, सर्विस इलेक्टर्स 521, 85 प्लस के वृद्ध 1679 हैं। 74 लातेहार विधानसभा में पुरूष 154816, महिला 150983 कुल मतदाता 305799 हैं।

## लातेहार विधायक ने गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

### बूथ को सशक्त करने पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड स्थित राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के आवास पर गुरुवार को लातेहार विधायक व गठबंधन के कार्यकत्ताओं ने बैठक कर बूथ को शशक्त करने पर चर्चा किया। बैठक में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने सभी गठबंधन के कार्यकत्ताओं को कहा की आप सभी एकता का परिचय देते हुए क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। वहीं मुख्य रूप से सभी बूथ को मजबूत करने पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक में विधायक राम ने कहा की भारत के संविधान की रक्षा के लिए इंडी गठबंधन को सहयोग करना जरुरी है। इसलिए सभी कार्यकर्त्ता अपने अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत बनाएँ। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेशर उरांव ने पार्टी की गारंटी कार्ड के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने ने सम्बोधित करते हुए गठबंधन को मजबूत बनाए रखने के लिए बात कही। कांग्रेस प्रदेश सचिव सलाम अंसारी, मिडिया प्रभारी पंकज तिवारी सहित कई अतिथियों ने भी अपनी बात को रखा। मौके पर विससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव, पवन यादव, संतोष यादव लवकुश कुमार यादव, संतोष यादव, कुलदीप राम, नरेश उरांव, रंजय राम, अजय कुमार राम, राजदेव उरांव आदि मौजूद थे।




### केएन त्रिपाठी के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**चंदवा।** महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में जेएमएम केंद्रीय सदस्य दीपू कुमार सिन्हा समेत झामुमो नेता शीतमोहन मुंडा,मनोज चौधरी कांग्रेस नेता संजय दुबे ने चंदवा प्रखंड के बनहरदी पंचायत के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा कर महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। दौरे के क्रम में नेताओं ने बनहरदी, सुरली, डढ़या, रेंची एवं बारी पंचायत के छातासेमर में ग्रामीणों के संग बैठक की जहां भारी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं ने नेताओं के विचारों को सुना एवं महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को हाथ छाप पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजई बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया। उक्त दौरे के क्रम में ग्रामीणों में महागठबंधन के प्रत्याशी के प्रति भारी उत्साह देखा गया।

## पीएम के सिमरिया जनसभा को लेकर तैयारी जोरों पर

### बीजेपी में बैठकों का दौर जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के मुरबे में 11 मई को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह और हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए तैयारी प्रशासनिक व पार्टी द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। वहीं एसपीजी के निगरानी मे रातों-रात पंडाल के साथ हेलीपैड का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। सभा स्थल पर तीन हैली पेड बनाया गया है। वहीं पीएम के चुनावी सभा में अधिक से अधिक लोगों के लाने को लेकर बीजेपी के बैठकों का दौर जारी है। साथ ही कार्यकर्ता सभा स्थल के निर्माण और लोगो को न्योता देने मे जुट गये हैं। इस बार भाजपा पंचायत स्तर पर जिम्मेवारी देकर घर घर लोगो से मिलने मे जुटी है। एक ओर वोट करने तो दूसरी ओर सभा में आने के लिए भी न्योता दिया जा रहा है। वही सभा स्थल के घेराबंदी का कार्य जोर शोर से की जा रही है।


**अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, गढ़वा**

**''आम-सूचना''**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गढ़वा जिले में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री निर्धारित MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत WhatsApp मोबाईल नम्बर 9308417571, 7004133024 पर दर्ज की जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत होगा।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

अधीक्षक उत्पाद
गढ़वा

PR 324588 Excise (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार**
**उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उदेश्य से गुमला जिला में कार्यरत सभी उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत एवं किसी प्रकार का उत्पाद विषयक शिकायत वाट्सएप मोबाईल संख्या 9471501776, 7903281664 एवं 7004325502 पर दर्ज कराई जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत होगा।

सूचना देनेवाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

ह०/–
उपायुक्त,गुमला

PR 324598 Excise(24-25).D


## लातेहार उपायुक्त ने बारियातू अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के साथ बैठक भी की



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह ने गुरुवार को मुख्य रूप से चुनाव को लेकर बारियातू अंचल कार्यलय का निरक्षण किया. निरिक्षण के पश्चात सभी प्रखण्ड एवं अंचल कर्मियों के साथ उपायुक्त ने बैठक की । बैठक मे चुनाव से चुनाव से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमे मतदाता सूचना पर्ची वितरण, मतदान केन्द्रो पर एएमएफ की सुविधा, आईएसआर सें समन्धित समीक्षा, मतदान दिवस के दिन की व्यस्था, कम्युनिकेशन प्लान, दिव्यांग मतदाता सें समन्धित समीक्षा, रिलेक्टेड बूथ सें सम्बंधित समीक्षा, रुट चार्ट, पोस्टर बैलेट की विशेष रूप सें जानकारी दी गई। मौके पर एलआरडीसी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अपर समाहर्ता श्रेयांस,पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी राजा दिलावर, प्रधाना सहायक कपिल देव सिंह, अलोक कुमार दुबे, एमओ चन्दन कुमार, जेएसएस प्रकाश कुमार, सीआई अनिल हीरो, सहित सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग**

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 को निष्पक्ष, स्वंतत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पलामू जिला में कार्यरत सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर किये जाने की शिकायत एवं किसी प्रकार उत्पाद विषयक शिकायत वाट्सएप मोबाइल नम्बर–

1. सुधीर कुमार, अधीक्षक उत्पाद, पलामू मो0 न0–7992245087
2. ललित सोरेन, सदर अंचल, मो0 न0–6201235079
3. देवीलाल सोरेन, हुसैनाबाद अंचल, मो0 न0–9199894550
4. अनूप प्रकाश, पांकी अंचल–7004403729 पर दर्ज कराई जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग, अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू

PR.NO.324613 Palamu(24-25):D



**जिला जन-सम्पर्क कार्यालय,गढ़वा**
**(मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

पलामू संसदीय क्षेत्र में 13 मई 2024 को मतदान होना है। गढ़वा जिला में कुल 1170 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों को मॉडल बूथ बनाया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी बूथ पर सभी वर्ग के मतदाताओं के लिए हर प्रकार की सुविधा प्रदान की गई है। मतदाताओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और लोकतंत्र को मजबूत बनायें।

सभी मतदान केन्द्र पर चुनाव आयोग के निर्देश पर निम्न प्रकार की सुविधा दी जा रही है:–

- सहायता केन्द्र– सहायता के लिए BLO उपलब्ध रहेगी।
- दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प वं व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है।
- महिला एव पुरूष मतदाता के लिए अलग–अलग सुलभ शौचालय की व्यवस्था।
- ब्रेल लिपि वाली ईवीएम मशीन की व्यवस्था।
- सभी मतदान केन्द्र पर विशेष स्वयंसेवक की व्यवस्था।
- धुप से बचने के लिए 15/15 के शेड की व्यवस्था।
- ठंडा पेयजल की व्यवस्था।
- सभी मतदान केन्द्र पर प्रशिक्षित व्यक्ति के साथ मेडिकल कीट की व्यवस्था।
- सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था।
- मतदाताओं की सुविधा के लिए सुबह 07 बजे से शाम 05 बजे तक दिन भर मतदान की व्यवस्था।
- महिला एवं पुरूष के लिए अलग–अलग पंक्तियों में मतदान की व्यवस्था।
- सभी मतदान केन्द्र पर वेब कास्ट की व्यवस्था।
- मतदाता हेल्पलाईन की व्यवस्था, जो सीधे जिला नियंत्रण कक्ष से जुड़ा रहेगा।

जिला प्रशासन, गढ़वा – सभी मतदाताओं की सेवा में सदैव तत्पर !!

नोडल पदाधिकारी,
मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग,गढ़वा

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त,गढ़वा

PR 324590 Election(24-25).D

## सड़कों की भीड़ कहीं जानलेवा न बन जाए

**देश** की राजधानी दिल्ली जब कोई पहली बार आता है तो लाखों गाड़ियों की भीड़ देखकर वह मंत्रमुग्ध हो जाता है और चंद दिनों में उसे लगता है कि नीला धुँवा उसका दम घोट रहा है। भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण के चलते मोटर वाहनों की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार के परिवहन मंत्रालय के वाहन पोर्टल के अनुसार, आज देश में लगभग 37 करोड़ वाहन पंजीकृत हैं। वाहनों की संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है, जो वायु प्रदूषण का मुख्य कारण है। मोटर वाहन वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड के अलावा कई विषाक्त पदार्थ उत्सर्जित करते हैं, जो स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी, दोनों पर ही गंभीर प्रभाव डालते हैं। दिन-प्रतिदिन वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी के दो कारण हैं-आवश्यकता एवं महत्वाकांक्षा। ज्यादातर दोपहिया वाहन 'आवश्यकता', तो कई चौपहिया वाहन 'महत्वाकांक्षा' पूरी करने के लिए खरीदे जाते हैं। चौपहिया वाहन अधिकतर सिर्फ इसलिए खरीदे जाते हैं, ताकि सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़े। जिन लोगों के पास पहले से चौपहिया वाहन मौजूद हैं, वे अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा और बढ़ाने के लिए महंगी गाड़ियां खरीदते हैं। इस तरह परिवार के हरेक सदस्य के पास अपना चौपहिया वाहन होता है, जिन्हें वे बिना पुल किए सड़क पर चलाते हैं। सड़क पर वाहनों की सघनता और भीड़ बढ़ाने में ऐसे लोगों का प्रमुख योगदान होता है। हालांकि आज चौपहिया वाहन की खरीद पूरी तरह से महत्वाकांक्षा न होकर जरूरत भी बन गई है, खासकर ऐसे शहरों में, जहां सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था ठीक नहीं है। लोग भीड़ से बचने के साथ-साथ अपना समय भी बचाना चाहते हैं। बहरहाल, सड़कों पर आज हर जगह जाम है और इस समस्या ने छोटे शहरों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। हर तरफ वाहनों का धुआं एवं शोर है। सभी सरकारें चाहती हैं कि वाहनों की बिक्री साल दर साल बढ़ती रहे। इसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन मानव स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी को जरूर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। बढ़ते वाहनों से न सिर्फ हमारी सड़कें संकरी प्रतीत होती हैं, बल्कि सड़कों को चौड़ा करने तथा वैकल्पिक मार्ग व फ्लाईओवर इत्यादि बनाने का आर्थिक बोझ भी बढ़ने लगता है और फिर एक दिन बढ़ते ट्रैफिक के कारण ये वैकल्पिक मार्ग एवं फ्लाईओवर भी नाकाफी हो जाते हैं। सड़कों पर वाहनों की बेलगाम भीड़ और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ के चलते सड़क हादसे भी होते रहते हैं। ये वाहन पैदल चलने वालों के लिए भी खतरा बनते हैं। वर्ष 2022 में ही कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 1,68,491 लोगों की जानें गईं एवं 4,43,366 लोग घायल हुए। सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले लगभग 67 फीसदी लोग 18-45 आयु वर्ग के थे, जबकि लगभग 84 फीसदी लोग 18 से 60 वर्ष की उम्र के कामकाजी लोग थे। हालांकि आजकल विद्युतीय वाहनों की चर्चा हो रही है। ऐसे वाहनों से वायु प्रदूषण से कुछ हद तक राहत तो जरूर मिल सकती है, परंतु सड़कों पर सघन यातायात से नहीं। ऐसा ही हाइड्रोजन आधारित वाहनों के लिए भी कहा जा सकता है। ऐसे में सड़कों पर वाहनों की भीड़ कम करने के क्या उपाय हैं? इसके लिए हम छोटी-छोटी दूरी पैदल या साइकिल से तय कर सकते हैं। अपना वाहन पूल कर सकते हैं तथा ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक यातायात प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। अपनी महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाने के साथ हमें प्रकृति एवं आगामी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के बारे में भी सोचने की जरूरत है। बढ़ते वैश्विक तापमान को देखते हुए हमें स्वयं जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने के उपाय करने होंगे। सरकार एवं नीति निर्माताओं को भी वाहनों की अंधाधुंध बिक्री एवं खरीद को विनियमित करने की जरूरत है। प्रत्येक परिवार के लिए जरूरत के हिसाब से एक या दो वाहनों को खरीदने की सीमा तय की जा सकती है। हालांकि इस बारे में सभी हितधारकों से सुझाव मांगकर विस्तृत रूपरेखा तैयार करनी होगी। इसके अलावा, बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' को सुदृढ़ करने पर जोर देना होगा। पिछले कुछ वर्षों में सड़कों के निर्माण पर अच्छा काम हुआ है, लेकिन सिर्फ सड़कें बिछाने से काम नहीं होगा। जरूरत है, उन सड़कों को सुरक्षित बनाने एवं नियमित परिवहन व्यवस्था चलाने की।

अक्षय तृतीया पर विशेष

# 'अक्षय तृतीया' पर किए गए सत्कर्म सदा 'अक्षय' रहेंगे


विजय केसरी



**हमारे** हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और मोक्ष प्राप्ति का महापर्व अक्षय तृतीय को कहा है। यह दिन कई मायने में बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज के ही दिन अजर, अमर अविनाशी भगवान परशुराम का प्रादुर्भाव हुआ था। ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का भी प्रादुर्भाव आज के ही दिन हुआ था। जैन धर्म के आदिनाथ भगवान आज के ही दिन आहार ग्रहण किया था। भारत वर्ष में मनाए जाने वाले सभी पर्वों का एक ही संदेश होता है, अपने -अपने सत्कर्म के द्वारा से पुण्य अर्जित करना। हिंदू धर्म ग्रंथ के अनुसार ईश्वर ने इस धरा पर चौरासी लाख योनियों को उत्पन्न किया है। उसमें मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ योनी की श्रेणी में रखा है। ईश्वर ने अन्य योनियों की तुलना में मनुष्य को बुद्धि और विवेक की दृष्टि में श्रेष्ठ बनाया है। इस योनी में उत्पन्न होकर मनुष्य सत्कर्म कर मोक्ष को भी प्राप्त कर सकता है। ऐसा हिंदू धर्म ग्रंथ कहते हैं। भारत में पर्वों की लंबी श्रृंखला है, इसमें अक्षय तृतीया महापर्व एक विशेष स्थान रखता है। हमारे धर्म ग्रंथ कहते हैं कि इस दिन जो भी मनुष्य दान अथवा सत्कर्म करते हैं, वह अक्षय होता है। इस पवित्र दिन सत्कर्म से प्राप्त फल का कभी क्षय नहीं होता है। अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तृतीय के दिन मनाया जाता है। इस दिन हिंदू धर्मावलंबी दान और पुण्य कर्म करते हैं। ताकि उनका यह पुण्य कर्म अक्षय रहे। यह अक्षय सत्कर्म, उसके लिए इस आवागमन के चक्र में सहायक बन कर मार्ग को प्रशस्त कर सके। इस महापर्व की एक मान्यता यह भी प्रचलित है कि इस दिन जो भी लोग सोना, चांदी एवं अन्य कीमती धातु की खरीद करेंगे, ये धन अक्षय रहेगें। वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम का भी प्रादुर्भाव हुआ था। आज भी भगवान परशुराम एक जीवित देवता के रूप में पूजे जाते हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार अक्षय तृतीया एक पवित्र पर्व है। इस पर्व पर दान एवं अन्य सत्कर्म पवित्र मन से करना चाहिए। मन को पंच विकारों से मुक्त कर दान - पुण्य करना चाहिए। इस पर्व के संदर्भ में कई कर्मकांड प्रचलित हैं। उनमें कुछ विशिष्ट बातों का जिक्र यहां कर रहा हूं। अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर समुद्र व गंगा में स्नान करके और शान्त चित्त होकर, भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करने का प्रावधान है। नैवेद्य में जौ व गेहूँ का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पित किया जाता है। तत्पश्चात फल, फूल, पात्र, तथा वस्त्र आदि दान करके ब्राह्मणों को दक्षिणा दी जाती है। ब्राह्मण को भोजन करवाना कल्याणकारी समझा जाता है। मान्यता है कि इस दिन सत्तू अवश्य खाना चाहिए। लोगों को नए वस्त्र और आभूषण पहनना चाहिए। गौ, भूमि, स्वर्ण पात्र इत्यादि का दान भी इस दिन किया जाता है। यह तिथि वसंत ऋतु के अन्त और ग्रीष्म ऋतु का प्रारम्भ का दिन भी है। इसलिए अक्षय तृतीया के दिन जल से भरे घड़े, कुल्हड, सकोरे, पंखे, खडाऊँ, छाता, चावल, नमक, घी, खरबूजा, ककड़ी, शक्कर, साग, इमली, सत्तू आदि घर्मी में लाभकारी वस्तुओं का दान पुण्यकारी माना गया है। इस दान के पीछे यह लोक विश्वास है कि इस दिन जिन-जिन वस्तुओं का दान किया जाएगा, वे समस्त वस्तुएँ स्वर्ग व अगले जन्म में प्राप्त होगी। इस दिन लक्ष्मी नारायण की पूजा श्वेत कमल अथवा श्ववेत पाटल व पीले पाटल से करनी चाहिये। अर्थात सभी महीनों की अक्षय तृतीया में श्वेत पुष्प से किया गया पूजन प्रशंसनीय माना गया है। ऐसी भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा विशेष फलदायी मानी गई है। इस दिन किया गया आचरण और सत्कर्म अक्षय रहता है। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है, सतयुग और त्रेता युगका प्रारंभ इसी तिथि से हुआ है। एक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम जी का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था। इस दिन श्री बद्रीनाथ जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। श्री लक्ष्मी नारायण के दर्शन किए जाते हैं। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुनः खुलते हैं। वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर में भी केवल इसी दिन श्री विग्रह के चरण दर्शन होते हैं, अन्यथा वे पूरे वर्ष वस्त्रों से ढके रहते हैं।]जी.एम. हिंगे के अनुसार तृतीया 41 घटी 21 पल होती है तथा धर्म सिन्धु एवं निर्णय सिन्धु ग्रन्थ के अनुसार अक्षय तृतीया 6 घटी से अधिक होना चाहिए। पद्म पुराण के अनुसार इस तृतीया को अपराह्न व्यापिनी मानना चाहिए। द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से प्रारम्भ किए गए कार्य अथवा इस दिन को किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता। मदनरत्न के अनुसारः 'अस्यां तिथौ क्षयमुर्पति हुतं न दत्तं। तेनाक्षयेति कथिता मुनिभिस्तृतीया उद्दिष्य दैवतपितृन्क्रियते मनुष्यैः। तत च अक्षयं भवति भारत सर्वमेव॥ अक्षय तृतीया की अनेक व्रत कथाएँ प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक धर्मदास नामक वैश्य था। उसकी सदाचार, देव और ब्राह्मणों के प्रति बहुत श्रद्धा थी। इस व्रत के माहात्म्य को सुनने के पश्चात उसने इस पर्व के आने पर गङ्गा में स्नान करके विधिपूर्वक देवी-देवताओं की पूजा की, व्रत के दिन स्वर्ण, वस्त्र तथा दिव्य वस्तुएँ ब्राह्मणों को दान में दी। अनेक रोगों से ग्रस्त तथा वृद्ध होने पर भी उसने उपवास करके धर्म-कर्म और दान पुण्य किया। यही वैश्य दूसरे जन्म में कुशावती का राजा बना। कहते हैं कि अक्षय तृतीया के दिन किए गए दान व पूजन के कारण वह बहुत धनी प्रतापी बना। वह इतना धनी और प्रतापी राजा था कि त्रिदेव तक उसकी सभा में अक्षय तृतीया के दिन ब्राह्मण का वेष धारण करके उसके महायज्ञ में सम्मिलित होते थे। अपनी श्रद्धा और भक्ति का उसे कभी घमण्ड नहीं हुआ और महान वैभवशाली होने पर भी वह धर्म मार्ग से विचलित नहीं हुआ। माना जाता है कि यही राजा आगे चलकर राजा चंद्रगुप्त के रूप में जन्मा था। स्कंद पुराण और भविष्य पुराण में उल्लेख है कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को रेणुका के गर्भ से भगवान विष्णु ने परशुराम रूप में जन्म लिया। कोंकण और चिप्लून के परशुराम मंदिरों में इस तिथि को परशुराम जयन्ती बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। दक्षिण भारत में परशुराम जयन्ती को विशेष महत्त्व दिया जाता है। परशुराम जयन्ती होने के कारण इस तिथि में भगवान परशुराम के आविर्भाव की कथा भी सुनी जाती है। इस दिन परशुराम जी की पूजा करके उन्हें अर्घ्य देने का बड़ा माहात्म्य माना गया है। सौभाग्यवती स्त्रियाँ और क्वारी कन्याएँ इस दिन गौरी-पूजा करके मिठाई, फल और भीगे हुए चने बाँटती हैं, गौरी-पार्वती की पूजा करके धातु या मिट्टी के कलश में जल, फल, फूल, तिल, अन्न आदि लेकर दान करती हैं। मान्यता है कि इसी दिन जन्म से ब्राह्मण और कर्म से क्षत्रिय भृगुवंशी परशुराम का जन्म हुआ था। एक कथा के अनुसार परशुराम की माता और विश्वामित्र की माता के पूजन के उपरान्त प्रसाद देते समय ऋषि ने प्रसाद परिवर्तित कर दे दिया था। जिसके प्रभाव से परशुराम ब्राह्मण होते हुए भी क्षत्रिय स्वभाव के थे और क्षत्रिय पुत्र होने पर भी विश्वामित्र ब्रह्मर्षि कहलाए। उल्लेख है कि सीता स्वयंवर के समय परशुराम जी अपना धनुष बाण श्री राम को समर्पित कर संन्यासी का जीवन बिताने अन्यत्र चले गए थे। अपने साथ एक परशु रखते थे, तभी उनका नाम परशुराम पड़ा। वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीय का दिन सबसे पवित्र दिन के रूप में हमारे हिंदू धर्म ग्रंथों ने स्वीकार किया है। इस दिन की महत्ता को ध्यान में रखते हुए हर हिंदू धमार्लंबियों को सत्कर्म करना चाहिए। यह सत्कर्म उनके जीवन का सबसे उत्कृष्ट सत्कर्म के गिना जाएगा। भगवान परशुराम का प्रादुर्भाव भी इस दिन हुआ था। इसलिए इस दिन की महत्ता और भी बढ़ जाती है। हम सब मिलजुल कर अक्षय तृतीय के दिन पंच विकारों से मुक्ति का संकल्प लें। यह जीवन सफल हो जाएगा। बार-बार हम सब विभिन्न योनियों में जो जन्म लेते हैं, उस आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाएंगे।

**( कथाकार / स्तंभकार)**
**पंच मंदिर चौक, हजारीबाग -825301.**

## आपकी बात

### यह परिवर्तन है या आधुनिकता का प्रभाव

**अभी** के समय में पानी बोतलों में बिक रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियां नमक बेच रही हैं। झाडू का प्रचार टीवी और अखबारों में हो रहा है। फिल्म स्टार पेन बाम से लेकर लेमनचूस का प्रचार भी करने में लगे हैं। फिल्मों से कलाकार राजनीति में आ रहे हैं, इसमें कुछ सफल और कुछ असफल भी हो रहे हैं। नदियों का पानी प्रदूषित हो रहा है। लेकिन, लोग फैक्ट्री की मांग कर रहे हैं। बिहार और झारखंड की स्थिति थोड़ी अलग है, लेकिन लोगों की सोच लगभग एक सी है। बचपन में हमलोगों ने कभी नहीं सोचा था कि बस और ट्रक बनाने वाली कंपनी नमक बेचेगी। नमक इतना सस्ता था कि बाजार में अगर खीरा-ककड़ी खरीदें तो किसी दुकान से नमक की ढेर से नमक उठा लें तो कोई टोकता भी नहीं था। उधर, शहर में साइकिल से ज्यादा बाइक देखने को मिल रहा है। फिर भी गरीबी की मार से लोगों को पीड़ित बताया जा रहा है। अब यह शौक है या मजबूरी या फिर दिखावा, इससे जानना जरूरी भी नहीं है। नये खुले मॉल में युवाओं की भीड़ कुछ और बता रही है। समाज में एक समाज द्वारा त्याज्य व्यापार को अगर दूसरे लोग करने लगे, उसमें प्रगति करने वाले लोग भी सभ्य समाज के निशाने पर आ जाते हैं। कुछ लोग इस बात को गंभीरता से नहीं लेते हैं। समय इतनी तेजी से बदल रहा है कि लोग समझ नहीं पाते हैं कि प्रगति क्या है? आधुनिकता को प्रगति का पैमाना माना जा रहा है। मोबाइल का बटन दबाने के कुछ समय बाद ही खाना आपका घर पर पहुंच जा रहा है। अब लोग घर में खाना बनाना नही चाहते हैं। रसोई में सील-बट्टे जैसे उपकरण गायब हो गए हैं। अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है। लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। लोग पान खाने और चाय पीने के लिए भी दो पहिया का इस्तेमाल कर रहे हैं और बात हो रही है पेट्रोल की बढ़ती हुई कीमत की। इस बात को लेकर टीवी से लेकर पान की दुकान पर बहस हो रही है। समाज ब्लेक एंड व्हाइट के जमाने से रंगीन टीवी पर आ गया है। सभी के हाथों में आधुनिक मोबाइल हैं। इंटरनेट के कारण लोग देश- दुनिया से जुड़ गए हैं। चिट्ठी -पत्र आदि अपना आस्तित्व खो चुके हैं। नये वर्ष में ग्रिटिंग कार्ड का पुराने जमाने की बात हो गई है। अब इसे आधुनिकता का प्रभाव कहें या फिर परिवर्तन। यह परिवर्तन संतुलित नहीं है।

**- आलोक शर्मा, मेदिनीनगर।**

राजनीति

## भारतीय लोकतंत्र की ताकत है मतदान


आर.के. सिन्हा

**आज** जब देश के बहुत बड़े भाग में सूरज देवता आग उगल रहे हैं, तब लोकसभा चुनाव के लिए जनता मतदान करने के लिए अपने घरों से निकल रही है। भारत के कई राज्यों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर हो गया है। इसके साथ ही लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात तो नहीं मानी जा सकती है। इसलिए प्रचार भी सुबह या शाम को ही संभव हो पाता है। दोपहर के समय तो मात्र रणनीति ही बनाई जा सकती है। बावजूद इसके इतने गर्म मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे हैं। यह सुखद भी है और यह हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी।

**इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात तो नहीं मानी जा सकती है। इसलिए प्रचार भी सुबह या शाम को ही संभव हो पाता है।**

इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। बेहतर होगा कि मतदाता सुबह जल्दी ही अपने मताधिकार का प्रयोग करके घर वापस आ जाएं। उन्हें मतदान केन्द्रों में जाते वक्त अपने साथ पानी की बोतलें जरूर रख लेनी चाहिए। मुंह-सिर ढकने के लिए एक गमछा भी सही रहेगा। आप जानते हैं कि भारत में लोकसभा चुनाव आमतौर पर हर पांच साल में अप्रैल और मई में होता है और मतदाता और मतदान अधिकारी कठोर गर्मी से निपटने के आदी हैं। लेकिन, इस साल, भारत रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का मुकाबला कर रहा है। पिछले महीने, देश में भीषण गर्मी के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी। चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी पश्चिमी राज्य महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बेहोश हो गए थे, बाद में उन्होंने बताया कि भीड़ भरे स्थान और उच्च तापमान के कारण उन्हें असहज महसूस हुआ था। इससे कुछ दिन पहले, पूर्वी शहर कोलकाता में, जहां तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया था, एक खबरिया चैनल की एंकर मौसम अपडेट प्रस्तुत करते समय बेहोश हो गई थी। बाद में उसने बताया कि स्टूडियो का कूलिंग सिस्टम खराब हो जाने के कारण बहुत गर्मी हो जाने के कारण ऐसा हुआ। चुनाव अधिकारी मतदान केंद्रों पर पेयजल की आपूर्ति करके और मतदान का समय बढ़ाकर इससे निपटने के लिए कदम तो उठा रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

**Deo Bihari Sharma**
7 h


जंग अपनो से है, तो हार जाना ।
(2,)
..............................
आंसू अपनों ने दिया,औरों से कहां मिला ?
है चलन में दुनिया में ,यह पुरानी सिलसिला
जिसे तुमने जमाने से सदा महफूज रखा,
लेकर वही तलवार तुमपर जंग छेड़ा ,
तो भी हो सके,उसके सितम बिसार देना ।
जंग अपनो से है, तो हार जाना ।

अकेले तुम नहीं, जिसपर ये खंजर आज चमके हैं।
अकेले तुम नही, जिसपर ये भीषण आग बरसे हैं।
रीत उतनी पुरातन है, जितनी इंसानी तहजीबें।
जो जीता सारी दुनिया से, वो घर में हार जाता है ।
कभी वो दिल से अपने थे,माना आज दुश्मन हैं,
फिर भी भूलकर नफरत, सभी को प्यार देना ।
जंग अपनो से है, तो हार जाना ।

जिस बंजर को तुमने खुशनुमा गुलशन बनाया था ।
ईंट एक-एक जोड़कर कर, अपना घर बनाया था ।
क्या हुआ जो बेदखल हो, उस घर से तुम निकले।
जिनपर तुम्हे था नाज ,वे सारे बेवफा निकले।
वो जुल्मों की कहानी भूल जाना,प्यार देना ।
दरिंदों के लिए भी प्रेम का संसार देना।
जंग अपनो से है, तो हार जाना ।
@डी बी शर्मा ।

You, Nirantar Narayan and 4 others 1 comment
Like Comment Send Share

## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

## नासूर बनते बाल विवाह


रमेश सर्राफ धमोरा

**हमारे** देश में प्राचीन समय से कुछ ऐसी प्रथाएं चली आ रही हैं, जिनका लोगों के दैनिक जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इनमें बाल विवाह भी एक हैं। किसी भी बच्चे की शादी उसके निश्चित आयु से पहले यानी बाल्यकाल में होना बाल विवाह कहलाता है। यह एक रूढ़िवादी प्रथा है। यह प्रथा बच्चों की सारे मनवा अधिकारों को खत्म कर देता है। जैसे- खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा आदि के अधिकारों को समाप्त कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है। प्राचीन सभी प्रथाओं में बाल विवाह सबसे बड़ा कुप्रथा है, क्योंकि कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने से उनके स्वास्थ्य, शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके खुशहाल जीवन पर असर पड़ता है। साथ ही वह अपने शिक्षा और खेलकूद के अधिकारों आदि से वंचित रह जाते हैं। इस कुप्रथा का शिकार ज्यादातर कम उम्र की लड़कियां होती है। बाल्यकाल में विवाह होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। यह जीवन का एक कड़वा सच है कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे इस प्रथा की भेंट चढ़े जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

## कोलकाता का कालीघाट मंदिर

वहीं कालीघाट मंदिर में गुप्त वंश के कुछ सिक्के भी मिले थे जिसके बाद ये पता चला कि गुप्त काल के दौरान भी इस मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता था। **कालीघाट मंदिर में देवी की अद्भुत प्रतिमा स्थापित है**



कोलकाता के कालीघाट मंदिर में देवी काली की प्रचण्ड रूप की प्रतिमा स्थापित है। इस प्रतिमा में देवी काली भगवान शिव की छाती पर पैर रखे नजर आ रही हैं और उनके गले में नरमुंडों की माला है, उनके हाथ में कुछ कुल्हाड़ी और कुछ नरमुंड हैं, कमर में कुछ नरमुंड भी बंधे हुए हैं। उनकी जीभी बाहर निकली हुई है और जीभ से कुछ रक्त की बूंदे टपक रह हैं। गौरतलब है कि प्रतिमा में मां काली की जीभ स्वर्ण से बनी हुई है। **पहले भागीरथी के किनारे था कालीघाट मंदिर** कोलकाता का कालीघाट मंदिर पहले हुगली नदी (भागीरथी) के किनारे स्थित हुआ करता था लेकिन समय के साथ भागीरथी दूर होती चली गई और अब कालीघाट मंदिर आदिगंगा नहर के किनारे स्थित है तो अंततः हुगदी नदी से जाकर मिलती है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### गर्मी में ओवरहीटिंग से फट सकता है आपका स्मार्टफोन

**आम** जिंदगी के कई सारे जरूरी काम अब हम इसी स्मार्टफोन से करते हैं। अगर हमारा स्पोर्टफोन काम करना बंद कर दे तो हमारे कई सारे काम रुक सकते हैं। गर्मी आ चुकी है और गर्मी से सिर्फ इंसान ही नहीं परेशान होता है बल्कि हमारा ये स्मार्टफोन भी पेरशानियां झेलता है। स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। आम जिंदगी के कई सारे जरूरी काम अब हम इसी स्मार्टफोन से करते हैं। अगर हमारा स्पोर्टफोन काम करना बंद कर दे तो हमारे कई सारे काम रुक सकते हैं। गर्मी आ चुकी है और गर्मी से सिर्फ इंसान ही नहीं परेशान होता है बल्कि हमारा ये स्मार्टफोन भी पेरशानियां झेलता है। इसमें कई तरह की दिक्कतें आने लगती हैं। गर्मी में हमें स्मार्टफोन को एक्स्ट्रा देखभाल की जरूरत पड़ती ही है। हर एक स्मार्टफोन में थोड़ी बहुत हीटिंग होती ही है लेकिन गर्मियों के मौसम में ये समस्या कुछ ज्यादा देखने को मिलती है। अगर आपका फोन थोड़ा पुराना हो चुका है और वह ओवर हीट कर रहा है तो



आपको सावधान हो जाना चाहिए। आपको इस मौसम में पोन का हीटिंग को जरा भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर फोन ज्यादा गर्म हो जाता है तो हो सकता है कि इसकी बैटरी ब्लास्ट कर जाए और इससे आपको भारी नुकसान हो सकता है। अगर आपका भी स्मार्टफोन थोड़ी देर इस्तेमाल करने पर ओवरहीट होने लगता है तो हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीके बताने जा रहे हैं जिससे आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कुलगाम में 40 घंटे के बाद मुठभेड़ खत्म, तीन आतंकी हुए ढेर



**एजेंसी। श्रीनगर**

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में लगभग 40 घंटे के बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ खत्म हो गई है। सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना के चिनार कोर ने एक्स पर बताया कि कुलगाम के सामान्य क्षेत्र रेडवानी पाइन में 6-7 मई की मध्यरात्रि को शुरू हुआ एक संयुक्त अभियान लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है। साथ ही तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। रेडवानी इलाके में सोमवार से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार शाम को एक और आतंकी को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके साथ ही इस मुठभेड़ में तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया। इससे पहले मंगलवार को टीआरएफ का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार और उसका साथी फहीम अहमद बाबा मारा गया था।

सूत्रों के अनुसार, सोमवार रात इलाके में तीन आतंकियों बासित अहमद डार, फहीम अहमद बाबा और मोमिन की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू किया था।

### पुंछ हमले में शामिल तीन आतंकियों के फोटो सामने आए

पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में लश्कर-ए-ताइबा का कमांडर अबू हमजा समेत तीन से ज्यादा आतंकी शामिल थे। सीसीटीवी में कैद तीन दहशतगर्दों की तस्वीरें बुधवार को वायरल हो गईं। एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि शनिवार को हुए हमले में आतंकी 20 मिनट तक अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। पुंछ के डन्ना शाहस्तार में हुए हमले में शामिल तीन आतंकियों के फोटो सामने आए हैं। इनमें लश्कर का पाकिस्तानी कमांडर अबू हमजा, पाकिस्तानी सेना का पूर्व कमांडो इलियास फौजी व पाकिस्तानी दहशतगर्द हदून नजर आ रहा है। पूर्व कमांडो कई वर्षों तक पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और आतंकी संगठनों की साझा बैट टीम बार्डर एक्शन टीम में काम कर चुका है।

सुरक्षाबलों को आशंका है कि यही आतंकी राजोरी में भी अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए घटनाओं को अंजाम देने में शामिल हैं। इनके फोटो सामने आने से एक बार फिर जम्मू -कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ाने में पाकिस्तान के शामिल होने का प्रमाण मिला है। इन तस्वीरों के आधार पर फोटो के आधार पर सुरक्षाबलों ने जल्द ही इन आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं।

### मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकी की पहचान हुई



**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकी की गुरुवार को पहचान कर ली गई। पुलिस ने बताया कि कुलगाम मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकवादी की पहचान श्रीनगर शहर में ईदगाह इलाके के निवासी गुलजार अहमद मीर के बेटे मोमिन गुलजार मीर के रूप में हुई है। बुधवार को कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल पर फायरिंग शुरू हुई थी। पुलिस ने बताया कि इलाके को सील कर दिया गया और एकमात्र जिंदा आतंकवादी को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन शुरू किया गया। वह बुधवार शाम मारा गया। इससे पहले सुरक्षाबलों ने इस मुठभेड़ स्थल पर टीआरएफ के टॉप कमांडर बासित डार समेत दो आतंकवादियों को मार गिराया था। कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के कारण उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था।

**शराब नीति घोटाला मामला**

## सीएम केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करेगा ईडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर सकता है। यह पहली बार होगा जब मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम चार्जशीट में होगा। फिलहाल अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 10 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ कथित दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूरक आरोपपत्र दाखिल कर सकता है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को कथित दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था।

**सैम की नस्लीय टिप्पणी पर बोले रविशंकर प्रसाद**

## अब क्यों चुप हैं सोनिया राहुल, प्रियंका और लालू




**एजेंसी। पटना**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने सैम पित्रोदा के भारत पर की गई नस्लीय टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि उन्हें बयान दिए एक दिन हो गए, लेकिन, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, लालू यादव सहित सभी विपक्षी पार्टियों के तमाम नेता चुप क्यों हैं? रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष के नेताओं ने कुछ नहीं कहा। सैम पित्रोदा ने भारत को शर्मसार किया है। भारत को लेकर नस्लीय टिप्पणी की। कांग्रेस ने केवल चुपचाप सैम पित्रोदा का इस्तीफा ले लिया। यह चुप्पी बताती है कि सैम पित्रोदा के बयान को इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं का मौन समर्थन है। उन्होंने आगे कहा कि सैम पित्रोदा राजीव गांधी के बाद राहुल गांधी के भी सलाहकार हैं। गांधी परिवार के सदस्य भी हैं, जिस तरीके का बयान उन्होंने दिया है, उससे पूरा देश शर्मसार है और इसका जवाब कांग्रेस अभी तक क्यों नहीं दे रही है। भारत एक है। यहां की सांस्कृतिक इतिहास को समझने की आवश्यकता है। पित्रोदा का बयान भारत का अपमान है।

# बढ़ती मुस्लिम आबादी का पहला प्रभाव एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण पर

**9 राज्यों और कई दर्जन जिलों में हिंदू समुदाय अब अल्पसंख्यक हो गया**

**पूरे देश में कोई जिला या राज्य ऐसा नहीं है जहां मुसलमानों की आबादी घटी हो**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 फीसद की कमी व मुसलमानों की आबादी में 43.15 फीसद बढ़ोतरी पर भाजपा ने चिंता जताई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने देश में तेजी से बढ़ती मुस्लिम आबादी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों को यह बताना चाहिए कि जब वह आबादी के आधार पर आरक्षण देने की बात करते हैं तो आखिर किसका हिस्सा काटकर मुसलमानों को आरक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल साफ है कि मुस्लिमों की बढ़ती आबादी का पहला प्रभाव एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण पर पड़ने जा रहा है और ये दल इन्हीं लोगों से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और अन्य समुदाय की आबादी तो जन्म के आधार पर बढ़ रही है, लेकिन देश में मुस्लिम आबादी तीन तरीकों से बढ़ रही है- पहला जन्म के आधार पर, दूसरा धर्मांतरण के आधार पर और तीसरा घुसपैठ के आधार पर और इन तीनों ही मामले में इंडी गठबंधन के दल इन्हें सेक्युलर कवर और समर्थन देते हैं।



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण देने का मुद्दा कांग्रेस, लालू यादव और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने उठाया था, भाजपा ने नहीं। इन आंकड़ों पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह आंकड़े आए नहीं हैं। यह वैसा सच है जो सबको पता है और पिछले एक दशक से सबको पता है। उन्होंने कहा कि देश के 9 राज्यों और कई दर्जन जिलों में हिंदू समुदाय यूं ही अल्पसंख्यक नहीं हो गया है। असदुद्दीन ओवैसी द्वारा मुस्लिम समुदाय की फर्टिलिटी रेट कम होने के बयान को खारिज करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि आंकड़े सबके सामने हैं। देश में कोई जिला या राज्य ऐसा नहीं है जहां मुस्लिमों की आबादी घटी हो।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून

इस संबंध में पूछे गए सवाल पर सुधांशु ने कहा कि जो लोग जनसंख्या के विस्फोट में अपनी तात्कालिक राजनीति की संभावनाएं देखते हैं, भले ही दीर्घकालिक भविष्य में देश का कुछ भी हो तब तक इस गंभीर विषय पर सभी दलों में आम सहमति बन पाना एक चुनौती रहेगी। यह एक ऐसा विषय है जिसमें देश के जन-जन को और सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से ऊपर उठकर एक विचार बनाना चाहिए।

### बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनावी चाल बताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई (एम) और कांग्रेस सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने 1950 से 2015 तक अल्पसंख्यकों के मुकाबले हिंदुओं की आबादी कम होने के संबंध में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की जारी रिपोर्ट के समय पर सवाल उठाया है। इन राजनीतिक दलों ने ईएसी-पीएम रिपोर्ट को लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक चाल बताया। सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो के सदस्य और पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट जारी करने के बजाय सरकार को जनगणना करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस के एजेंडे के तहत चुनाव के बीच यह रिपोर्ट जारी की गई है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य समीरुल इस्लाम ने कहा कि चुनाव के बीच जारी इस रिपोर्ट से पता चलता है कि बीजेपी में हार का डर बैठ गया है। भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्य शुभंकर सरकार ने कहा, 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिम बंगाल में हिंदू आबादी में वृद्धि मुसलमानों की तुलना में अधिक थी।

### हिंदुओं की घटती आबादी कांग्रेस की तुष्टीकरण का नतीजा : गिरिराज

**बेगूसराय।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता व बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने भारत में घटती हिंदुओं की आबादी पर कहा कि ये कांग्रेस की तुष्टीकरण का नतीजा है। मैं तो कहता हूं कि मुस्लिम आबादी 14 नहीं, बल्कि 20 फीसद के आसपास पहुंच चुकी है। अगर समय रहते इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो आगामी दिनों में हम सभी को इसके दुष्परिणाम से गुजरना होगा।

### अमित मालवीय ने कहा हिंदुओं की आबादी घटने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** 1950 से 2015 के बीच देश में हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी होने पर चिंता जाहिर करते हुए भाजपा ने इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने इससे जुड़ी खबर को एक्स में शेयर कर कहा कि दशकों के कांग्रेस शासन ने हमारे साथ यही किया। उन्हें छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं होगा।

### मुस्लिमों से अल्पसंख्यक दर्जा वापस लें : विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद ने तेजी से बढ़ती मुस्लिम आबादी को देश के लिए घातक बताते हुए समान जनसंख्या नीति बनाने की मांग की है। विहिप ने इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय से अल्पसंख्यक का दर्जा वापस लेने और चुनाव आयोग से धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कहने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने ईएसी-पीएम के रिपोर्ट को चौंकाने वाला बताया। उन्होंने कहा इसके अंदर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए शामिल नहीं है, इसके अंदर मुस्लिम समुदाय का वह वर्ग भी शामिल नहीं है जो अपने आपको जनगणना जैसी गतिविधियों से दूर रखता है। इन सबको मिल दिया जाए तो यह वृद्धि देश के लिए चिंताजनक है। विहिप नेता ने कहा कि मुस्लिम समाज की बढ़ती आबादी उनमें आक्रामकता का निर्माण कर रही है। इसलिए वह कभी कहते हैं कि 70 प्रतिशत हिंदुओं को गंगा में बहा देंगे, तो कभी कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर हटाकर वहां बाबरी मस्जिद बना देंगे।

## इजरायल वॉर कैबिनेट करेगी बंधक समझौते और अस्थायी युद्धविराम पर चर्चा

**तेल अवीव।** हमास और इजरायल के बीच अस्थायी युद्धविराम समझौते और बंधकों के मुद्दे पर चर्चा के लिए इजरायल वॉर कैबिनेट की गुरुवार को बैठक होगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योव गैलेंट, बेनी गैंट्ज और अन्य नेता वॉर कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेंगे। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि वे काहिरा में होने वाली शांति वार्ता में हिस्सा लेंगे। पीएम नेतन्याहू ने दौरे पर आए सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स से कहा कि रफा ऑपरेशन को रोका नहीं जाएगा। इजरायल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आईडीएफ याह्या सिनवार की तलाश में है और उसके मारे जाने या पकड़े जाने तक चैन से नहीं बैठेगा। इजरायलियों ने सीआईए प्रमुख को बताया है कि सिनवार रफा में सुरंगों में छिपा हुआ है और सैन्य कार्रवाई के बिना उसे मारना या पकड़ना संभव नहीं होगा।

# दूसरे दिन भी रद्द हुई एयर इंडिया की 74 उड़ानें, कई कर्मचारियों की छुट्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू के एक साथ बीमारी की छुट्टी पर चले जाने के कारण गुरुवार को भी 74 उड़ानें रद्द हुई। सूत्रों से ये जानकारी दी गई। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की कुल 292 उड़ानें थीं, जिसमें से 74 रद्द हुई हैं। वहीं, नाम न बताने की शर्त पर एक केबिन क्रू ने बताया कि एयरलाइन ने इसके जवाब में करीब 20 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। जानकारी के मुताबिक, नौकरी की सुरक्षा, वेतन संरक्षण और वरिष्ठता और विशेषज्ञता की मान्यता को लेकर किए गए वादे में विचलन देखने को मिला है, जिसके कारण कर्मचारी एक साथ बीमारी की




छुट्टी पर चले गए हैं। एयरलाइन के केबिन क्रू का प्रतिनिधित्व करने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संगठन ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को टाटा ग्रुप द्वारा कंपनी के अधिग्रहण के बाद आ रही कर्मचारियों को आ रही समस्याओं को लेकर एक पत्र भी लिखा था, जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड की मौजूदा स्थिति के बारे में बताया गया था। यूनियन ने पत्र में आरोप लगाया गया कि एयरलाइन के कुप्रबंधन और स्टाफ के साथ अनुचित व्यवहार के कारण कर्मचारियों के मनोबल में कमी आई है।

वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस के सीईओ आलोक सिंह ने कर्मचारियों के लिखे पत्र में कहा है कि यह एयरलाइन के अन्य 2,000 कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, जो अपनी ड्यूटी कर रहे हैं और पूरे गर्व के साथ यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। पत्र में सिंह ने लिखा, पिछली शाम से 100 से ज्यादा केबिन क्रू छुट्टी पर चले गए हैं, जिससे एयरलाइन का संचालन प्रभावित हुआ है। इसमें ज्यादातर एल1 रोल में शामिल कर्मचारी हैं, जिसके कारण 90 से ज्यादा उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

## पीएम के बारे में आपत्तिजनक बयान देने पर राऊत के विरुद्ध मामला दर्ज



**एजेंसी। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक बयान देने पर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत के विरुद्ध संभाजीनगर जिले के पुंडलिक नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद राठोड़ ने गुरुवार को मामला दर्ज करवाकर संजय राऊत को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। प्रमोद राठोड ने बताया कि संजय राऊत ने अहमदनगर जिले में प्रधानमंत्री को दफनाने की बात की थी। इससे संवैधानिक पद बैठे प्रधानमंत्री मोदी का अपमान हुआ है और देश की जनता की भावनाएं भी आहत हुई हैं। प्रमोद राठोड़ ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान संजय राऊत का दिमागी स्तर बिगड़ गया है और वे इसी तरह की बेमतलब बयानबाजी करने लगे हैं। इसी मामले को लेकर भाजपा प्रवक्ता राम कुलकर्णी ने बीड जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर संजय राऊत पर कार्रवाई करने की मांग की है। राम कुलकर्णी ने कहा कि संजय राऊत की ओर से पीएम को दफनाने वाले बयान से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए राऊत पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**दमदमी टकसाल मेहता के मुखिया का बयान, कहा**

## पांच बच्चे पैदा करें सिख, एक खुद रखो, बाकी चार हमें दे दो



**एजेंसी। अमृतसर (पंजाब)**

दमदमी टकसाल मेहता के मुखी बाबा हरनाम सिंह धुम्मा के एक बयान पर विवाद शुरू हो गया है। धुम्मा ने एक धार्मिक सभा में बयान दिया है कि हर सिख परिवार पांच बच्चे पैदा करे। इस बयान की वीडिया सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। कुछ लोग पक्ष और कुछ विपक्ष में बयान दे रहे हैं। धुम्मा ने कहा कि अगर सिख परिवार पांच बच्चे संभाल नहीं सकते तो चार बच्चे दमदमी टकसाल को दे दें। हम बच्चों का पालन पोषण करेंगे और पढ़ाएंगे। उनको धार्मिक शिक्षा दी जाएगी। कुछ कौम के जत्थेदार होंगे, कुछ ग्रंथी और कुछ प्रचारक आदि तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर अभी से हम इसके प्रति गंभीर नहीं हुए तो आने वाले समय में हम पंजाब में अल्पसंख्यक हो जाएंगे। पंजाब में 52 प्रतिशत सिख है बाकी लोग बाहर से आए हुए हैं। हमें अपनी कौम का भविष्य बचाने के लिए अधिक बच्चे पैदा करने होंगे। धुम्मा ने कहा कि आज युवा नशे के शिकार हो रहे हैं, फिर भी लोग अपने बच्चों को नशे से बचाने के लिए डेरों में नहीं भेज रहे है। पहले डेरों पर भी शिक्षा दी जाती थी और लोग नशे से दूर रहते थे। उन्होंने कहा कि भविष्य बचाने के लिए सिखों को अपनी जनसंख्या बढ़ानी होगी।

## आज का राशिफल

**मेष:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**वृषभ:** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क:** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें।

**कन्या:** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला:** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक:** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु:** लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर:** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ:** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पडकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।

### थल सेनाध्यक्ष का देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर



**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सैन्य जीवन अलविदा कहने पर उनकी राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी दूसरी पारी में बदल जाती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उनके लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भारतीय सेना की प्रतिबद्धता दोहराई। थल सेनाध्यक्ष गुरुवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शिखर सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें अनुभवी उद्यमी, व्यवसाय और उद्योग क्षेत्र के अग्रणी दिग्गज, कॉर्पोरेट संस्थाएं, सरकार और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों को एक आम मंच पर एक साथ लाना था, ताकि उद्यम की आवश्यकताओं और दिग्गजों के पास मौजूद मुख्य दक्षताओं के बीच अंतर को कम किया जा सके।

# रूस ने अमेरिका पर भारत के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी का लगाया आरोप

**एजेंसी। मास्को**

अमेरिका पर भारत के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी का आरोप लगाते हुए रूस ने कहा है कि वाशिंगटन देश में धार्मिक स्वतंत्रता को खतरे के बारे में नियमित रूप से निराधार आरोप लगाकर लोकसभा चुनावों को 'उलझाने' की कोशिश कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की हाल में जारी रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि वाशिंगटन न सिर्फ भारत, बल्कि कई दूसरे देशों पर भी 'निराधार' आरोप लगाता है। जखारोवा ने बुधवार को मास्को में मीडियाकर्मियों को बताया, अमेरिका द्वारा नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के आधारहीन आरोप यह दिखाते हैं कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय




मानसिकता तथा भारतीय विकास के ऐतिहासिक संदर्भ को नहीं समझता है और एक राष्ट्र के रूप में भारत का अपमान करता है। हम देख रहे हैं कि वे न सिर्फ भारत पर, बल्कि कई अन्य देशों पर भी निराधार आरोप लगा रहे हैं।

मीडिया ब्रीफिंग के दौरान जखारोवा से एक अमेरिकी समाचार पत्र में प्रकाशित एक रिपोर्ट के बारे में भी पूछा गया जिसमें एक भारतीय अधिकारी पर विदेशी जमीन पर एक 'हत्या के प्रयास' में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

जखारोवा ने कहा, हमारे पास जो जानकारी है उसके अनुसार, वाशिंगटन ने जी.एस. पन्नून की हत्या साजिश में भारतीय नागरिकों के शामिल होने का कोई ठोस सबूत नहीं दिया है। सबूतों के अभाव में इस मामले में अटकलबाजी स्वीकार्य नहीं है।

भारत ने पिछले सप्ताह यूएससीआईआरएफ की आलोचना करते हुए कहा था कि भारत के आम चुनावों में दखलअंदाजी करने की एजेंसी की कोशिश कभी कामयाब नहीं होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, वे पहले भी अपनी रिपोर्ट रिलीज करते थे। यूएससीआईआरएफ की छवि एक पक्षपाती संगठन की है जिसका राजनीतिक एजेंडा है। वे भारत के बारे में अपना प्रॉपेगेंडा वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में प्रकाशित करते रहते हैं। हमें यूएससीआईआरएफ से भारत की विविधता, बहुलता और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की उम्मीद नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में दखलअंदाजी का उनका प्रयास कभी कामयाब नहीं होगा।

### रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा

मुझे यकीन है कि यह नवउपनिवेशवाद की मानसिकता है, औपनिवेशिक युग की, गुलामों के व्यापार के समय की और साम्राज्यवादी युग की मानसिकता है...। यह सिर्फ भारत पर लागू नहीं होता है। इसके पीछे भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति में असंतुलन पैदा करने की इच्छा है ताकि देश में हो रहे लोकसभा चुनावों को उलझाया जा सके। निस्संदेह यह भारत के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी है।

## न्यूज बॉक्स

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं डॉ सुदेश धनखड़ 10 मई को अयोध्या जाएंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार एक दिवसीय अयोध्या दौरे पर उपराष्ट्रपति अयोध्या के श्रीराम लला मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, कुबेर टीला में दर्शन करेंगे और सरयू घाट पर आरती में सम्मिलित होंगे।

### पीएम मोदी ने बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख मोरन मोर अथानासियस योहान के निधन पर दुख जताया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख मोरन मोर अथानासियस योहान के निधन पर दुख जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं मेट्रोपॉलिटन ऑफ बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च, मोरन मोर अथानासियस योहान के निधन से दुखी हूं। उन्हें समाज के प्रति उनकी सेवा और वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर जोर देने के लिए याद किया जाएगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और बिलीवर्स चर्च के सभी समर्थकों के साथ हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

### बिहार में भारत-नेपाल सीमा के जोगबनी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग का कुख्यात शूटर गिरफ्तार

**फारबिसगंज/अररिया।** भारत-नेपाल सीमा के जोगबनी बॉर्डर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग का कुख्यात शूटर प्रकाश पकड़ा गया है। उसे अररिया के जोगबनी से गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान के बीकानेर में एक होटल से जुड़े फिरौती मामले में वो मोस्ट वांटेड है और रिमांड होम से भागकर वह विराटनगर (नेपाल) में छिपकर रह रहा था। बताया जा रहा है कि जोगबनी रेलवे स्टेशन के पास एटीएम फ्रॉड मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। जोगबनी पुलिस जिसे एक मामूली एटीएम फ्रॉड का आरोपी समझ कर गिरफ्तार किया है वह दरअसल राजस्थान के विश्नोई ग्रुप का शूटर है। विश्नोई गैंग राजस्थान का एक बड़ा आपराधिक समूह है। इनके विरुद्ध राजस्थान में कई मामले दर्ज हैं।





# मुंबई के सीनियर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या की नेतृत्व शैली से नाखुश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने बुधवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) को हराकर पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ दौड़ से बाहर कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम के कुछ वरिष्ठ सदस्यों ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की शैली को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है, जिससे आईपीएल सीजन के दौरान टीम का मनोबल लड़खड़ा गया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने हार के बाद एक बैठक की जिसमें खिलाड़ियों ने व्यक्त किया कि वे अंतर्निहित समस्या क्या मानते हैं और समस्या का निर्धारण करने के लिए व्यक्तिगत बैठकें भी आयोजित की गईं।



मुंबई इंडियंस पिछले एक दशक से रोहित शर्मा के नेतृत्व में है और एक नए कप्तान के आने से ड्रेसिंग रूम में खलबली मचना तय है। मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने इस सीजन में टीम के संघर्ष को उस संक्रमणकालीन चरण के लिए जिम्मेदार ठहराया, जिसमें वे अभी हैं। अधिकारी के हवाले से कहा गया है, ये उस टीम के लिए नियमित शुरूआती समस्याएं हैं जो नेतृत्व परिवर्तन देखती है। खेल में यह हर समय होता है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एमआई की हार के बाद, पांड्या ने बताया कि उनका मानना है कि तिलक वर्मा अक्षर पटेल को अधिक निशाना बना सकते थे और हार के लिए खेल जागरूकता को जिम्मेदार ठहराया। यह विशेष घटना टीम के लिए अच्छी नहीं रही क्योंकि वर्मा ने रात में 32 गेंदों में 63 रन बनाकर शानदार पारी खेली और वह इस सीजन में टीम के शीर्ष स्कोरर भी हैं। मुंबई इंडियंस फिलहाल गुजरात टाइटंस से एक मैच ज्यादा खेलकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। प्लेऑफ में क्वालीफिकेशन की सभी उम्मीदें अब फ्रैंचाइजी के पीछे हैं, प्रबंधन के लिए अगले सीजन से पहले सभी संभावित कमियों को दूर करना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि अगले सीजन में अपनी छठी आईपीएल ट्रॉफी जीतने की संभावना को अधिकतम किया जा सके।

## सुपर डिवीजन का फाइनल मुकाबला सेल और मेकॉन के बीच 11 को




**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन क्रिकेट मैच के दूसरे सेमीफाइनल में सेल यूनिट्स रांची की टीम ने हरमू यूथ क्रिकेट क्लब को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। बारिश से धुले इस मैच में एक ही पारी की मैच हो पाई। मैच का फैसला टॉस से हुआ और जीत सेल टीम की हुई। फाइनल मुकाबला मेकॉन और सेल के बीच 11 मई को मेकॉन ग्राउंड में होगा। आज के मैच में सेल टीम के तरफ से मोहित कुमार मैन ऑफ द मैच बने। उन्होंने 7 ओवर की गेंदबाजी में 43 रन देकर 2 विकेट लिए। हरमू क्रिकेट क्लब से श्रेष्ठ सागर ने 96 और प्रिंस कुमार सिंह ने 49 रन बनाए।

# बायर्न म्यूनिख को हराकर फाइनल में पहुंचा रियल मैड्रिड



मैड्रिड, 9 मई (हि.स.)। स्थानापन्न खिलाड़ी जोसेलु के अंतिम क्षणों में किये गए दो गोलों की मदद से रियल मैड्रिड ने बुधवार को बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्रों में दूसरी बार चैम्पियंस लीग के फाइनल में जगह बनाई। मैच में बायर्न 88वें मिनट तक स्थानापन्न खिलाड़ी अल्फोंसो डेविस के गोल की बदौलत 1-0 से आगे चल रहा था, लेकिन इसके बाद जोसेलु ने गोलकीपर मैनुअल नॉयर की गलती का फायदा उठाते हुए गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 से बराबरी दिला दी। दो मिनट बाद जोसेलु ने अपना दूसरा गोल करते हुए रियल मैड्रिड को 2-1 से जीत दिला दी। रियल मैड्रिड ने 4-3 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमें के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण 2-2 से बराबरी पर रहा था। रियल मैड्रिड अब अपने 15वें चैंपियंस लीग खिताब के लिए 2 जून को लंदन में बोरूसिया डॉर्टमुंड का सामना करेगा। 1997 के यूरोपीय चैंपियन बोरूसिया डॉर्टमुंड ने मंगलवार को पेरिस सेंट-जर्मेन को कुल मिलाकर 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

## लगातार तीसरी बार हजार के पार पहुंचा आईपीएल में लगे छक्कों का आंकड़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लगातार तीसरी बार आईपीएल के एक सीजन में एक हजार से अधिक छक्के लगे हैं। 2022 में दो नई टीमों के आने से मैचों की संख्या में बढ़ोतरी हुई और इसका सीधा असर छक्कों की संख्या पर भी पड़ा। उस सीजन 74 मैचों में कुल 1062 छक्के लगे थे। इससे पहले सर्वाधिक 872 छक्के आईपीएल 2018 में लगे थे। आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे और अब यह आंकड़ा भी ज्यादा दूर दिखाई नहीं दे रहा है। इस सीजन में अभी 17 मैच और बचे हुए हैं और इस आंकड़े को पार करने के लिए सिर्फ.110 और छक्कों की दरकार है। आईपीएल 2023 में एक हजार छक्कों की संख्या 67वें मैच में पूरी हुई थी जबकि इस बार 10 मैच कम और 2312 गेंद पहले ही पूरी हो गई।

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में खूंटी की एलिसा को कांस्य पदक



**रांची/खूंटी।** उत्तराखंड के देहरादून में नौ से 12 मई तक आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहीं खूंटी की एलिसा केरकेट्टा ने महिला श्रेणी के 68 किलोग्राम भार वर्ग में झारखंड के लिए पहला पदक जीतकर राज्य और जिले का नाम रोशन किया। एलिसा तेलंगाना, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहीं। उनकी इस सफलता पर खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सह कोच हेजाज असदक, सचिव हरीश कुमार, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, कराटे कोच शादाब खान, स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष सेंसेई मानस सिन्हा, सीईओ सेंसर के के सिंह, सेनसेई रंजीत मेहता सहित संघ के कई पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# पेरिस ओलम्पिक शूटिंग का फाइनल चयन ट्रायल आज से भोपाल में

### देश के शीर्ष खिलाड़ी करेंगे भागीदारी



**एजेंसी। भोपाल**

पेरिस ओलम्पिक के लिए शूटिंग (रायफल और पिस्टल) के फायनल सिलेक्शन ट्रायल शुक्रवार, 10 मई से आगामी 19 मई तक राजधानी भोपाल स्थित मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में किया जा रहा है। इस सिलेक्शन ट्रायल में देश भर के 35 शीर्ष खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए निशाना साधेंगे। खेल विभाग के जनसम्पर्क अधिकारी विकास खराड़कर ने गुरुवार को बताया कि मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध है। भारतीय रायफल संघ ने उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए पेरिस ओलम्पिक के फायनल ट्रायल कराने के लिए राज्य शूटिंग अकादमी को चुना है। यहां 10 से 19 मई के बीच 7 इवेन्ट में ओलम्पिक सिलेक्शन ट्रायल होंगे। इनमें 10 मी. एयर पिस्टल पुरूष, 10 मी. एयर रायफल पुरूष वर्ग, 10 मी. एयर रायफल महिला वर्ग, 25मी. रेपिड फायर पुरूष, 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल महिला, 50 मी. 3 पोजीशन पुरूष वर्ग 50 मी. 3 पोजीशन महिला वर्ग शामिल है। उल्लेखनीय है कि इस सिलेक्शन ट्रायल में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के दो खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह और आशी चौकसे भी भागीदारी करेंगे। दोनों ही खिलाड़ी अब तक अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। एश्वर्य प्रताप सिंह ने टोक्यो ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है।

## दिल्ली ने केरल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**एजेंसी। नारायणपुर**

दिल्ली गुरुवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में टाई-ब्रेकर के जरिए केरल को हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई। निर्धारित समय के अंत में टीमें 3-3 से बराबरी पर थीं और 30 मिनट का अतिरिक्त समय भी गतिरोध को तोड़ने में विफल रहा, जिसके बाद टाई-ब्रेकर लागू किया गया। टाई-ब्रेकर में दिल्ली अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर साबित हुई और 4-1 से जीत हासिल की। दिल्ली के गोलकीपर करण मक्कड़ ने दो पेनल्टी किक बचाकर अपनी टीम की जीत में इजाफा किया। मक्कड़ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कर्नाटक और मणिपुर के बाद दिल्ली सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम बन गई है। टाई-ब्रेकर में दिल्ली के लिए एसटी लैमलियान, ऋतुराज मोहन, कामगिनसेई टौथांग और अक्षय राज सिंह ने गोल किए। केरल के लिए केवल अक्षय कुमार सुबेदी ही अपने शॉट को सही जगह भेजने में कामयाब रहे। 90 मिनट का निर्धारित समय एक दिलचस्प मामला था क्योंकि नियमित अंतराल पर मैच का भाग्य एक छोर से दूसरे छोर तक घूमता रहता था।

# व्यापार

## पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी

### 5 जी की हिस्सेदारी 71 फीसदी पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ग्राहकों के अपने पुराने फोन छोड़कर महंगे फोन खरीदने से एक साल पहले की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री संख्या के हिसाब से आठ प्रतिशत और मूल्य के मामले में 18 बढ़ी है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि तिमाही के दौरान बिकने वाले हर 100 स्मार्टफोन में 71 प्रतिशत 5जी स्मार्टफोन थे। देश के समग्र स्मार्टफोन बाजार में प्रीमियम सेगमेंट की हिस्सेदारी अब तक के अपने उच्चतम स्तर 20 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर 51 प्रतिशत) पर पहुंच गई है। वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा, भारत का स्मार्टफोन बाजार पहली तिमाही में अपने उच्चतम मूल्य पर पहुंच गया। लोग प्रीमियम फोन ज्यादा खरीद रहे हैं। इससे स्मार्टफोन बाजार में राजस्व बढ़ा है। मध्य-स्तर के उपभोक्ताओं में से एक-तिहाई से ज्यादा प्रीमियम सेगमेंट में अपग्रेड करने के इच्छुक हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस ट्रेंड के पीछे के कारकों में किफायती फाइनेंसिंग योजनाएं, ट्रेड-इन के लिए बेहतर मूल्य और बंडल योजनाएं शामिल हैं। साथ ही एआई, गेमिंग और इमेजिंग एन्हांसमेंट्स जैसी टॉप फीचर्स की मांग भी शामिल है। पहली बार, विवो ने एक ही तिमाही में वॉल्यूम के मामले में बाजार का नेतृत्व किया।

# सेंसेक्स 1,062 अंक गिरकर हुआ बंद, निवेशकों के 7 लाख करोड़ डूबे



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। कंपनियों द्वारा मार्च तिमाही के अनुमान से कमजोर नतीजे पेश के कारण बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 1,062 अंक या 1.45 प्रतिशत गिरकर 72,404 और निफ्टी 345 अंक या 1.55 प्रतिशत गिरकर 21,957 अंक पर बंद हुआ। बाजार में लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर अधिक दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 927 अंक या 1.85 प्रतिशत गिरकर 49,109 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 465 अंक या 2.83 प्रतिशत गिरकर 15,995 पर बंद हुआ। गिरावट के चलते निवेशकों के करीब सात लाख करोड़ डूब गए। बाजार में उथल-पुथल को दर्शाने वाले इंडिया विक्स में आज 6.56 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया और यह 18.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में ऑटो इंडेक्स को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। गिरावट का सबसे ज्यादा असर एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी और पीएसई इंडेक्स पर देखा गया है। ये सभी 2 प्रतिशत से लेकर 3.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के 30 में 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। टॉप 5 लूजर्स में एलएंडटी, एशियन पेंट्स, जेएसडब्लू स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस थे। वहीं, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एसबीआई, एचसीएल चेक और इन्फोसिस गेनर्स की लिस्ट में थे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, चुनावी नतीजों पर अनिश्चितता के कारण बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। इस मंदी के पीछे फिलहाल कोई बड़ा वैश्विक कारण नहीं है। अब तक एफआईआई बेच रहे थे और घरेलू निवेशक बाजार में खरीदारी कर रहे थे, लेकिन चुनाव जैसा बड़ा इवेंट होने के कारण घरेलू निवेशकों ने खरीदारी कम कर दी है और एफआईआई लगातार बिकवाली कर रहे हैं। इस कारण बाजार में दबाव देखने को मिल रहा है।


## भारत एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में निभा रहा बड़ी भूमिका : टीसीएस चेयरमैन चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि भू-राजनीतिक चुनौतियां लगातार आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर रही हैं और कंपनियां पुनर्संतुलन के जरिए आपूर्ति श्रृंखला को लचीला और किफायती बनाने की कोशिश कर रही हैं। वित्त वर्ष 2024 की वार्षिक रिपोर्ट में उन्होंने कंपनी के सभी पक्षकारों को लिखे पत्र में कहा कि नई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला तैयार हो चुकी है और इसमें भारत एडवांस मैन्युफैक्चरिंग के जरिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दो वर्ष में अधिक महंगाई और सख्त मौद्रिक नीति के कारण मंदी की आशंका बनी हुई थी। लेकिन अब वैश्विक स्तर पर चीजें बेहतर हो रही हैं। महंगाई कम होने के साथ मौद्रिक नीति में भी नरमी आ रही है, जिसके कारण ग्रोथ की संभावना बढ़ रही है।




## स्टेट बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 18.18 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.18 फीसदी बढ़कर 21,384.15 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.18 फीसदी बढ़कर 21,384.15 करोड़ रुपये रहा है।




## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.34 डॉलर यानी 0.41 फीसदी की उछाल के साथ 83.92 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.42 डॉलर यानी 0.53 फीसदी बढ़कर 79.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड्स में 20 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**




सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए म्युचुअल फंडों में होने वाला निवेश अप्रैल के महीने में पहली बार 20 हजार करोड़ रुपये के स्तर को भी पार कर गया। इसके पहले मार्च में एसआईपी के जरिए 19,271 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था, जबकि फरवरी के महीने में ये आंकड़ा 19,187 करोड़ रुपये का था। एसआईपी के जरिये होने वाले निवेश में बढ़ोतरी से इस बात के संकेत मिलते हैं कि देश में दीर्घकालीन लघु बचत के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल के महीने में म्युचुअल फंड्स में नेट इनफ्लो (म्युचुअल फंड्स में नया निवेश) बढ़ कर 2.39 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## सराफा बाजार की तेजी पर ब्रेक, सोना और चांदी के भाव में कुछ गिरावट

**नई दिल्ली।** लगातार तीन दिन तक तेजी का नजारा कराने के बाद घरेलू सराफा बाजार में आज गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में सोने के भाव में आज 100 रुपये से 150 रुपये तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट सोना 72,260 रुपये से 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये से 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## भारत में व्यवसाय खड़ा करना मुश्किल, लेकिन भारतीयों के सपने सच्चे हैं : राधिका गुप्ता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एडलवाइज एसेट मैनेजमेंट की सीईओ और शार्क टैंक जज राधिका गुप्ता ने कहा कि भले ही भारत में व्यवसाय खड़ा करना कई गुना मुश्किल है, लेकिन भारतीयों के सपने सच्चे हैं। देश की अग्रणी परिसंपत्ति प्रबंधकों में से एक एडलवाइज एसेट मैनेजमेंट की एकमात्र महिला सीईओ लॉस एंजिल्स में अमेरिका के मिलकेन इंस्टीट्यूट के 27वें वार्षिक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।



इस कार्यक्रम में टेक अरबपति एलन मस्क ने भी अमेरिकी सपनों की अवधारणा के बारे में खुलकर बात की। भारत की क्षमता और संभावनाओं के बारे में राधिका ने कहा कि यह अब भारतीय सपने का युग है। उन्होंने कहा, "देश के छोटे शहरों का कोई भी व्यक्ति अब इतना बड़ा व्यवसाय खड़ा करने की क्षमता रखता है कि उसे एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया जा सके।" राधिका गुप्ता ने साथ ही कहा कि बड़े युवा उपभोक्ता आधार वाले विश्व स्तरीय डिजिटल बुनियादी ढांचे और उद्यमिता के लिए जबरदस्त माहौल के दम पर सफलता हासिल की जा सकती है।

# भ्रष्ट मंत्रियों और अधिकारियों के 'सेफ हाउस' तक पहुंच ही गई ईडी : बाबूलाल

## झारखंड सचिवालय में प्रवर्तन निदेशालय की तलाशी पर मरांडी ने कसा तंज, कहा... मुख्य सचिव बताएं उनका गोपनीय पत्र नोटों के पहाड़ के बीच कैसे पहुंचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सचिवालय स्थित दफ्तर में ईडी द्वारा ली गई तलाशी के घटनाक्रम को लेकर राज्य की सरकार और टॉप ब्यूरोक्रेसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि ईडी की टीम आखिरकार भ्रष्टाचार के उद्गम स्थल, भ्रष्ट मंत्रियों और अधिकारियों के 'सेफ हाउस' झारखंड मंत्रालय तक पहुंच ही गई। बुधवार की कार्रवाई भले ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े मामले में हुई है, लेकिन ईडी के दस्तक भर से मंत्रालयों में बैठकर पिछले पांच सालों से भ्रष्टाचार का सिंडिकेट चला रहे लोगों की हालत पतली हो गई है। पूर्व सीएम ने कहा कि ईडी की तलाशी को लेकर राज्य के चीफ सेक्रेटरी (सीएस) द्वारा डीजीपी को तलब किया जाना दशार्ता है कि दाल में कुछ काला नहीं है, बल्कि पूरी दाल ही काली है। उन्होंने



*मंत्रालयों में बैठकर पिछले पांच साल से चला रहे हैं भ्रष्टाचार का सिंडिकेट*

*गठबंधन सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड तोड़ने की कसम खा रखी है*

सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मुख्य सचिव हड़बड़ी करने की बजाय ये बताएं कि उनका गोपनीय पत्र नोटों के पहाड़ के बीच कैसे पहुंचा? लगातार आगाह करने के बावजूद कुछ अधिकारी भ्रष्ट गतिविधियों से बाज नहीं आ रहे हैं तो एक बार अपने कुनबे के साथी पूजा सिंघल और छवि रंजन का हश्र देख लें! मरांडी ने कहा कि इस जेएमएम-कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ने की कसम खा रखी है, तो अब ये अधिकारियों के विवेक पर निर्भर है कि उन्हें सोरेन परिवार की चरण वंदना करते हुए भ्रष्टाचार में सहभागी बनना है या झारखंड को विकसित बनाना है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक अन्य पोस्ट में भाजपा नेता ने राज्य के सीएम चंपई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर निशाना साधते हुए लिखा, बढ़िया है। कुछ बेईमान अफसरों, दलालों के साथ मिलकर गरीबों को लूटिए और लुटवाइये। प्रोजेक्ट बिल्डिंग (सरकारी सचिवालय) में एक फ्लोर नोट का भंडार छिपाने के लिए नोटखाना बना दीजिये और फिर देश की एजेंसियां विधिवत सर्च वारंट के साथ वहां जाकर, छापेमारी कर पाप का खजाना और उसके सबूत जुटाने जाए तो राज्य की पुलिस से जांच करने से रुकवाए, बाधा डालिए। पूर्व सीएम ने कहा कि झारखंड भी देश के कानून और कोर्ट-कचहरी से चलता है। देश की एजेंसियों का काम ही देश के किसी भी कोने में जाना और तहखाने में छिपाये गये काला धन को बरामद कर बेईमानों को जेल भेजना है, चाहे वो मुख्यमंत्री हो, मंत्री हो या संतरी हो।

### कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा का बड़ा हमला

# नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी से 140 करोड़ भारतीयों का अपमान : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर जोरदार पलटवार किया है । भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस हमेशा देश तोड़ने और समाज में नफरत फैलाने का काम करती रही है। सैम पित्रोदा का हालिया बयान इसका ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस चरित्र से पूरा देश परिचित है। विदेशों में कांग्रेस के नेता देश का अपमान और बदनाम करने से नहीं चूकते हैं। अब तो वे भारतीयों का भी अपमान करने लगे हैं। भाजपा प्रवक्ता गुरूवार को हरमू रोड के मारू टावर में मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन संबोधित कर रहे थे।



**सैम पित्रोदा का इस्तीफा राजनीतिक ड्रामा**

प्रतुल ने आरोप लगाया कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा महज एक राजनीतिक ड्रामा है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस डैमेज कंट्रोल के लिए है। सैम पित्रोदा अभी भी कांग्रेस पार्टी में हैं और राहुल गांधी के सलाहकार हैं। प्रतुल ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि क्यों अभी तक राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की? राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी देशवासियों का अपमान करने को लेकर देश की जनता से अविलंब माफी मांगे।

**सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस की सोच**

प्रतुल ने कहा कि अब राहुल गाँधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जो कि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। प्रतुल ने तंज कसते हुए कहा कि अंकल सैम ने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकन जैसे दिखते हैं, नॉर्थ-ईस्ट भारत के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिमी भारत के लोग अरब के लोग जैसे दिखते हैं और उत्तर भारत के लोग अंग्रेज जैसे दिखते हैं। प्रतुल ने कहा कि ये केवल सैम पित्रोदा का बयान नहीं है बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी की सोच है।

**संविधान निर्माण में नेहरू का योगदान अधिक**

प्रतुल ने कहा कि सैम पित्रोदा ने दो महीने पहले ही कहा था कि संविधान में बीआर अंबेडकर से ज्यादा पंडित नेहरू का योगदान था। सैम पित्रोदा आरक्षण का भी विरोध करते हैं। कांग्रेस पार्टी भी तो यही करती है। पूरा देश जानता है कि बाबा साहब को चुनावों में हराने के लिए कांग्रेस ने कितनी साजिशें की। कांग्रेस ने तो बाबा साहब को अपने शासनकाल में भारत रत्न भी नहीं दिया। आरक्षण का विरोध कांग्रेस के नेता करते हैं और कांग्रेस इसका आरोप दूसरों पर लगाती है। प्रेस वार्ता में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक और तारिक इमरान उपस्थित थे।

# सीतारमण व बाबूलाल के साथ जमीन घोटले के आरोपी की तस्वीर से मचा बवाल

**रांची। लोकसभा चुनाव के दौरान देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित एक संवाद कार्यक्रम गुरूवार को रांची पहुंची । जिसमें वित्त मंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर बोलीं। लेकिन एक फोटो ने केंद्रीय मंत्री और चैम्बर को विवाद में ला दिया है । दरअसल, जमीन घोटाले में आरोपी और जमानत पर रिहा कारोबारी विष्णु अग्रवाल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फूलों का गुलदस्ता दे रहे हैं और बगल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी खड़े हैं।**

### कौन हैं विष्णु अग्रवाल हैं कौन?

विष्णु अग्रवाल रांची के एक बड़े कारोबारी हैं, वे रांची के न्यूक्लियस मॉल के मालिक भी हैं, साथ ही रांची में रियल स्टेट के कई प्रोजेक्ट बी चला रहे हैं।विष्णु अग्रवाल को चेशायर होम रोड और सिरमटोली में सेना की जमीन को फर्जी कागजात के बल पर खरीदने का आरोप था । इसी मामले में और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने विष्णु अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। बाद में हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई।



### तस्वीर खींचवा लेने से किसी का गुनाह कम नहीं होता, ये मोदी का न्यू इंडिया है : भाजपा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने वायरल हुए फोटो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं था। इसे चैंबर ऑफ कॉमर्स और बदलता झारखंड एनजीओ ने आयोजित किया था। आमंत्रित अतिथियों की पूरी सूची इन्हीं दोनों संगठनों के सौजन्य से तैयार हुई थी। मुलाकातियों की भी सूची इन्हीं दोनों संगठन ने तय किया था। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि विपक्ष जिस तस्वीर को लेकर हाय तौबा मचा रहा है,वह खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली स्थिति हो गई है।निर्मला सीतारमण और बाबूलाल मरांडी चेंबर और बदलता झारखंड के द्वारा तय किए गए मुलाकातियों से शिष्टाचार मुलाकात कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि अगर किसी को लगता है कि वित्त मंत्री के साथ तस्वीर खींचवा लेने से उनका गुनाह कम हो जाएगा तो वह मुगालते में है। यह नरेंद्र मोदी का न्यू इंडिया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम लगातार चलती रहेगी।वर्तमान सरकार में किसी की किसी के साथ तस्वीर आ जाने से उसको रियायत मिल सकती है,यह सोचना भी हास्यास्पद है। सुप्रीम कोर्ट ने भी पीएमएलए को आतंकवाद जैसा अपराध माना है।

### आखिर जमीन घोटालबाज से ये रिश्ता क्या कहलाता है : कांग्रेस

जमीन घोटाले के आरोपी विष्णु अग्रवाल से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मुलाकात पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा से जवाब मांगते हुए कहा कि आखिर क्या डील हुई कि जिस जमीन घोटाले के आरोपी के खिलाफ ईडी की जांच जारी है उस आरोपी से वित्त मंत्री की मुलाकात कराई जा रही है , जबकि प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के ही अधीन है। इस मुलाकात के सूत्रधार बने भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को यह बताना चाहिए कि आखिर विष्णु अग्रवाल के साथ उनका यह रिश्ता क्या कहलाता है।

आज झारखंड की जनता के सामने यह दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है कि झारखंड के एक आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को किसके इशारे पर जमीन के मामले में घोटाले का आरोप लगाकर जेल भेजा गया तथा झारखंड में सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई।

### तस्वीर पर झामुमो ने सोशल मीडिया पर कसा तंज

**झामुमो ने उस तस्वीर को 'एक्स' पर पोस्ट कर तंज कसा है। झामुमो की ओर से लिखा गया है कि हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फारसी क्या? झारखंड की जनता सब विष्णु-बाबू लीला देख और समझ रही है। विष्णु-बाबू लीला का मतलब है विष्णु अग्रवाल और बाबूलाल मरांडी का कनेक्शन।**

# एक तो पूर्व सीएम की सहमति छह माह बाद मिली फिर किसने दबा दी संचिका : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शादहेव ने कहा कि राज्य सरकार के अवर सचिव द्वारा मंत्रिमंडल निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को 15 नवंबर 2023 को पत्र लिखकर वीरेंद्र राम के ऊपर प्राथमिकी करने के संबंध में पत्राचार किया गया था। ईडी ने राज्य सरकार को इस विषय पर 8 मई ,2023 को ही पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज करने को कहा था। प्रतुल ने पत्र की प्रति दिखाते हुए जानना चाहा कि 6 महीने बाद मुख्यमंत्री की सहमति मिलने के बाद भी किन परिस्थितियों में मंत्रिमंडल निगरानी विभाग ने प्राथमिकी से संबंधित संचिका को दबा दिया? प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को स्पष्ट करना चाहिए कि जब पत्र में

*निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर उठे सवाल, संबंधित अधिकारी को शोकॉज करने की मांग*

मुख्यमंत्री की सहमति का जिक्र है तो क्या उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीरेंद्र राम के दबाव में मौखिक आदेश देकर प्राथमिकी दर्ज करने से रुकवा दिया था। प्रतुल ने कहा कि अवर सचिव द्वारा लिखे गए पत्र में इस बात का स्पष्ट वर्णन है कि इस मुद्दे पर विधि विभाग ने भी मुकदमा दर्ज करने से संबंधित अपनी सहमति दी थी। प्रतुल ने कहा इस पूरे प्रकरण से झारखंड सरकार एक्सपोज्ड है और यह स्पष्ट होता है कि झारखंड में वर्तमान व्यवस्था में मुख्यमंत्री का आदेश भी सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए आईवॉश है। इससे स्पष्ट है की पूरी सरकार भ्रष्टाचार में सम्मिलित है।प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अविलंब स्पष्ट करना चाहिए की इस मामले में प्राथमिकी क्यों नहीं हुई और संबंधित अधिकारी को शो कॉज भी करना चाहिए। इसके अतिरिक्त ईडी के द्वारा जितने लोगों पर मुकदमा करने से संबंधित पत्राचार किया है,सब पर राज्य कड़े कदम उठाए। वरना मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी संदेह के दायरे में आ जाएंगे। ऐसे भी वे 3 महीने से ज्यादा से सत्ता में है। तो वीरेंद्र राम के ऊपर प्राथमिक दबाने का आरोप उन पर भी सीधे तौर पर लगेगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना कांग्रेस का है लक्ष्य : यशस्विनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने संसदीय क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील किया। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने पदयात्रा, जनसंपर्क और बैठक के दौरान अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आने पर हर गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 8500 रूपए मतलब साल में एक लाख रुपए दिए जाएंगे, ताकि महिला अपने परिवार का सही तरीके से भरण पोषण कर सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब महिलाओं को भी पुरुषों की बराबरी में लाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस की सरकार आई तो केंद्र की नई सरकारी नियुक्तियों में 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का होगा। आने वाले दिनों में हर सरकारी कार्यालय में आधे कर्मचारियों की संख्या महिलाओं की होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आशा दीदी, मिड डे मील और आंगनबाड़ी कर्मियों के वेतन में भी वृद्धि करेगी।

### आजसू केंद्रीय कार्यालय में एनडीए की बैठक

# एनडीए राष्ट्रहित के प्रति समर्पित, इंडी गठबंधन परिवार हित को समर्पित : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय कार्यालय में गुरूवार को एनडीए की बैठक हुई, जिसमें रांची लोकसभा सीट से जीत की रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्यरूप से आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ मौजूद थे। इनके आलावा रांची लोकसभा अंतर्गत कांके, हटिया, रांची और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों ने शामिल हुए। बैठक के बाद आजसू नेता सुदेश महतो ने कहा कि क्षेत्रीय शक्ति और राष्ट्रीय सोच के साथ बेहतर समन्वय बनाकर लोकसभा चुनावों में बड़े परिणाम देने की ओर एनडीए मजबूती से आगे बढ़ रहा है। रांची समेत राज्य की सभी




14 लोकसभा सीटों पर आपसी समझदारी और साझेदारी से हमारे सभी कार्यकर्ता एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। सुदेश महतो ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के विकास और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरफ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ 247 काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी हैं, तो दूसरी तरफ नेतृत्वविहीन इंडी गठबंधन है। हमारा गठबंधन राष्ट्रहित को समर्पित है और उनका गठबंधन अपने परिवार के हित तथा स्वार्थ को समर्पित है। रांची लोकसभा से हमारी जीत सुनिश्चित है। हमें अपने जीत के अंतर को बड़ा करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। पार्टी के कार्यकर्ता ही इस चुनाव में जीत के मजबूत आधार हैं। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। हम आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# पृष्ठ एक के शेष

**छात्रों को क्लास के लिए प्रेरित...**

विचार करते हुए कार्य करने की जरूरत है। साथ ही नियमित कक्षा संचालित करते हुए बच्चों को महाविद्यालय से जुड़े रहने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि प्रो धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी कार्मिक एनएएसी कराने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें अपने अपने कार्य को जिम्मेवारी से करने की जरूरत है जिससे हम सभी कार्मिक एनएएसी कराने में सफल हो सके। मौके पर उपस्थित प्रो. डॉ. अरुण कुमार तिवारी, प्रो. सुषमा कुमारी , प्रो. अंजनी नंदन पाठक , प्रो. प्रांजलि कुमारी, प्रो. सिम्पी गुप्ता,प्रो. कुसुम शर्मा, प्रो. अनुभा बरवा, प्रो. अमर नाथ गुप्ता , प्रो. अनमोल राज, प्रो. रामजन्म पाण्डेय, प्रो. अर्चना कुमारी, प्रो. सबिता पाण्डेय, प्रो. कमला कुमारी, प्रो. सरिता कुमारी, प्रो. वसीम अकरम , प्रधान सहायक प्रशांत सिंह अकेला,रामप्रवेश पाण्डेय, राहुल रजक, लड्डू रजक, अर्जुन राम, सौरभ राज ,पुष्पा कुमारी,सरजू राम, नीतीश पाण्डेय, अनिल यादव, संतु राम,रवि शंकर रजक सहित सभी कार्मिक मौजूद थे।

**तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पिता-पुत्र...**

भागने में सफल रहा। इस संबंध में चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। शवो को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है । परिजनों द्वारा नामजद ट्रैक्टर मालिक और दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर की आवेदन प्राप्त हुए है। जिसे जब्त कर चिनिया थाना लाया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उधर शादी का समारोह मातम में बदल गया। परिवार वालों का रो-रो कर हालत खराब है।

**हर सिग्नेचर पर होगी वसूली तो...**

हत्या तक हो रही है। दुख की बात है कि पिछले साढ़े चार से यहां नया जंगल राज शुरू हो गया है, ये हालात बदलनी चाहिए। यहां के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य और देश के लिए वोट करना चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जाने जाने वाले झारखंड में आदिवासियों-दलितों पर अत्याचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हमें जंगल राज वाला नहीं, बल्कि एक बेहतर झारखंड चाहिए। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़ों का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि यहां आर्थिक और राजनीतिक वजहों से पूरे देश में सबसे ज्यादा हत्याएं होती हैं। वर्ष 2022 में इस राज्य में इन दोनों वजहों से 795 लोगों की हत्या हुई।

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण...**

इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देना होगा। बिजली पानी तो हमारी जरूरत है ही, बेहतर अस्पताल पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

**झारखंड से हम कोई भेदभाव नहीं करते :** झारखंड के साथ सौताला व्यवहार के आरोप पर कहा, मैं आंकड़ों से बताना चाहती हूं कि मोदी सरकार ने झारखंड के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 7 हजार करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया है। यूपीए सरकार ने सिर्फ 495 करोड़ का प्रावधान रखा था।

**केंद्र ने तीन वंदे भारत ट्रेनें चलाईं :** मोदी सरकार ने झारखंड के लिए 3 वंदे भारत ट्रेन चलायी है। इसके अलावा राज्य के 57 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के तहत सूचीबद्ध किया है, जिसका कार्य जारी है। कई आरओबी व रेललाइन विस्तार का काम चल रहा है।

**पलायन से संताल की डेमोग्राफी बदल गई :** पलायन को झारखंड की गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि संताल परगना, साहिबगंज और गोड्डा से पिछले साढ़े चार वर्षों में इस कदर पलायन हुआ कि वहां की डेमोग्राफी ही बदल गई। युवा अवसरों की कमी की वजह से लगातार पलायन कर रहे हैं।

**4 जून के बाद केंद्र में बनेगी इंडी...**

की खनिज संपदा को लूट कर बाकी राज्यों को समृद्ध बनाने का काम किया। खनिज पदार्थों के मामले में सबसे समृद्ध इस राज्य के नागरिकों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सोरेन ने कहा कि हमने बढ़ती उम्र की वजह से खेती-मजदूरी करने में अक्षम लाखों लोगों को पेंशन से जोड़ा। डबल इंजन वाली पिछली सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द किए थे, पांच हजार से ज्यादा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया गया था, ताकि हमारे बच्चे ना पढ़ सकें। हमने 25 लाख लोगों को राशन कार्ड दिया, छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई, नौ लाख बेटियों को सावित्रीबाई फुले योजना से जोड़ा तथा सरकारी खर्च पर गरीबों के बच्चों को विदेश भेजा, ताकि शिक्षा के माध्यम से, हमारी अगली पीढ़ी अपना एवं अपने परिवार का बेहतर भविष्य बना सके।

**प्रधानमंत्री कल, अमित शाह और...**

संबोधित करेंगे। इसके बाद गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के नामांकन में मौजूद रहेंगे। पर्चा दाखिल करने के बाद वे रोड शो करेंगे, फिर चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा के स्टार प्रचारक में शामिल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी 10 मई को झारखंड आयेंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान कुरडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा और दो बजे गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

**आज पांच भाजपा के तीन व झामुमो के दो प्रत्याशी करेंगे नामांकन :** अक्षय तृतीया के विशेष मुहूर्त पर झामुमो और भाजपा के पांच उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे। गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. निशिकांत दुबे, दुमका से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन, राजमहल सीट से भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन नामांकन करेंगे।

# लोकसभा चुनाव: छठे चरण में नाम वापसी के बाद चार सीटों पर 93 प्रत्याशी मैदान में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में छठे चरण के लिए नाम वापसी के बाद चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में अब 93 उम्मीदवार रह गए हैं। यह जानकारी उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा.नेहा अरोड़ा ने दी।

निर्वाचन सदन धुर्वा में आज एक प्रेस वार्ता में डा. नेहा अरोड़ा ने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से गुरुवार को दो लोगों ने अपना नाम वापस लिया। इस तरह यहां अब 16 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी किसी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1 उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया है। यहां अब 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन भी दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन नहीं किया है। राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब तक तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी अभी तक 3 लोगों ने उम्मीदवारी का पर्चा भरा है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा 1 अरब, 13 करोड़ 69 लाख तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक होम वोटिंग के तहत 911 लोगों ने मतदान किया है। आवश्यक सेवा से जुड़े 211 अब्सेंट वोटरों ने अपना वोट दिया है। वहीं निर्वाचन कार्य में जुटे 2,05,525 वोटरों में से 19557 लोग पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कर चुके हैं।






## चिराग के हेलीकॉप्टर का चक्का मिट्टी में धंसा, बड़ा हादसा टला



**समस्तीपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान गुरुवार को बाल-बाल बच गए। उनके हेलीकॉप्टर का चक्का उतरने के क्रम में मिट्टी में धंस गया। इस दुर्घटना में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई। चिराग पासवान पूरी तरह सुरक्षित हैं। दरअसल, चिराग पासवान गुरुवार को उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने मोहद्दीनगर पहुंचे थे। हेलीपैड पर उतरते हुए हेलीकॉप्टर का चक्का मिट्टी में जा घुसा, जिसके कारण हेलीकॉप्टर अनियंत्रित हो गया। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ से काम लिया, जिसके बाद सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। लोजपा (रामविलास) के मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद अशरफ ने बताया कि इसके बाद चिराग ने चुनावी सभा को संबोधित किया और फिर यहां से लौट गए। इस घटना में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है।

# सपा आतंकवादियों की हिमायती : नड्डा

## ■ इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं, या फिर बेल पर

**एजेंसी। फतेहपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को फतेहपुर में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की असलियत यह है कि जो लोग गोरखपुर बम कांड में शामिल थे, वाराणसी बम कांड में शामिल थे, लखनऊ बम कांड में शामिल थे। इन सभी की सजा माफ करने के लिए अखिलेश यादव ने अर्जी डाली थी। ये आतंकवादियों के हिमायती हैं और खासमखास हैं। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। ये भ्रष्टाचारियों का टोला है। ये सिर्फ जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटकर वोटबैंक की राजनीति करते हैं और अब तो ये चमड़ी के रंग के नाम पर देश को बांटने में लगे हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इंडी अलायंस सिर्फ दो बातों का गठबंधन है। पहला- ये सभी परिवारवादी पार्टियां हैं और अपने परिवार को बचाने में लगी हैं। इनको जनता से कोई लेना-देना नहीं है। दूसरा- ये सभी भ्रष्टाचारी पार्टियां हैं और ये अपने भ्रष्टाचार



को बचाने में जुटे हैं। पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो घर ही मिलते थे। आज मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए हैं और अगले 5 साल में 3 करोड़ घर और बनेंगे। यही नहीं, आने वाले समय में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सबको बिजली मुफ्त में मिलेगी। मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, शोषित, दलित, वंचित, आदिवासी, किसान, युवा, महिला सबको ताकत मिली है। ये मोदी जी की सही नीतियों के कारण संभव हो पाया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल आए हैं।

ये बदलता भारत है। पहले यहां बम बनाने की फैक्ट्री थी, तमंचे बनते थे, गुंडागर्दी होती थी। व्यापारी पलायन करते थे। हमारी बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं।

मोदी और योगी जीके नेतृत्व में हमारी बहू-बेटियां इज्जत के साथ सब जगह जा रही हैं। विकास के नए-नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। 10 साल पहले मोबाइल पर लिखा होता था- मेड इन चाइना, मेड इन जापान, मेड इन ताइवान, मेड इन कोरिया और आज मोबाइल पर लिखा रहता है- मेड इन इंडिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। आने वाले समय में मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत, दुनिया में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में नंबर दो पर है और 97 प्रतिशत मोबाइल आज भारत में बन रहा है। इस देश में ट्यूबरक्लोसिस की दवा आने में 28 साल लग गए, टिटनेस की दवा को आने में 30 साल लग गए,

डिप्थीरिया की दवा में 25-30 साल लग गए,जापानी बुखार की दवा आने में 100 साल लग गए,आज भारत दवाई बनाने में दुनिया में दूसरे नंबर पर खड़ा है। सबसे सस्ती और असरदार दवा भारत बना रहा है। जब दुनिया की आर्थिक अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है, वही मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से 5वें नंबर की दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि इतनी गर्मी के बावजूद जो आपमें ऊर्जा और उत्साह देख रहा हूं, इससे यह साफ स्पष्ट हो गया है कि आपने साध्वी निरंजन ज्योति को लोकसभा में भेजने का मन बना लिया है।

### भाजपा के नेता परिवार के लोगों को टिकट क्यों दे रहे हैं : अखिलेश



**बहराइच।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बहराइच में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पर इस बार ताला लगने जा रहा है। जनता ने इस बार भाजपा को हराने का मन बना लिया है। भाजपा नेताओं की ओर से सपा पर राम और राम मंदिर पर गलत बयानी करने के आरोपों पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे भगवान तो आप हो और खुशी की बात है कि अब मीडिया संस्थान ने भाजपा का गाना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी परिवार बहुत बड़ा है और जिनके परिवार ही नहीं हैं, वो इसकी अहमियत क्या जानें। किसने रोका है परिवार को टिकट देने से। अगर परिवार खराब है तो फिर भाजपा के नेता परिवार के लोगों को टिकट क्यों दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बसपा अपने ही लोगों को निकाल रही है। हम भाजपा और बसपा के लोगों से अपील करते हैं कि वो भी इंडिया गठबंधन को वोट करें। मैं देख रहा हूं जो 400 पार का नारा दे रहे थे, आज जनता के बीच उनके खिलाफ जो नाराजगी है और जिस तरह से करोड़ों लोगों ने वोट डालकर भाजपा को संदेश दिया है, अब वो 400 पार का नारा भूल गए हैं।

## मैदान-ए-जंग



मंडी से कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप भट्टाचार्य ने गुरुवार को कोलकाता में लोस चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



अभिनेता पवन सिंह ने गुरुवार को बिहार के काराकाट से बतौर निर्दलीय नामांकन का पर्चा दाखिल किया। दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है।

## जेडीयू नेता रंजन यादव राजद में शामिल

**एजेंसी। पटना**

जनता दल यूनाइटेड के नेता और पूर्व सांसद रंजन यादव गुरुवार को राजद में शामिल हो गए। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने यादव को पार्टी की सदस्यता दिलाई और स्वागत किया। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद रंजन यादव ने लालू प्रसाद यादव की जमकर तारीफ की और कहा कि उनकी डिमांड लोकसभा चुनाव में हर राज्य में होती थी। पूर्व सांसद रंजन यादव ने कहा देश के चार-चार प्रधानमंत्री के साथ लालू प्रसाद यादव ने काम किया है। वह सभी प्रधानमंत्री लालू प्रसाद यादव को अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बुलाते थे। उन्होंने कहा कि



बिहार में लालटेन की लहर चल रही है। राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी मंच से फालतू की बातें करते हैं। इस दौरान राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठ बोलने की मशीन बताते हुए कहा कि अगर किसी मंच पर प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान झूठ पकड़ने वाली मशीन लगा दी जाए तो वह भी खराब हो जाएगी।

## 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि 4 जून को उनकी यानी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। राहुल गांधी का कहना है कि देश में फिलहाल बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर वह 15 अगस्त तक 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। उन्होंने गुरुवार को देश के युवाओं के नाम एक वीडियो संदेश में यह बातें कही। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथ से चुनाव निकल रहा है, वे स्लीप कर रहे हैं और वह हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) निर्णय ले लिया



है कि अगले चार-पांच दिनों में आपके ध्यान को भटकाना है। इसके लिए कुछ न कुछ करना है, लेकिन, आपका ध्यान भटकना नहीं चाहिए। बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन, झूठ बोला, नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। राहुल गांधी ने कहा, 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो। राहुल ने कहा कि हम भर्ती भरोसा स्कीम ला रहे हैं।

### हमारी सरकार आई तो किसान कर्जमाफी के लिए बनेगा स्थायी आयोग : प्रियंका गांधी

**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक चुनावी जनसभा में कहा कि अगर केंद्र में हमारी सरकार बनी तो किसानों के कर्जमाफी के लिए स्थायी आयोग का गठन करेंगे। खेती से जुड़े सभी उपकरण जीएसटी से मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि हमने जो वादे कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में किए थे वो पूरे किए, ये वादे भी पूरे करेंगे। प्रियंका ने रायबरेली से प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में गुरुवार को चुनावी जनसभा में कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने कहा था कि किसानों का कर्ज माफ करेंगे तो माफ किया। कर्नाटक में हमने कहा था कि महिलाओं के खाते में 2000 डालेंगे, आज डाल रहे हैं। जहां-जहां हमारी सरकार है, हमने वादे पूरे किए हैं।

## लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए बंगाल में बढ़ेगी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। इन क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि चौथे चरण के लिए सीएपीएफ की कुल 578 कंपनियां तैनात की जाएंगी जो तीसरे चरण (जिसमें चार सीटों पर मतदान हुआ था) के 406 के आंकड़े की तुलना में काफी अधिक है। सीईओ कार्यालय के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, "चौथे चरण के मतदान के समय पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कुल 596 कंपनियां तैनात की जाएंगी। इनमें से 578 कंपनियों को चुनाव ड्यूटी पर होंगी, जबकि बाकी को रिजर्व में रखा जाएगा। इन 578 कंपनियों में से 430 को मतदान केंद्रों पर तैनात किया जाएगा जबकि शेष 148 कंपनियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के गठन के लिए रखा जाएगा।"
चौथे चरण में जिन आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान -दुगार्पुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम शामिल हैं।

## विपक्ष चाहता है हिंदुओं को विभाजित करके भारत को गुलामी की तरफ धकेला जाए : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भारत में घटती हिंदुओं की आबादी को लेकर विपक्षी दलों को जमकर खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ यही चाहता है कि हिंदुओं को विभाजित किया जाए और भारत को फिर गुलामी की तरफ धकेला जाए।
उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आईएएनएस के भारत में घटती हिंदुओं की आबादी को लेकर सवाल पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आजादी के बाद से देश में बेरोजगारी और महंगाई हमेशा से मुद्दा रहा है। इस पर बात भी होती रहती है। लेकिन, क्या भारत का स्वाभिमान और गौरव मुद्दा नहीं है, भारत का अस्तित्व और अस्मिता मुद्दा नहीं है? जहां तक हिंदू और मुसलमानों का सवाल है। इतिहास गवाह है कि भारत के अंदर अगर हिंदुओं में एकता होती, हिंदू एक होता, तो, देश में 800 साल तक मुगलों की हुकूमत नहीं होती। इस देश पर अफगान, मुगल राज नहीं कर पाते।

विपक्ष पर बरसते हुए उन्होंने आगे कहा कि हिंदुओं में जो फूट थी, उसी का फायदा उठाकर मुगलों



ने राज किया। विपक्ष चाहता है कि हिंदुस्तान एक बार फिर गुलाम बन जाए। इसलिए, वो कहते हैं कि भारत का स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव बेकार की बातें हैं। यह महाराणा प्रताप का देश है, आज उनकी जयंती है। उन्होंने घास की रोटी खाना पसंद की। लेकिन, अकबर के सामने सिर झुकाना पसंद नहीं किया। यह देश छत्रपति शिवाजी महाराज का है, उन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। लेकिन, औरंगजेब के सामने सजदा नहीं किया। गुरु गोबिंद सिंह के बच्चों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया। लेकिन, उन्होंने सनातन पर समझौता नहीं किया। तो, क्या सनातन, भारत का गौरव और स्वाभिमान मुद्दा नहीं है। विपक्ष सिर्फ यही चाहता है कि हिंदुओं को विभाजित किया जाए और भारत को फिर गुलामी की तरफ धकेल दिया जाए।

दरअसल, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में साल 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत कम हो गई है। जबकि, इन्हीं वर्षों के दौरान देश में मुस्लिमों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के भारत में वापस लाने के सवाल पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 को हटाना बेहद जरूरी था और 370 को हटाया जा सकता है, यह एक सपना जैसा था। कोई यकीन नहीं करता था कि एक दिन ऐसा आएगा, जब कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया जाएगा। कोई यकीन नहीं करता था कि कश्मीर की वादियों में भारत के हर कोने से लोग जाएंगे। कोई यकीन नहीं करता था कि कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के बाद नौजवान खुश होंगे। आज कश्मीर में खुशहाली है। आज ऐसा लगता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

# 23 देशों के 75 प्रतिनिधियों ने 6 राज्यों में मतदान प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगुंतक कार्यक्रम (आईईवीपी) के तहत 23 देशों के 75 प्रतिनिधियों ने भारत के छह राज्यों में मतदान प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता की सराहना की। साथ ही चुनाव आयोग की हरित मतदान केंद्रों जैसी पहल को प्रेरणादायक बताया। अतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने 4 से 9 मई तक जिन राज्यों का दौरा किया उनमें कर्नाटक, गोवा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं।
चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि प्रतिनिधियों ने ईवीएम-वीवीपीएटी के रैंडमाइजेशन सहित चुनावों में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग की भी सराहना की। कुछ प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि वे लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के प्रति भारतीय मतदाताओं की अटूट आस्था और प्रतिबद्धता से विशेष रूप से प्रभावित हैं। आयोग ने कहा कि कुल मिलाकर, इन देशों




के चुनाव प्रबंधन निकायों के दौरे पर आए सदस्यों के बीच इस बात पर सर्वसम्मति थी कि भारत में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, समावेशी और सुलभ थी और यहां एक उत्सव माहौल है। आयोग ने बताया कि कंबोडिया, ट्यूनीशिया, मोल्दोवा, सेशेल्स और नेपाल के प्रतिनिधियों ने कर्नाटक में बेलगाम संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और मतदान केंद्र के अंदर मतदान अधिकारियों और पीठासीन अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने मॉक पोल को देखा, कमांड कंट्रोल सेंटर, मीडिया निगरानी सुविधाओं का भी दौरा किया। भूटान, मंगोलिया के प्रतिनिधियों और इजराइल की एक मीडिया टीम ने गोवा के दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित व्यवस्थाएं देखीं। प्रतिनिधियों ने चुनाव के संचालन में मतदान केंद्र के अंदर राजनीतिक दलों, मीडिया, उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने में पारदर्शिता की सराहना की। साथ ही ईवीएम-वीवीपैट के रैंडमाइजेशन के लिए सॉफ्टवेयर के उपयोग को भी सराहा गया।
श्रीलंका और फिलीपींस के प्रतिनिधियों की 11 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय टीम ने भोपाल, विदिशा, सीहोर और रायसेन निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का दौरा किया। मतदाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भारतीय नागरिकों के उत्साह और सक्रिय भागीदारी को देखा। चिली, जॉर्जिया, मालदीव, नामीबिया, पापुआ न्यू गिनी और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधियों ने 7 मई को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी और आगरा संसदीय क्षेत्र में मतदान देखा। प्रतिनिधियों में इस बात पर सर्वसम्मति थी कि भारत में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, समावेशी और सुलभ थी।
फिजी, ऑस्ट्रेलिया, रूस, मेडागास्कर, किर्गिज गणराज्य के प्रतिनिधियों ने अहमदाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व-मतदान व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया देखी। प्रतिनिधिमंडल डबल लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग रूम और ईवीएम की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सशस्त्र पुलिस कर्मियों की तैनाती से प्रभावित हुआ। बांग्लादेश, श्रीलंका, कजाकिस्तान और जिम्बाब्वे के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और चुनाव पूर्व व्यवस्था, मतदान दलों के फैलाव और अन्य साजो-सामान को देखा। प्रतिनिधि मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता उपायों से प्रभावित हुए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com